


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़



/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran



12 वनतारा की तर्ज पर गंव्द्धरुग्राम में भी बनेगी जंगल सफारी.........

अंबानी ने संभाली अमेरिका को ग्रेट अगेन बनाने की कमान 10



वर्ष : 16 | अंक : 64 | नई दिल्ली, मंगलवार, 08 जुलाई, 2025 | विक्रम संवत् 2082 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03 .00 | www.pratahkiran.com


# भारत का लक्ष्य 2047 तक मक्का उत्पादन दोगुना कर 8.6 करोड़ टन करना हैः कृषि मंत्री

**नई दिल्ली, एजेंसी**

नई दिल्ली। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को कहा कि भारत 2047 तक अपने मक्का उत्पादन को मौजूदा 4.23 करोड़ टन से दोगुना करके 8.6 करोड़ टन तक पहुंचा सकता है। उद्योग मंडल फिक्की द्वारा आयोजित 11वें मक्का सम्मेलन में चौहान ने कहा कि दुनिया के पांचवें सबसे बड़े मक्का उत्पादक को आनुवंशिक रूप से संशोधित बीजों का उपयोग किए बिना उत्पादकता बढ़ाने की जरूरत है। चौहान ने कहा, ह्यह्यहम आनुवंशिक रूप से संशोधित बीजों का इस्तेमाल नहीं करते हैं, लेकिन फिर भी हम उत्पादकता के स्तर को बढ़ा सकते हैं।" उन्होंने कहा कि भारत की औसत मक्का उत्पादकता 3.7 टन प्रति हेक्टेयर है, पश्चिम बंगाल और बिहार जैसे कुछ राज्य राष्ट्रीय औसत से बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन कुल मिलाकर पैदावार बढ़ाने की जरूरत है। मंत्री ने बताया कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) ने मक्का की 265 किस्में विकसित की हैं। इनमें 77 हाइब्रिड और 35 जैव-फोर्टिफाइड किस्में हैं, लेकिन अभी और काम करने की जरूरत है। चौहान ने कहा, ह्यह्यमक्के में स्टार्च का स्तर बढ़ाने की जरूरत है। हमें इसे मौजूदा 65-70 प्रतिशत से बढ़ाकर 72 प्रतिशत करने की जरूरत है ताकि मक्के का



बेहतर तरीके से इस्तेमाल किया जा सके।" भारत का मक्का उत्पादन 1900 के दशक के एक करोड़ टन से बढ़कर वर्तमान में 4.23 करोड़ टन हो गया है। उन्होंने कहा कि पंजाब और हरियाणा जैसे राज्य जो धान की खेती पर ध्यान केंद्रित करते हैं.. उन्हें उत्पादन बढ़ाने के लिए मक्का की खेती में विविधता लानी चाहिए। चौहान ने कहा कि मक्का की कीमतें जो 2,400 रुपये प्रति क्विंटल के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से कम थींढ्ढ वह सरकार के 2025-26 तक 20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रण लक्ष्य के बाद मजबूत हुई हैं। मंत्री ने घटिया बीज, उर्वरक और कीटनाशकों की बिक्री पर चिंता व्यक्त की तथा ऐसे आपूर्तिकताओं एवं विनिमार्ताओं के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए नीतिगत रूपरेखा बनाने का आह्वान किया। 'पोल्ट्री' उद्योग के प्रतिनिधियों के मक्का के चारे की बढ़ती कीमतों के बारे में चिंता जाहिर करने के मुद्दे पर चौहान ने कहा, ह्यह्यमैंने उनसे कहा कि किसानों को कीमत मिलने दीजिए और हम आपके मुद्दे को दूसरे तरीके से सुलझा लेंगे। उत्पादन में और वृद्धि होनी चाहिए।" कॉर्टेवा एग्रीसाइंस के अध्यक्ष (दक्षिण एशिया) और फिक्की की कृषि समिति के सह-अध्यक्ष सुब्रतो गीद ने कहा कि मांग-आपूर्ति के अंतर को पाटने के लिए सहयोगात्मक प्रयासों और नवाचार की आवश्यकता है।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 32.0°C
न्यूनतम तापमान 23.0°C

**बाजार**

सोना 80,405

चांदी 1,1000

सेंसेक्स 80,220

निफ्टी 24,472

# शांति का समय कुछ और नहीं बल्कि 'भ्रम' हैः राजनाथ

**नई दिल्ली, एजेंसी**




नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान सशस्त्र बलों द्वारा दिखाए गए पराक्रम की सराहना करते हुए कहा कि शांति का समय एक "भ्रम" के अलावा कुछ नहीं है और भारत को अपेक्षाकृत शांत अवधि के दौरान भी अनिश्चितता के लिए तैयार रहना चाहिए। सिंह ने एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अभियान में स्वदेश निर्मित उपकरणों और प्रणालियों के प्रदर्शन से भारत निर्मित सैन्य उत्पादों की वैश्विक मांग बढ़ी है। उन्होंने कहा, "विश्व हमारे रक्षा क्षेत्र को नए सम्मान की दृष्टि से देख रहा है। वित्तीय प्रक्रियाओं में एक भी देरी या त्रुटि अभियानगत तैयारियों को सीधे प्रभावित कर सकती है।" सिंह ने कहा, "अधिकतर उपकरण जो हम पहले आयात करते थे, अब भारत में बनाए जा रहे हैं। हमारे सुधार उच्चतम स्तर पर स्पष्ट दृष्टिकोण और प्रतिबद्धता के कारण सफल हो रहे हैं।" रक्षा मंत्री रक्षा लेखा विभाग (डीएडी) के नियंत्रकों के सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने रक्षा विभाग से रक्षा में निजी क्षेत्र की बढ़ती भागीदारी के साथ तालमेल बिठाते हुए "नियंत्रक" से "सुविधाकर्ता" बनने का आह्वान किया। व्यापक भू-राजनीतिक स्थिति पर प्रकाश डालते हुए रक्षा मंत्री ने 'स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टिट्यूट' के विश्लेषण का हवाला दिया, जिसमें कहा गया है कि 2024 में वैश्विक सैन्य व्यय 2.7 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर तक पहुंचा। उन्होंने कहा कि इससे भारत के स्वदेशी रक्षा उद्योगों के लिए अपार अवसर खुलेंगे। रक्षा मंत्री ने रक्षा विभाग के नए आदर्श वाक्य "सतर्क, सक्रिय, अनुकूल" की प्रशंसा की तथा कहा कि ये महज शब्द नहीं हैं, बल्कि आज के तेजी से विकसित हो रहे रक्षा परिवेश में आवश्यक कार्य संस्कृति का प्रतिबिंब हैं। उन्होंने अधिकारियों से आग्रह किया कि वे केवल बाहरी 'ऑडिट' या सलाहकारों पर निर्भर रहने के बजाय आत्मावलोकन के माध्यम से आंतरिक सुधार करें। सिंह ने कहा कि आंतरिक मूल्यांकन के माध्यम से किए गए सुधार जीवंत संगठन बनाते हैं और ये सुधार अधिक बेहतर होते हैं, जिनमें कम बाधाएँ होती हैं। उन्होंने कहा, "शांति का समय एक भ्रम के अलावा कुछ नहीं है। अपेक्षाकृत शांत अवधि के दौरान भी हमें अनिश्चितता के लिए तैयार रहना चाहिए। अचानक होने वाले घटनाक्रम हमारी वित्तीय और अभियानगत स्थिति में पूर्ण बदलाव ला सकते हैं।" रक्षा मंत्री ने कहा, "चाहे उपकरण उत्पादन बढ़ाना हो या वित्तीय प्रक्रियाओं को अनुकूलित करना हो, हमें हर समय नवीन तकनीकों और प्रणालियों के साथ तैयार रहना चाहिए।" उन्होंने डीएडी से कहा कि वह इस मानसिकता को अपनी योजना, बजट और निर्णय लेने की प्रणालियों में शामिल करे। रक्षा क्षेत्र के बढ़ते सामरिक और आर्थिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए सिंह ने रक्षा व्यय को महज व्यय मानने की धारणा को बदलने से लेकर गुणक प्रभाव वाले आर्थिक निवेश के रूप में बदलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, "हाल तक रक्षा बजट को राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था का हिस्सा नहीं माना जाता था। आज वे विकास के वाहक हैं।" रक्षा मंत्री ने रक्षा विभाग से आग्रह किया कि वह अपनी योजना और आकलन में रक्षा अर्थशास्त्र को शामिल करे, जिसमें अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं और दोहरे उपयोग वाली प्रौद्योगिकियों का सामाजिक प्रभाव विश्लेषण भी शामिल हो।

# 26 को मालदीव जा सकते हैं पीएम मोदी, स्वतंत्रता दिवस समारोह के बनेंगे मुख्य अतिथि

**नई दिल्ली, एजेंसी**

नई दिल्ली। पीएम नरेंद्र मोदी 26 जुलाई को मालदीव जा सकते हैं। यह नवंबर 2023 में राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के पदभार संभालने के बाद से मालदीव की उनकी पहली यात्रा होगी। पीएम मोदी के मालदीव के स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने की संभावना है। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने पिछले साल 2024 में पीएम मोदी को इस अवसर के लिए आमंत्रित किया था, जिसे हाल ही में मालदीव के विदेश मंत्री अब्दुल्ला खलील ने अपनी भारत यात्रा के दौरान दोहराया। यह संभावित यात्रा भारत और मालदीव के बीच संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम साबित होगी। बता दें मुइज्जू की इंडिया आउट नीति और भारतीय सैन्य कर्मियों की वापसी की मांग के कारण मालदीव और भारत के बीच कुछ समय तक तनाव रहा था। हालांकि हाल के महीनों में मालदीव ने भारत के साथ अपने संबंधों को बेहतर करने की दिशा में कई कदम उठाए हैं। मुइज्जू ने पिछले साल अक्टूबर में भारत की यात्रा की थी, जहां दोनों देशों ने द्विपक्षीय संबंधों को व्यापक आर्थिक और समुद्री सुरक्षा साझेदारी में बदलने पर सहमति जताई थी। भारत ने मालदीव की वित्तीय चुनौतियों से निपटने के लिए 30 बिलियन रुपए और 400 मिलियन डॉलर की द्विपक्षीय मुद्रा स्वैप समझौते के तहत सहायता प्रदान करने का भी फैसला लिया था। मालदीव हर साल 26 जुलाई को अपना स्वतंत्रता दिवस मनाता है, जो 1965 में ब्रिटिश शासन से स्वतंत्रता प्राप्त करने की याद दिलाता है। इस दिन रंगारंग परेड, राष्ट्रीय कैडेट कोर और राष्ट्रीय सुरक्षा सेवा की प्रस्तुतियां, स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रदर्शन और झंडा फहराया जाता है। यह आयोजन मालदीव की राजधानी माले में होता है। 2025 में यह मालदीव का 60वां स्वतंत्रता दिवस होगा, जिसे और भी खास बनाने के लिए भारत के पीएम मोदी की उपस्थिति को अहम माना जा रहा है। बता दें कि 2025 में भारत और मालदीव के राजनयिक संबंधों की भी 60वीं वर्षगांठ है। मालदीव हिंद महासागर क्षेत्र में भारत का एक अहम रणनीतिक साझेदार है। इस संभावित यात्रा के दौरान पीएम मोदी भारत द्वारा समर्थित परियोजनाओं का उद्घाटन कर सकते हैं, जिसमें ग्रेटर माले कनेक्टिविटी परियोजना शामिल है।

## संक्षिप्त खबरें

### रियो डिक्लेरेशनः वैश्विक दक्षिण सहयोग की मजबूती और विश्व व्यवस्था में बदलाव पर जोर

नई दिल्ली। ब्राजील में रविवार को हुए ब्रिक्स प्लस सम्मेलन में अपनाए गए 'रियो डिक्लेरेशन' में विकासशील देशों के बीच सहयोग बढ़ाने, वैश्विक संस्थानों में सुधार, और समावेशी तथा सतत विकास को बढ़ावा देने पर बल दिया गया है। साथ ही आतंकवाद पर कड़ा रूख अपनाया गया है। सम्मेलन के बाद विदेश मंत्रालय की ओर से साझा घोषणा ह्यरियो डी जनेरियो डिक्लेरेशन झ्र स्ट्रेंग्थनिंग ग्लोबल साउथ कोऑपरेशन फॉर अ मोर इंक्लूसिव एंड सस्टेनेबल गवर्नेंसह्न जारी की गई। इसमें विकासशील देशों के बीच सहयोग और एकजुटता को प्रोत्साहित किया गया है। घोषणा में संयुक्त राष्ट्र, विशेष रूप से सुरक्षा परिषद, आईएमएफ और वर्ल्ड बैंक जैसे संस्थानों में समकालीन भू-राजनीतिक वास्तविकताओं के अनुसार व्यापक सुधार की आवश्यकता पर बल दिया गया है। घोषणा में 2030 सतत विकास एजेंडा के प्रति प्रतिबद्धता को दोहराया गया है तथा समावेशी वृद्धि, गरीबी उन्मूलन और असमानताओं के समाधान की आवश्यकता को रेखांकित किया गया है। घोषणापत्र में जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए साझा लेकिन भिन्न जिम्मेदारियों के सिद्धांत की पुष्टि की गई है।

# बिहार मतदाता सूची पुनरीक्षण के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई 10 जुलाई को

**नई दिल्ली, एजेंसी**

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को निर्वाचन आयोग द्वारा बिहार में कराए जा रहे मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करने की सहमति दे दी। शीर्ष अदालत ने कहा है कि विशेष गहन पुनरीक्षण के खिलाफ दाखिल याचिकाओं पर 10 जुलाई को सुनवाई की जाएगी। याचिकाओं में विशेष गहन पुनरीक्षण पर रोक लगाने और राज्य में मौजूदा मतदाता सूची के आधार पर ही विधानसभा चुनाव कराने की मांग की है। जस्टिस सुधांशु धूलिया और जॉयमाल्या बागची की अवकाशकालीन पीठ ने याचिकाकताओं से कहा कि वे याचिकाओं की प्रति निर्वाचन आयोग को मुहैया कराएं, हम इस पर गुरुवार को विस्तार से सुनवाई करेंगे। इससे पहले, बिहार में एसआईआर कराने के निर्वाचन आयोग के 24 जून के आदेश के खिलाफ याचिका दाखिल करने वालों की ओर से कपिल सिब्बल, अभिषेक मनु सिंघवी और अन्य वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने शीर्ष अदालत से तत्काल इस मामले की सुनवाई करने का आग्रह किया। वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने पीठ से कहा कि आयोग द्वारा विधानसभा चुनाव से ठीक पहले, बिहार में कराए जा रहे मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण पर तत्काल रोक लगाने की जरूरत है क्योंकि इससे राज्य में लाखों लोग अपने मताधिकार से वंचित हो सकते हैं। राजद सांसद मनोज झा की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने शीर्ष अदालत से याचिकाओं पर तत्काल सुनवाई करने और निर्वाचन आयोग को नोटिस जारी करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा तय समय सीमा के भीतर मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण करना असंभव कार्य है क्योंकि नवंबर में चुनाव होने की संभावना है)। एक अन्य याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने पीठ से कहा कि बिहार में लगभज 8 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें से करीब चार करोड़ मतदाताओं को इस प्रक्रिया के तहत अपने दस्तावेज जमा कराने होंगे। सिंघवी ने कहा कि समयसीमा बहुत सख्त है और यदि 25 जुलाई तक आप (मतदाता) दस्तावेज जमा नहीं करते हैं, तो उनका नाम मतदाता सूची से हट सकता है और राज्य में बड़े पैमाने पर लोग मताधिकार से वंचित हो सकते हैं। एक अन्य याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने शीर्ष अदालत से निर्वाचन आयोग के अधिकारी विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दौरान आधार कार्ड और मतदाता पहचान पत्र को दस्तावेज के रूप में स्वीकार नहीं कर रहे हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा बिहार में कराए जा रहे मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण के खिलाफ राज्य में मुख्य विपक्षी दल राजद सांसद मनोज झा के अलावा टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा, गैर सरकारी संगठन एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म्स (एडीआर), राजनीतिक विश्लेषक योगेंद्र यादव सहित कई नेताओं और संगठनों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिकाएं दाखिल की है। याचिकाओं में निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर के लिए 24 जून को जारी आदेश को संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का मौलिक अधिकार), 21 (जीवन और स्वतंत्रता का मौलिक अधिकार), 325 (जाति, धर्म और लिंग के आधार पर किसी भी व्यक्ति को मतदाता सूची से बाहर नहीं रखा जा सकता) और 326 (18 वर्ष की आयु प्राप्त करने वाला भारत का प्रत्येक नागरिक मतदाता के रूप में पंजीकृत होने के योग्य है) का उल्लंघन बताते हुए, इसे रद्द करने की मांग की है। याचिका में कहा गया है कि निर्वाचन आयोग का आदेश संस्थागत रूप से मताधिकार से वंचित करने का एक साधन है ।

# राहुल महागठबंधन के चक्का जाम में हो सकते हैं शामिल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

नई दिल्ली। बिहार में इसी साले होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले निर्वाचन आयोग राज्य में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम चला रहा है। राजद और कांग्रेस समेत कई दल चुनाव आयोग के इस कार्यक्रम का विरोध कर रहे हैं। मतदाता सूची पुनरीक्षण के खिलाफ विपक्ष ने लामबंदी तेज कर दी है। महागठबंधन ने 9 जुलाई को बिहार में चक्का जाम का ऐलान किया है। इसमें लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी शामिल होंगे। रविवार को सदाकत आश्रम में आयोजित प्रेसवार्ता में पार्टी प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि चक्का जाम असरदार रहेगा। महागठबंधन के सभी दल चक्का जाम में शामिल होंगे। इधर कांग्रेस ने एक बार फिर चुनाव आयोग पर षड्यंत्र में शामिल होने का आरोप लगाया है। पार्टी प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कहा है कि आयोग ने कागजात और तस्वीरों को लेकर जो ताजा सूचना दी है, उसकी आवश्यकता मतदाता पुनरीक्षण में नहीं है।कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आयोग ने अब कहा है कि निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी दस्तावेजों के बिना भी सत्यापन पर निर्णय ले सकता है। उन्होंने कहा कि अगर अंतिम निर्णय ईआरओ के विवेक पर छोड़ा गया तो वे मनमानी करेंगे।

सरकार अपने फायदे के लिए दबाव डालकर उनसे नाम हटवा सकती है। उन्होंने कहा कि जब जनवरी में मतदाता सूची का प्रकाशन हो चुका है तो फिर से प्रक्रिया शुरू करना संदेह पैदा करता है। इसलिए आयोग को तुरंत इस निर्णय को वापस लेना चाहिए। प्रेसवार्ता में डॉ. मदन मोहन झा, प्रेमचंद मिश्र, राजेश राठौड़ आदि मौजूद रहे। मतदाता सूची संशोधन को राजद सांसद मनोज झा और तृणमूल सांसद महुआ मोइत्रा ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। मनोज झा ने एसआईआर पर रोक लगाने की मांग की है। एसआइआर के लिए अभी न तो पर्याप्त समय है और न ही दस्तावेज सभी नागरिकों के पास उपलब्ध हैं। कुछ वैध दस्तावेजों (आधार-कार्ड, राशन-कार्ड, मनरेगा जाब-कार्ड आदि) को स्वीकार नहीं करने पर भी उन्होंने आपत्ति जताई है। मोइत्रा ने कहा कि हम चुनाव आयोग के इस कदम के खिलाफ हैं। इन नियमों बार-बार नागरिकता साबित करनी होगी। बिहार चुनाव से पहले लाए गए निर्वाचन आयोग के नए संशोधन नियमों का मुख्य लक्ष्य 2026 का बंगाल चुनाव है। नए फैसले से प्रवासी श्रमिकों को परेशानी होगी।

**बड़ी मात्रा में नकदी** | **वास्तव में हैं भी। दुनिया हमें एक परिपक्व लोकतंत्र के रूप में देखती है.............**

# न्यायाधीश के आवास पर बड़ी मात्रा में नकदी मिलना आपराधिक कृत्य, कार्रवाई जरूरीः धनखड़

**कोच्चि/नई दिल्ली,, एजेंसी**




कोच्चि/नई दिल्ली। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश के घर से बड़ी मात्रा में नकदी मिलने के मामले में अब तक प्राथमिकी दर्ज नहीं किये जाने का मुद्दा उठाते हुए कहा है कि किसी न्यायाधीश के विरूद्ध संवैधानिक प्रावधानों के तहत कार्रवाई करना एक विकल्प हो सकता है लेकिन इसे समाधान नहीं कहा जा सकता। उन्होंने कहा है कि यह आपराधिक कृत्य है और इस तरह के मामलों में कार्रवाई किया जाना जरूरी है। श्री धनखड़ ने सोमवार को राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, कोच्चि में छात्रों और संकाय सदस्यों के साथ संवाद के दौरान कहा, संवैधानिक प्रावधानों के तहत किसी न्यायाधीश के विरुद्ध कार्रवाई करना एक विकल्प हो सकता है, लेकिन यह समाधान नहीं है। हम लोकतंत्र होने का दावा करते हैं और वास्तव में हैं भी। दुनिया हमें एक परिपक्व लोकतंत्र के रूप में देखती है,जहाँ कानून का शासन और कानून के समक्ष समानता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इसका तात्पर्य यह है कि हर अपराध की जांच होनी चाहिए। उन्होंने इस मामले से संबंधित न्यायाधीश का नाम लिए बिना कहा कि यदि धनराशि इतनी अधिक है तो कई सवाल उठते हैं जिनका पता लगाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, यह जानना आवश्यक है कि क्या यह काला धन है ? इसका स्रोत क्या है ? यह किसी न्यायाधीश के सरकारी आवास में कैसे पहुंचा? यह धन किसका है? इस घटनाक्रम में कई दंडात्मक प्रावधानों के उल्लंघन का उल्लेख करते हुए उन्होंने उम्मीद जतायी कि इस मामले में प्राथमिकी दर्ज की जायेगी। उन्होंने कहा, मुझे आशा है कि एफआईआर दर्ज की जाएगी। हमें इस मुद्दे की जड़ तक जाना होगा, क्योंकि लोकतंत्र में यह महत्वपूर्ण है। हमारी न्यायपालिका, जिस पर लोगों का विश्वास अडिग है, आज इस घटना के कारण उसकी नींव डगमगा गई है। यह गढ़ हिल गया है। उप राष्ट्रपति ने शेक्सपियर के प्रसिद्ध नाटक जूलियस सीजर का उल्लेख करते हुए कहा, कैसे एक ज्योतिषी ने सीजर को उनकी मृत्यु के प्रति चेताया था।

जब सीजर ने कहा आइड्स ऑफ मार्च यानी 15 मार्च आ गया है तो ज्योतिषी ने उत्तर दिया हां, लेकिन गया नहीं और उसी दिन सीजर की हत्या हो गई। इसी तरह हमारी न्यायपालिका के लिए 14-15 मार्च की रात एक दुर्भाग्यपूर्ण समय रहा। उन्होंने कहा कि एक उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के आधिकारिक आवास से भारी मात्रा में नकदी मिली। यह मामला अब सार्वजनिक डोमेन में है और उच्चतम न्यायालय ने भी इसकी पुष्टि की है। उन्होंने कहा, इस स्थिति में सबसे पहले इसे एक आपराधिक कृत्य मानकर तत्काल कार्रवाई की जानी चाहिए थी। दोषियों की पहचान कर उन्हें न्याय के कटघरे में लाना चाहिए था, लेकिन अब तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं हुई है। केंद्र सरकार सुप्रीम कोर्ट के 1990 के दशक के एक निर्णय के कारण विवश है। उप राष्ट्रपति ने विद्यार्थियों से समस्याओं से जूझने का साहस रखने का आह्वान करते कहा, हमें समस्याओं का सामना करने का साहस रखना चाहिए। विफलताओं को तर्कसंगत ठहराने की प्रवृत्ति नहीं होनी चाहिए। हमें हमेशा याद रखना चाहिए कि हम उस राष्ट्र के नागरिक हैं जिसे वैश्विक विमर्श को दिशा देनी है। हमें एक ऐसे विश्व का निर्माण करना है जहाँ शांति और सौहार्द हो। हमें पहले अपने ही संस्थानों के भीतर असहज सच्चाइयों का सामना करने का साहस रखना चाहिए। न्यायपालिका की स्वतंत्रता की वकालत करते हुए उन्होंने कहा, मैं न्यायपालिका की स्वतंत्रता का प्रबल पक्षधर हूं। मैं न्यायाधीशों की सुरक्षा के पक्ष में हूं। वे कार्यपालिका के विरुद्ध निर्णय देते हैं,और विधायिका के मामलों को भी देखते हैं। हमें उन्हें तुच्छ मुकदमों से बचाना चाहिए। लेकिन जब कुछ ऐसी घटनाएं सामने आती हैं, तो चिंता स्वाभाविक है। उल्लेखनीय है कि दिल्ली उच्च न्यायालय के तत्कालीन न्यायाधीश न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के सरकारी आवास पर एक स्टोर में 14 मार्च की रात लगी आग में 500 रुपए की आंशिक रूप से जली हुई गड्डियां मिली थी। न्यायमूर्ति वर्मा ने इस मामले में निर्दोष होने का दावा किया है जबकि उच्चतम न्यायालय की आंतरिक जांच समिति ने उनके खिलाफ महाअभियोग चलाये जाने की सिफारिश की है।

# ऑपरेशन 'सिंदूर' में दिखी ताकत से स्वदेशी हथियारों की मांग वैश्विक स्तर पर बढ़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

नई दिल्ली। ऑपरेशन 'सिंदूर' के दौरान भारत ने स्वदेशी हथियारों के जरिए जिस तरह अपना शौर्य दिखाया है, उसके बाद हमारे घरेलू उत्पादों की मांग वैश्विक स्तर पर और भी बढ़ गई है। आज हम रक्षा क्षेत्र में एक तरह से लगभग आत्मनिर्भरता हासिल कर चुके हैं। हमारे अधिकांश उपकरण एक समय में विदेशों से आयात किए जाते थे, वह आज हम खुद अपने देश में बना रहे हैं। हमारा रक्षा व्यय कुछ ऐसा होना चाहिए, जिसमें सिर्फ हमारा बजट न बढ़े, बल्कि उसका सही आवंटन सही समय पर और सही उद्देश्य के लिए भी हो। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को यह बातें नई दिल्ली में डीआरडीओ की ओर से आयोजित नियंत्रकों के एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि दुनिया हमारे रक्षा क्षेत्र की ओर देख रही है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारे सैनिकों ने जो वीरता दिखाई है, साथ ही जिस तरह से हमने अपने घरेलू उपकरणों की क्षमताओं का प्रदर्शन किया है, उससे हमारे स्वदेशी रक्षा उत्पादों की मांग में वृद्धि हुई है। 2024 में विश्व सैन्य व्यय बढ़कर 2.7 ट्रिलियन डॉलर से अधिक हो गया है, इतना बड़ा बाजार हमारा इंतजार कर रहा है। अगर आप हमारे रक्षा बजट को देखें, तो यह दुनिया के कुछ देशों की जीडीपी से भी बड़ा है। राजनाथ सिंह ने कहा कि जब लोगों की मेहनत की कमाई का एक बड़ा हिस्सा रक्षा मंत्रालय को आवंटित किया जाता है, तो हमारी जिम्मेदारी कई गुना बढ़ जाती है। रक्षा अधिग्रहण परिषद ने पहली बार जीईएम पोर्टल से पूंजी खरीद की अनुमति दी है, यह एक सराहनीय कदम है। इस विभाग की जिम्मेदारी सिर्फ कागजों पर खातों का प्रबंधन करना नहीं है, बल्कि यह हमारी सुरक्षा प्रणाली का एक महत्वपूर्ण हिस्सा भी है। जब आप ईमानदारी से बात करते हैं, तो इसका असर हमारी सीमाओं की रक्षा करने वाले सैनिकों तक भी पहुंचता है। उन्हें लगता है कि उनके पीछे एक सिस्टम है, जो हर परिस्थिति में उनके साथ रहेगा। उन्होंने कहा कि आज रक्षा क्षेत्र में हो रहे बदलाव गतिशील और अनिश्चित हैं। शांति का समय एक दिखावा है।

## संक्षिप्त समाचार

### रंजिश में युवक पर हमला कर सिर फोड़ा

**रुड़की, एजेंसी।** बंदा रोड पर शनिवार दोपहर रंजिश में कुछ युवकों ने एक पर हमला करते हुए मारपीट कर दी। हमले में युवक का सिर फट गया। घायल अवस्था में युवक ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस से शिकायत की है। रुड़की कोतवाली के बंदा रोड निवासी सैफ ने पुलिस को बताया कि एक महीने पहले कुछ असामाजिक तत्व क्षेत्र में तमंचा लेकर घूम रहे थे। अनहोनी की आशंका पर उसने तमंचा छीनकर पुलिस के हवाले कर दिया था। इस रंजिश के चलते कुछ युवकों ने शनिवार दोपहर को उसपर हमला कर दिया और मारपीट करते हुए घायल कर दिया। इंस्पेक्टर मणिभूषण श्रीवास्तव ने बताया कि शिकायत मिली है। हमलावरों की पहचान की जा रही है।

### कानिया में 25 लाख से सीसी ब्लॉक का निर्माण कार्य शुरू

**रामनगर, एजेंसी।** नगर पालिका के वार्ड नंबर 19 में बाढ़ सुरक्षा के तहत सीसी ब्लॉक का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। चोरपानी के सभासद प्रतिनिधि हेमंत बिष्ट ने बताया कि नाले के आने से मार्ग को पार करना मुश्किल हो जाता है। बीते कई वर्षों से स्थानीय लोग सीसी ब्लॉक के निर्माण की मांग कर रहे थे। बताया कि स्थानीय लोगों की मांग पर सिंचाई विभाग ने प्रस्ताव बनाया था लेकिन बजट की कमी के चलते निर्माण कार्य लटक गया था। बताया कि इस साल नगर पालिका बोर्ड ने सीसी ब्लॉक के लिए 25 लाख रुपये स्वीकृत किए।

### पीएमएस ने अस्पताल का निरीक्षण कर मरीजों से जानीं दिक्कतें

**नैनीताल, एजेंसी।** पीएमएस ने बीडी पांडे अस्पताल के वार्ड का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने वार्ड में भर्ती मरीजों से अस्पताल में हो रही दिक्कतों और सुविधाओं की जानकारी ली। मरीजों को दिए जाने वाले खाने की गुणवत्ता की जांच की। शनिवार सुबह बीडी पांडे अस्पताल में पीएमएस डॉ. टीके टम्टा ने नर्सिंग स्टाफ के साथ वार्डों में भर्ती मरीजों से अस्पताल में हो रही असुविधाओं व अस्पताल से मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान मरीजों को दी जा रही दवा के बारे में जाना। साथ ही अस्पताल से मिल रहे खाने की खुद खाकर जांच की। उन्होंने डॉक्टरों व स्टाफ से मरीजों को बेहतर उपचार व सुविधा देने के निर्देश दिए।

### रसोई गैस से भरा ट्रक खराब होने से लगा जाम

**गरमपानी(नैनीताल), एजेंसी।** खैरना-रानीखेत मोटर मार्ग पर शनिवार सुबह हल्द्वानी से रानीखेत की तरफ जा रहा रसोई गैस से भरा ट्रक कनवाड़ी के पास खराब हो गया। ट्रक के सड़क में खराब होने से दिन भर सड़क में जाम की स्थिति बनी रही। सड़क पर एक तरफा वाहनों की आवाजाही होने से अल्मोड़ा और रानीखेत की तरफ आने जाने वाले वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। देर शाम ट्रक को सही करने के बाद सड़क पर यातायात नियमित सुचारू हुआ।

### प्रसव तिथि से एक सप्ताह पूर्व गर्भवती को अस्पताल में भर्ती कराने के निर्देश

**रुद्रपुर, एजेंसी।** मुख्य चिकित्साधिकारी ने मानसून काल को देखते हुए गर्भवतियों की देखरेख के संबंध में एडवाइजरी जारी की है। मानसून की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों की गर्भवतियों को प्रसव की संभावित तिथि से एक सप्ताह पूर्व सरकारी अस्पताल में भर्ती कराने के निर्देश दिए हैं। सीएमओ डॉ. केके अग्रवाल ने मानसून काल में संभावित प्रसव वाली गर्भवतियों का विशेष ध्यान देने के निर्देश जिले के प्रमुख/मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, प्रभारी चिकित्साधिकारियों को जारी किए हैं। मानसून सत्र में जुलाई से सितंबर के मध्य संभावित प्रसव वाली गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष बर्थ प्लान तैयार करने को कहा है। प्रसव सुविधा प्रदान करने वाली चिकित्सा इकाइयों को चिह्नित कर सभी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। कहा कि प्रसव की संभावित तिथि से 15 दिन पूर्व से आशा कार्यकर्ता गर्भवती से संपर्क कर प्रतिदिन उनका फॉलोअप करेंगी। किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर गर्भवती के परिजन आपदा प्रबंधन केंद्र के फोन नंबर 05944-250222 या जिला आशा आशा समन्वयक निधि शर्मा के फोन नंबर 7505202037, कार्यक्रम अधिकारी फरहीन फातिमा के फोन नंबर 9569796324 पर संपर्क कर सकते हैं।

# राज्य में एसडीआरएफ की नई कंपनी खुलेगी : धामी

**खटीमा, एजेंसी।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य की पुलिस व्यवस्था को और अधिक सक्षम व संसाधनयुक्त बनाने के लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही है। पुलिस कर्मियों के लिए अत्याधुनिक उपकरणों की व्यवस्था की जा रही है। कहा कि आपदा राहत कार्यों के लिए सरकार ने एसडीआरएफ की एक नई कंपनी की स्वीकृति प्रदान की है, जिसके तहत 162 नए पदों का सृजन किया गया है।

खटीमा में लोहियाहेड कैंप कार्यालय में सीएम ने कहा कि राज्य में पुलिसकर्मियों के लिए 150 करोड़ से अधिक की लागत से 380 आवासों का निर्माण किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में 42 करोड़ की लागत से पांच पुलिस थानों, दो पुलिस चौकियों, दो फायर स्टेशनों और तीन पुलिस लाइनों के प्रशासनिक भवनों का निर्माण कार्य भी कराया जा रहा है। इनके अलावा हमने 2024-25 वित्तीय वर्ष में 58 करोड़ की धनराशि का प्रावधान भी किया है, जिसका उपयोग विभिन्न भवनों के निर्माण के लिए किया जाएगा।

सीएम ने कहा कि पुलिस एक फर्स्ट रिस्पॉन्डर के रूप में 24 घंटे काम करती है, इसलिए पुलिस के रिस्पांस टाइम को बेहतर बनाने में वाहनों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसी को ध्यान में रखते हुए, सरकार ने राज्य गठन के बाद पहली बार 1105 पुलिस वाहनों की खरीद को मंजूरी दी है। इसके अंतर्गत 29 करोड़ की लागत से 223 वाहनों का क्रय भी किया जा चुका है।

उन्होंने कहा कि पीएसी और आईआरबी के जवानों के आवागमन को सुगम बनाने के लिए ट्रकों के स्थान पर 73 बसों की खरीद की है। पुलिसकर्मियों के कल्याण के लिए पुलिस सैलरी पैकेज में 75 लाख से एक करोड़ रुपये तक का दुर्घटना बीमा प्रदान किया जा रहा है जिसके तहत अब तक 15 करोड़ रुपये से अधिक की राशि दिवंगत पुलिसकर्मियों के परिजनों को प्रदान की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि इतना ही नहीं, अब पुलिसकर्मियों के वेतन, भत्ते, चिकित्सा प्रतिपूर्ति और अवकाश से संबंधित सभी प्रक्रियाओं को पूरी तरह से ऑनलाइन कर दिया गया है।

# सीएम ने भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र का किया हवाई निरीक्षण, युद्धस्तर पर कार्य करने के दिए निर्देश

**देहरादून, एजेंसी।** सीएम धामी ने उत्तरकाशी सिलाई बैंड में भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र का हवाई निरीक्षण कर अधिकारियों को युद्धस्तर पर कार्य करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यमुनोत्री हाईवे पर सिलाई बैंड में बादल फटने के स्थान सहित ओजरी और स्यानाचट्टी का हवाई निरीक्षण किया। इसके साथ ही यमुनोत्री क्षेत्र के आसपास के स्थितियों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने शासन और प्रशासन के उच्च अधिकारियों को युद्धस्तर पर स्थिति को सुधारने के लिए धरातल पर कार्य करने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही कहा कि आपदा के दौरान प्रभावित व्यक्ति का हर संभव



मदद दी जाएगी। बीते 28 जून को यमुनोत्री हाईवे पर सिलाई बैंड के समीप बादल फटने के कारण वहां पर एक निजी होटल का कार्य करने वाले टिनशेड और पलाई के कमरों में रह रहे नौ लोग मलबे और पानी के साथ बह गए थे। वहीं 20 मजदूरों को सुरक्षित बचा लिया गया। मलबे में बहे लोगों में से दो के शव बरामद हो गए थे।

वहीं सात अन्य अभी लापता हैं। उनकी खोज की जा रही है। दूसरी ओर ओजरी में भी यमुनोत्री हाईवे का हिस्सा बहने के कारण उस पर एक सप्ताह बाद भी आवाजाही शुरू नहीं हो पाई है।

हालांकि वहां पर एनएच विभाग की ओर से 24 मीटर लंबे स्पान पुल का निर्माण युद्धस्तर पर शुरू कर दिया है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को यमुनोत्री हाईवे पर सिलाई बैंड सहित ओजरी और स्यानाचट्टी आपदा प्रभावित इलाकों का हवाई निरीक्षण किया।

ओजरी में बन रहे बैली ब्रिज, स्यानाचट्टी में झील के मुहाने को खोलने के कार्यों और राहत बचाव की अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि आपदा और राहत बचाव के कार्यों को सक्रियता के साथ कार्य किया जाए। उच्च अधिकारियों को इन कार्यों का लगातार स्थलीय निगरानी कर रिपोर्ट सौंपने को कहा।

### मुकेश बने उत्तराखंड रोडवेज इम्पलाइज यूनियन के अध्यक्ष

**देहरादून, एजेंसी।** उत्तराखंड रोडवेज इम्पलाइज यूनियन की प्रदेश कार्यकारिणी की आमसभा रविवार को संपन्न हुई। इस दौरान नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें मुकेश कुमार वर्मा को प्रदेश अध्यक्ष और राजीव खुल्बे को प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष का जिम्मा सौंपा गया। इसके अलावा रविनंदन कुमार को प्रदेश महामंत्री, रमेश कुमार को प्रदेश कोषाध्यक्ष चुना गया। नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष व प्रदेश महामंत्री ने कर्मचारियों का अभिवादन करते हुए यूनियन की समस्याओं के लिए कार्य करने की बात कही। अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित बैठक में कोटद्वार, हरिद्वार, रुड़की, ऋषिकेश, ग्रामीण, देहरादून, आईएसबीटी दिल्ली, प्रशासनिक शाखा, पर्वतीय, डिपो कार्यशाला व शाखा मंडलीय कार्यशाला, श्रीनगर, पिथौरागढ़, लोहाघाट, टनकपुर, अल्मोड़ा, रानीखेत, भवाली, काठगोदाम, हल्द्वानी, रुद्रपुर, काशीपुर व रामनगर डिपो के शाखा अध्यक्ष और शाखा मंत्रियों के अलावा क्षेत्रीय प्रतिनिधियों, प्रांतीय प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

# करोड़ों की धोखाधड़ी करने वाला शातिर ठग गिरफ्तार, निवेश के नाम पर लोगों को बनाता था शिकार

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** भतरौजखान पुलिस ने आठ लोगों के साथ डेढ़ करोड़ रुपए से अधिक की ठगी करने वाले शातिर ठग को गिरफ्तार किया है। लगातार अपना ठिकाना बदल रहा ठग कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस के हत्थे चढ़ा है। पुलिस ने उसे दिल्ली के लाजपतनगर से गिरफ्तार किया है।

भतरौजखान थाने में 27 अक्टूबर 24 को पंकज प्रकाश ने तहरीर दी कि टिहरी गढ़वाल के जुगड़ गांव निवासी विपिन चमोली ने उसे एक फार्मा कंपनी में निवेश कर अधिक लाभ कमाने का लालच देकर साल 2021 से विभिन्न तिथियों पर करीब 88 लाख रुपये ले लिए, जिसमें से कुछ धनराशि वापस कर 29 लाख रुपए हड़प लिए। बताया कि हाल में वह ठग 3/614 टॉप फ्लोर दक्षिणपुरी अंबेडकर नगर दक्षिण दिल्ली में रहता है। तहरीर पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने भतरौजखान थाने में आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की। एसएसपी देवेन्द्र पींचा ने मामले का संज्ञान लेते हुए धोखाधड़ी करने वाले अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए, जिसके बाद थानाध्यक्ष भतरौजखान सुशील कुमार के नेतृत्व में टीम गठित कर अभियुक्त की खोज शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस की जानकारी में आया कि अभियुक्त विपिन चमोली ने कुल 8 लोगों से धोखाधड़ी कर लगभग 1.85 करोड़



रुपये ठगे हैं। अभियुक्त के खिलाफ तथ्य जुटाने के बाद उसकी गिरफ्तारी का प्रयास पुलिस करने लगी। लेकिन शातिर ठग लगातार अपनी पहचान और अपना ठिकाना बार-बार बदल रहा था। सर्विलांस सेल की सहायता से पुलिस टीम ने उसकी गिरफ्तारी के प्रयास किए, जिसके बाद शातिर ठग को पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद लाजपतनगर दिल्ली से गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष सुशील कुमार ने बताया कि शातिर ठग विपिन चमोली ने पंकज प्रकाश से 88 लाख व अन्य 7 लोगों से लगभग 97 लाख रुपये कुल 8 लोगों से लगभग 1.85 करोड़ रुपये निवेश के नाम पर ठगे थे।

### चमोली जिले में भूस्खलन की चेतावनी, कई जिलों में बारिश का भी अलर्ट

**चमोली, एजेंसी।** उत्तराखंड के चमोली जिले में भूस्खलन की चेतावनी जारी की गई है। यह चेतावनी भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) ने जारी की है। जिसके तहत भूस्खलन की घटनाएं हो सकती है। इसके साथ ही भारी बारिश की आशंका है। जिसे लेकर चमोली पुलिस की ओर से विशेष सतर्कता बरतने को कहा गया है।

चमोली जिले में भूस्खलन की चेतावनीः दरअसल, चमोली पुलिस की ओर से जारी सूचना के मुताबिक, भारत सरकार के भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण विभाग (जीएसआई) ने 7 जुलाई के लिए चमोली जिले में भूस्खलन की उच्च संभावना की चेतावनी जारी की गई है। इसके अलावा मौसम विभाग ने अगले चार दिनों तक उत्तराखंड में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। खासकर उत्तरकाशी, टिहरी, बागेश्वर, देहरादून और रुद्रप्रयाग में भारी बारिश की संभावना जताई गई है।

चमोली पुलिस ने भूस्खलन और भारी बारिश की चेतावनी को देखते हुए सभी को सतर्कता बरतने की अपील की गई। खासकर बदरीनाथ यात्रा मार्ग पर विशेष सतर्कता बरतने को कहा गया है। बदरीनाथ और हेमकुंड साहिब की यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं को मौसम की जानकारी लेकर ही यात्रा पर निकलने की अपील की जा रही है।

चारधाम और हेमकुंड साहिब की यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं को विशेष सावधानी बरतने की अपीलः इसके साथ ही अनावश्यक यात्रा न करने की अपील की गई है।



# राज्य के छह राजनैतिक दलों को चुनाव आयोग का नोटिस, 15 दिन में देना होगा जवाब

**देहरादून, एजेंसी।** राज्य के छह राजनैतिक दलों को चुनाव आयोग ने नोटिस दिया है, जिसके तहत 15 दिन में दलों को जवाब देना होगा।

भारत निर्वाचन आयोग ने उत्तराखंड में बीते छह साल से निष्क्रिय छह पंजीकृत राजनैतिक दलों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। ये सभी वे दल हैं जिन्होंने वर्ष 2019 से अब तक छह वर्षों में एक भी चुनाव में प्रतिभाग नहीं किया है और जिनके कार्यालयों का कोई भौतिक पता भी नहीं मिल पाया है।

दलों को इस नोटिस का जवाब 21 जुलाई शाम पांच बजे तक कर दिया है। आयोग के निर्देशानुसार उत्तराखंड में वर्तमान में 42 पंजीकृत अमान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों में से कई दल ऐसे हैं जो पंजीकृत अमान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों (आर यू पी पी) में बने रहने की आवश्यक शर्तों को पूरा नहीं कर पा रहे हैं। इस संबंध में उत्तराखंड के छह ऐसे दलों की पहचान की गई है।

इन दलों की अंतिम डीलिस्टिंग का निर्णय भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लिया जाएगा। देश में राजनैतिक दलों (राष्ट्रीय/राज्यीय/अमान्यता) का पंजीकरण लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29ए के तहत निर्वाचन आयोग द्वारा किया जाता है। भारत निर्वाचन आयोग का उद्देश्य इस पूरे अभ्यास में राजनैतिक व्यवस्था का शुद्धिकरण एवं चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता को बढ़ावा देना है।

# मैडम आपका क्रेडिट कार्ड एक्टिवेट करना है.. कहते हुए आई कॉल, ठग ने 1.47 लाख उड़ाए




**हल्द्वानी, एजेंसी।** साइबर ठगी से बचने के लिए लोगों को और जागरूक होने की जरूरत है। ध्यान रखना होगा कि कोई भी आनलाइन काम कर रहे हैं तो उसकी पूरी समझ हो। गूगल पर सर्च मारकर किसी वेबसाइट पर भरोसा न करें। अधिकृत वेबसाइट का प्रयोग करें। इस बार साइबर ठग ने बैंक कर्मचारी बनकर एक युवती को फोन किया।

फोन करते ही ठग ने कहा कि मैडम आपका क्रेडिट कार्ड एक्टिवेट करना है। इसके बाद खाते से 1.47 लाख रुपये उड़ा लिए। काठगोदाम में निवासी 26 वर्षीय नेहा बेलवाल ने पुलिस को बताया कि उसने 2024 में बैंक से क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन किया था। 22 अगस्त को युवती को क्रेडिट कार्ड प्राप्त हुआ। तब से उसने कार्ड एक्टीवेट नहीं कराया था।

25 अगस्त को उसके मोबाइल नंबर पर अनजान नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को बैंक कर्मी बताकर क्रेडिट कार्ड को एक्टीवेट करने को कहा। युवती ने बैंक की कस्टमर आइडी व बैंक एकाउंट की जानकारी शेयर कर दी।

# हरियाणा के युवक-युवतियों को कार में स्टंटबाजी करना पड़ा भारी, पुलिस ने सिखाया सबक

**हल्द्वानी, एजेंसी।** मैदानी क्षेत्रों से बड़ी संख्या में पर्यटक हिल स्टेशनों पर आते हैं। लेकिन पहाड़ों पर आने के बाद कई पर्यटक नियम कानून का उल्लंघन करते दिखाई देते हैं। जिनके खिलाफ पुलिस कार्रवाई भी कर रही है, उसके बावजूद भी बाहरी राज्य से आने वाले कई पर्यटक आवाजाही में इतनी जान को खतरे में तो डाल ही रहे हैं, दूसरों की सुरक्षा से भी खिलवाड़ कर रहे हैं। कुछ ऐसा ही नैनीताल जिले में देखने को मिला।

गौर हो कि हरियाणा के पर्यटकों का कार से स्टंटबाजी का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि कुछ युवक युवतियां कार के सनरूफ व खिड़की से बाहर निकलकर अपनी जान जोखिम में डालकर स्टंटबाजी कर रही है। सोशल मीडिया में वीडियो वायरल होने के बाद हल्द्वानी कोतवाली पुलिस ने मामले की गंभीरता से लेते हुए हरियाणा नंबर की कार को जब्त करते हुए मोटर वाहन अधिनियम एक्ट के तहत कार्रवाई की है। साथ ही आरोपी कार चालक को गलती के लिए माफी मांगनी पड़ी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रह्लाद नारायण मीणा



ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में ड्रंक एंड ड्राइव, ओवरलोडिंग, रैश ड्राइविंग एवं स्टंट करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। जिसका नतीजा है कि पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है.सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें ज्योलिकोट के पास हरियाणा नंबर की गाड़ी में सवार एक परिवार के कुछ लोग तेज रफ्तार वाहन की सनरूफ और खिड़कियों से बाहर निकलकर स्टंटबाजी करते दिखाई दे रहे थे। आम जनता और पर्यटकों की सुरक्षा के दृष्टिगत यह कार्रवाई की गई है।

# बेजुबान से बर्बरता : डंडे से पीट-पीटकर लावारिस कुत्ते को मार डाला, पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज

**हरिद्वार, एजेंसी।** मृत कुत्ते को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया। कोतवाली प्रभारी रितेश शाह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

उत्तराखंड के हरिद्वार नगर कोतवाली क्षेत्र में शनिवार रात पुराना रानीपुर मोड़ के पास एक व्यक्ति ने बेहरमी से एक लावारिस कुत्ते को डंडे से पीट-पीटकर मार डाला। इस मामले में पशुओं के लिए कार्य करने वाली संस्था की संचालक ने आरोपी रोहित के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। मृत कुत्ते का पोस्टमार्टम भी कराया गया है।

पुलिस के अनुसार, घटना शनिवार की रात पुराना रानीपुर



मोड़ स्थित विशाल मेगा मार्ट के सामने की है। हेल्पिंग हैंड्स फॉर स्पीचलेस सोल्स संस्था की संचालक कंवलजीत कौर निवासी श्यामपुर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रोहित निवासी गुलाटी नर्सिंग होम विशाल मेगा मार्ट ने एक निरीक्षत कुत्ते को बेरहमी से पीटा। आरोपी तब तक उसे मारता रहा जब तक उसकी मौत नहीं हो गई।

इसका वीडियो उनके पास पहुंचा तो वह तुरंत मौके पर पहुंच गईं। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। मृत कुत्ते को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया। कोतवाली प्रभारी रितेश शाह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### लक्सर में महिला की हत्या : ट्यूबवेल के पास मिला शव, परिचित पर रुपयों के लेनदेन को लेकर हत्या का आरोप

**रुड़की, एजेंसी।** रविवार सुबह महिला की हत्या की खबर से पूरे नगर में सनसनी फैल गई। हत्यारोपी जसवीर मृतक सरोज देवी का पूर्व परिचित था और सरोज उस पर पूरा भरोसा करती थी।

लक्सर नगर में एक महिला की निर्मम हत्या कर दी गई है। महिला का शव रविवार सुबह कोतवाली से लगभग एक किलोमीटर दूर संतनगर कॉलोनी में एक ट्यूबवेल के पास बरामद हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

मृतका की पहचान न्यू शिवपुरी कॉलोनी निवासी सरोज देवी (47 वर्ष) के रूप में हुई है। सरोज देवी के पुत्र अमित कुमार ने संतनगर कॉलोनी निवासी जसवीर सिंह पर अपनी मां की हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस में तहरीर दी है। अमित के अनुसार, उनकी मां का जसवीर के साथ रुपयों का लेनदेन था। शनिवार, पांच जुलाई को दोपहर करीब तीन बजे, जसवीर उसकी मां को बकाया रकम देने के बहाने अपने साथ ले गया था। इसके बाद सरोज देवी घर नहीं लौटीं। जब परिवार ने जसवीर से फोन पर संपर्क किया, तो उसने टालमटोल जवाब दिए।

पुलिस जसवीर के घर पहुंची तो वहां ताला लगा मिला और उसका मोबाइल फोन भी बंद था। लक्सर कोतवाली प्रभारी राजीव रौथाण ने बताया कि मृतका के पुत्र की तहरीर के आधार पर आरोपी जसवीर के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की भी जांच कर रही है।

# हम छात्रों के साथ धोखा नहीं कर सकते: डूटा

●सभी शिक्षक संगठनों के प्रतिनिधियों प्रेसवार्ता में लिया हिस्सा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




नई दिल्ली,। दिल्ली विश्वविद्यालय ने 1 अगस्त से नया सत्र शुरू करने की घोषणा कर दी है लेकिन कॉलेज संसाधनों के अभाव से जूझ रहे हैं। इस मुद्दे को लेकर सोमवार को दिल्ली विश्वविद्यालय शिक्षक संघ ने एक प्रेसवार्ता कर छात्रों के साथ शिक्षकों के मुद्दों को भी गंभीरता से उठाया। दिल्ली विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रो.ए.के भागी ने कहा कि कॉलेजों में पर्याप्त सुविधाएं नहीं हैं। चौथे वर्ष के छात्रों के साथ हम धोखा नहीं कर सकते हैं। कई कॉलेजों में कमरे, शिक्षक,लैब का घोर अभाव है। उन्होंने कहा कि कोई नीति आ जाए लेकिन यदि बुनियादी सुविधाएं नहीं होंगी तो छात्र कैसे पढ़ाई करेंगे। डीयू स्वयं और मूक्स जैसे ऑनलाइन प्लेटफार्म का प्रयोग छात्रों के पढ़ाई के लिए करना चाहता है लेकिन एक स्वर में हम इसका विरोध करते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि डीयू ने इससे जुड़े फैसले खुद लिए, शिक्षक को इस बारे में कुछ पता नहीं है। किसी तरह का फीडबैक नहीं लिया गया। हम चौथे साल के छात्रों के लिए किसी भी बैच की कुबार्नी नहीं दे सकते हैं। उन्होंने कि डीयू में ओबीसी विस्तार के बाद बढ़ी हुई सीटें काफी बाद में मिली लेकिन ईडब्ल्यूएस के तहत छात्रों की संख्या बढ़ाई गई लेकिन विश्वविद्यालय के कॉलेजों में उसके अनुसार शिक्षकों, लैब, पुस्तकालय, स्पोर्ट्स सुविधा आदि नहीं बढ़ाई गई इससे छात्रों पर पढ़ाई की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। प्रो.भागी ने कहा कि शिक्षकों दिल्ली विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (डूटा) ने उच्च शिक्षा में व्यापक नीतिगत बदलावों के बीच शिक्षकों के अधिकारों की रक्षा, अकादमिक गरिमा को बनाए रखने और संस्थागत समानता के पक्ष में अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है। अपनी इसी भावना के तहत डूटा ने सोमवार को भारत की राष्ट्रपति (जो दिल्ली विश्वविद्यालय की विजिटर भी हैं) को एक विस्तृत ज्ञापन शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के माध्यम से सौंपा, जिसमें यूजीसी ड्राफ्ट रेगुलेशन 2025 को पीआरसी रिपोर्ट के अभाव में वापस लेने तथा शिक्षकों की लंबे समय से लंबित शैक्षणिक और सेवा-संबंधी समस्याओं के समाधान की मांग की गई है। इस ज्ञापन को दिल्ली विश्वविद्यालय के करीब 2000 शिक्षकों ने अपना समर्थन दिया है। डूटा के उपाध्यक्ष सुधांशु कुमार ने पुस्तकालयाध्यक्षों, शारीरिक शिक्षा निदेशकों और प्रशिक्षकों सहित सभी शैक्षणिक भूमिकाओं के लिए सेवा शर्तों, सेवानिवृत्ति आयु और पदोन्नति के अवसरों में समानता की मांग की। उन्होंने नॉट फाउंड सुटेबल (एनएफएस) प्रावधान के अनुचित प्रयोग की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह निर्णय आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के हितों को नुकसान पहुंचाता है। डूटा ने विश्वविद्यालय प्रशासन से यूजीसी की स्क्रीनिंग मानदंडों का सख्ती से पालन करने और रिक्त पदों की शीघ्र पूर्ति के लिए विशेष भर्ती अभियान चलाने की मांग की। प्रेसवार्ता में डूटा के सचिव डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि यूजीसी के मसौदा विनियम, 2025 को वर्तमान स्वरूप में लागू नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने जोर दिया कि किसी भी नए नियामक ढांचे को आगामी 8 वें वेतन आयोग से जोड़ा जाना चाहिए और वह शिक्षाविदों से व्यापक परामर्श के बाद ही लागू किया जाना चाहिए। वहीं डूटा की कोषाध्यक्ष डॉ. आकांक्षा खुराना ने कहा कि असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए आवेदकों से 500 रुपए के स्थान पर 2 हजार रुपए लिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिना आधारभूत ढांचे के विकास, वित्तीय संसाधनों और फीडबैक व्यवस्था के की जा रही नीतिगत पहलें सार्वजनिक विश्वविद्यालयों की स्थिरता को खतरे में डाल रही हैं

# दिल्ली के विजय विहार में हत्या के मामले में तीन लोग गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली,। दिल्ली के विजय विहार स्थित एक पार्क में 25 वर्षीय व्यक्ति की कथित हत्या के मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि 29 जून की सुबह करीब पांच बजे सूचना मिली कि विजय विहार के महाराणा प्रताप पार्क में एक शव पड़ा है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, पुलिस मौके पर पहुंची तो देखा कि युवक मृत अवस्था में पड़ा था और उसके दोनों हाथ एक सफेद गमछे से पीछे की ओर बंधे हुए थे। यह दर्शाता है कि उसे पहले काबू में किया गया और फिर पूर्व-नियोजित तरीके से मारा गया। उन्होंने बताया कि उसी दिन विजय विहार थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) (हत्या) के तहत मामला दर्ज किया गया और जांच शुरू की गई। अधिकारी ने बताया कि जांच के दौरान एक टीम का गठन किया गया जिन्होंने अपराध स्थल की जांच की, आसपास के इलाकों की सीसीटीवी फुटेज खंगाली और मृतक की पहचान करने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि जांच में अहम सुराग मिले। पुलिस अधिकारी ने कहा, लगातार जांच और संदिग्धों से पूछताछ के आधार पर इस अपराध के सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### सड़क सुरक्षा विशेषज्ञों ने दोपहिया वाहनों के लिए विशेष लेन की वकालत की

नई दिल्ली,। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए दोपहिया वाहनों के लिए विशेष लेन बनाने और कानूनों को सख्ती से लागू करने की जरूरत है। विशेषज्ञों ने सोमवार को यह राय जताई। सड़क सुरक्षा पर एक संगोष्ठी में सड़क यातायात शिक्षा संस्थान (आईआरटीई) के अध्यक्ष रोहित बलूजा ने कहा कि अधिकारियों को दोपहिया वाहनों के लिए एक अलग लेन पर विचार करना चाहिए क्योंकि इससे चालकों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी। बलूजा ने कहा, दोपहिया वाहनों के लिए विशेष लेन बनाने की जरूरत है, जो फिलहाल नहीं है। साथ ही कानूनों को सख्ती से लागू करना चाहिए। इससे सवारों की सुरक्षा में मदद मिलेगी और दुर्घटनाओं से बचा जा सकेगा। उन्होंने कहा कि भारत को दूसरों की नकल करने के बजाय अपनी खुद की वाहन सुरक्षा प्रणाली बनाने की जरूरत है। सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल्स मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के कार्यकारी निदेशक प्रशांत के बनर्जी ने कहा कि भारत में दुनिया में सबसे ज्यादा सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। उन्होंने कहा कि यात्री वाहनों में सर्वोत्तम सुरक्षा मानदंडों का पालन करने और अत्याधुनिक सुरक्षा सुविधाओं को स्थापित करने के बावजूद उपभोक्ताओं के बीच जागरूकता की भारी कमी है। अंतरराष्ट्रीय सड़क महासंघ (आईआरएफ) के मानद अध्यक्ष के के कपिला ने कहा कि सभी दोपहिया वाहनों के लिए एबीएस ब्रेक सहित सुरक्षित तकनीकी प्रणालियों की अनदेखी नहीं की जा सकती।

### सीएसएसएस छात्रवृत्ति योजना के लिए आवेदन शुरू

नई दिल्ली,। महाविद्यालय व विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों हेतु केंद्रीय सेक्टर छात्रवृत्ति योजना (सीएसएसएस) के लिए वर्ष 2025-26 के तहत आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। योजना के तहत वर्ष 2024 के लिए प्रथम, वर्ष 2023 के लिए द्वितीय, वर्ष 2022 के लिए तृतीय तथा वर्ष 2021 के लिए चतुर्थ नवनीकरण हेतु छात्र ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। वहीं, नए छात्रों के लिए भी आवेदन की प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है। इस बारे में अधिक जानकारी

### राहुल वीडियो मामले में दिल्ली में भी प्राथमिकी दर्ज

नई दिल्ली,। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की सैनेटरी पैड वीडियो से जुड़े विवाद को लेकर यहां एक शिकायत दर्ज की गई है जिसे मिलाकर देशभर में इस मुद्दे में अब तक तीन शिकायतें दर्ज हो चुकी हैं। युवा कांग्रेस के अनुसार यह शिकायत संगठन के अध्यक्ष उदय भानु चिब, बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्ण अल्लावरु, लीगल सेल के चेयरमैन रूपेश सिंह भदौरिया के नेतृत्व में यहां मंदिर मार्ग पुलिस थाने में दर्ज कराई गई है। युवा कांग्रेस लीगल सेल दिल्ली के अध्यक्ष विवेक पुनिया द्वारा राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल के माध्यम से एक समानांतर शिकायत भी प्रस्तुत की गई है। कांग्रेस के युवा संगठन ने कहा है कि श्री गांधी को बदनाम करने और महिलाओं की गरिमा का उपहास करने के मकसद से फैलाए जा रहे इस वीडियो को प्रसारित किया जा रहा है। उनका कहना था कि वीडियो को समन्वित और दुर्भावनापूर्ण तरीके से फैलाया जा रहा है और कांग्रेस का हर संगठन डिजिटल अभियान का के जरिए हर स्तर पर इस कार्रवाई का कानूनी जवाब देगा। इससे पहले रविवार को तेलंगाना तथा कर्नाटक में इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। एक प्राथमिकी तेलंगाना राज्य लीगल सेल अध्यक्ष अधिवक्ता जे. शिवा चरण रेड्डी और समन्वयक अधिवक्ता गुडूर निखिल रेड्डी के नेतृत्व में अपराधियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। कर्नाटक में, बेंगलुरु के हाई ग्राउंड्स पुलिस थाने में भारतीय न्याय संहिता 2023 की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# 1984 सिख विरोधी दंगे: अदालत ने सज्जन कुमार का बयान दर्ज किया



नई दिल्ली,। दिल्ली की एक अदालत ने 1984 के सिख विरोधी दंगों के दौरान राजधानी के जनकपुरी और विकासपुरी इलाकों में हुई हिंसा के संबंध में पूर्व कांग्रेस सांसद सज्जन कुमार का बयान सोमवार को दर्ज किया। विशेष न्यायाधीश दिग विनय सिंह ने कुमार का बयान दर्ज किया। कुमार ने कहा कि वह निर्दोष है क्योंकि उसके खिलाफ कोई सबूत नहीं है। कुमार ने दावा किया कि निष्पक्ष जांच नहीं की गई और उसे निराधार आरोप लगाकर फंसाया गया। कुमार ने कहा, ह्यह्लकिसी भी गवाह ने मेरा नाम नहीं लिया। दशकों बाद मेरा नाम सामने आया। मेरे खिलाफ मामला झूठा और राजनीति से प्रेरित है। मैंने इलाके में सद्भाव पैदा करने के लिए रक्तदान शिविरों और शांति मार्च का आयोजन किया। मेरा ह्यलाइव डिटेक्टरह्ल (पॉलीग्राफ) परीक्षण किया गया, जिसमें मैं स्वेच्छा से शामिल हुआ ताकि मैं अपनी बेगुनाही साबित कर सकूं ।ह्लह्ल इसके बाद अदालत ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 29 जुलाई की तारीख तय की। सिख विरोधी दंगों के दौरान इलाकों में हुई हिंसा की शिकायतों के आधार पर फरवरी 2015 में एक विशेष जांच दल ने कुमार के खिलाफ दो प्राथमिकी दर्ज की थीं। पहली प्राथमिकी जनकपुरी में हुई हिंसा को लेकर थी। इस दौरान एक नवंबर 1984 को दो लोगों- सोहन सिंह और उसके रिश्तेदार अवतार सिंह की हत्या कर दी गई थी। दूसरी प्राथमिकी गुरचरण सिंह के मामले में दर्ज की गई थी, जिसे दो नवंबर, 1984 को विकासपुरी में कथित तौर पर जला दिया गया था।

# दिल्ली सरकार जानलेवा मांझों, प्लास्टिक पतंगों पर लगाए प्रतिबंध: थान सिंह यादव

## मांझे से हो रही घटनाओं पर सख्त कार्रवाई करे सरकार: पंचायत संघ

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली, दिल्ली पंचायत संघ ने पंचायत प्रमुखों के साथ बैठक में राजधानी सहित ग्रामीण इलाकों में जानलेवा मांझों और प्लास्टिक पतंगों की बिक्री पर गहरी चिंता जताई है। ओर सभी पंचायत प्रमुखों से अपील की कि वे अपने-अपने गांवों व क्षेत्रों में ऐसे मांझों की बिक्री पर रोक लगाने में सक्रिय भूमिका निभाएं, जो न केवल लोगों की जान ले रहे हैं बल्कि बेजुबान पक्षियों के लिए भी घातक साबित हो रहे हैं। पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा कि प्रतिबंध के बावजूद चाइनीज कोटेड व इसी तरह के मांझे बाजारों में कहां से मिल जाते हैं। ये मांझे बेहद धारदार होते हैं और हर वर्ष कई लोगों,खासकर दोपहिया वाहन चालकों और पक्षियों की जान ले लेते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे मांझे



बेचने वाले थोड़े से मुनाफे के लिए लोगों की जिंदगी को खतरे में डाल रहे हैं, जबकि इन्हें खरीदने वाले समाज और पर्यावरण के प्रति गैर-जिम्मेदार रवैया अपना रहे हैं। सह प्रमुख सुनील शर्मा व पंच प्रमुख अधिवक्ता यमन यादव ने प्लास्टिक की पन्नी से बनी पतंगों के उपयोग पर भी गहरी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि ये पतंगें पर्यावरण के लिए हानिकारक हैं और नदियों, नालों और पेड़ों में फंसकर प्रदूषण को बढ़ावा देती हैं। साथ ही ये भी पक्षियों की जान जाने का एक बड़ा कारण बन रही हैं। पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से अपील की है कि इस गंभीर विषय को प्राथमिकता पर लें और प्रशासन को सख्त निर्देश दें कि वे प्रतिबंधित मांझों की बिक्री और उपयोग पर रोक लगाने के लिए तत्काल प्रभाव से अभियान चलाएं। साथ ही संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को जवाबदेह बनाया जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके पंचायत संघ के वरिष्ठ सह प्रमुख शिवकुमार यादव शकूरपुर ने यह भी स्पष्ट किया कि यह केवल कानून-व्यवस्था का नहीं, बल्कि नैतिक और सामाजिक जिम्मेदारी का मामला है, जिसमें सरकार, प्रशासन और आम जनता सभी की भागीदारी जरूरी है।

# आरईए ग्रुप ने यह घोषणा करते हुए प्रसन्नता व्यक्त की है कि प्रवीण शर्मा को आरईए इंडिया का मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया गया है

नई दिल्ली, इसके साथ ही वे आरईए ग्रुप की एग्जीक्यूटिव लीडरशिप टीम में भी शामिल होंगे। एक सफल नेतृत्वकर्ता के रूप में प्रवीण शर्मा को तकनीक, डिजिटल, मीडिया और विज्ञापन के क्षेत्रों में भारत और एशिया-पैसिफिक क्षेत्र में 25 वर्षों का प्रबंधन अनुभव है। हाल ही में, प्रवीण पेटीएम से जुड़े थे, जहां उन्होंने एड्स, ऑनलाइन पेमेंट्स और कॉमर्स सर्विसेस सहित कई व्यवसायों की स्थापना की और उनका नेतृत्व किया। इससे पहले उन्होंने गूगल में 9 वर्षों तक काम किया, जहां उन्होंने एशिया-पैसिफिक क्षेत्र में परफॉर्मेंस मीडिया के रीजनल डायरेक्टर के रूप में कार्य किया और पूरे क्षेत्र में प्रदर्शन आधारित विज्ञापन उत्पादों की ज़िम्मेदारी संभाली। आरईए ग्रुप के सीईओ, श्री ओवेन विल्सन ने कहा, मैं प्रवीण शर्मा का आरईए ग्रुप में स्वागत करते हुए बेहद उत्साहित हूं। डिजिटल बिजनेस में उनके व्यापक अनुभव से आरईए इंडिया को बड़ी रणनीतिक बढ़त मिलेगी। प्रवीण ने परिणाम देने, उच्च प्रदर्शन वाली टीमों के निर्माण व नेतृत्व, और उत्पाद व तकनीकी क्षमताओं को बढ़ाने में सफल ट्रैक रिकॉर्ड स्थापित किया है। मुझे विश्वास है कि वे आरईए इंडिया के अगले विकास चरण का कुशलतापूर्वक नेतृत्व करेंगे। अपनी नियुक्ति पर प्रतिक्रिया देते हुए, श्री प्रवीण शर्मा ने कहा, आरईए इंडिया से जुड़ना मेरे लिए बेहद रोमांचक और सम्मानजनक अवसर है। भारतीय प्रॉपटेक बाजार में अपार संभावनाएं हैं और मुझे विश्वास है कि आरईए इंडिया इन अवसरों का भरपूर लाभ उठाने के लिए अच्छी तरह से तैयार है। मैं प्रतिभाशाली टीम के साथ मिलकर हमारी क्षमताओं को और विकसित करने, नवाचार को गति देने और ग्राहकों व उपभोक्ताओं को और अधिक मूल्य प्रदान करने के लिए तत्पर हूं। प्रवीण शर्मा जुलाई में गुरुग्राम, भारत स्थित मुख्यालय में आरईए इंडिया से जुड़ेंगे और वर्तमान सीईओ ध्रुव अग्रवाल के साथ मिलकर नेतृत्व के सहज हस्तांतरण को सुनिश्चित करेंगे।

# साइबर जागरूकता: डिलीवरी बॉक्स पर लगे लेबल से हो सकती है धोखाधड़ी, जानिए कैसे रहें सुरक्षित

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

सभी साइबर ठगी हैकिंग के जरिए नहीं होती। कई बार धोखेबाज हमारी रोजमर्रा की आदतों का फायदा उठाते हैं। अक्सर लोग ऑनलाइन ऑर्डर के डिलीवरी बॉक्स को बिना शिपिंग लेबल हटाए ही कचरे में फेंक देते हैं। यह मामूली बात लग सकती है, लेकिन इन लेबल्स पर आपका पूरा नाम, मोबाइल नंबर और पता जैसे निजी विवरण लिखे होते हैं, जिनका दुरुपयोग किया जा सकता है। ठग इन्हीं जानकारियों का इस्तेमाल करके खुद को कूरियर एजेंट या ग्राहक सेवा प्रतिनिधि बताकर संपर्क करते हैं। जब उनके पास आपकी जरूरी जानकारी होती है, तो उनकी बातों में सच्चाई लगती है – और यहीं से ठगी शुरू होती है। क्या है डिलीवरी बॉक्स स्कैम? हर डिलीवरी बॉक्स पर छपा शिपिंग लेबल, आपकी पहचान से जुड़ी अहम जानकारी रखता है। कई साइबर अपराधी ऐसे फेंके गए बॉक्स एकत्र कर लेते हैं और उसमें मौजूद जानकारी से आपके नाम पर फर्जी कॉल, मैसेज या वेरिफिकेशन प्रक्रिया शुरू कर देते हैं। वे इस तरह का झांसा देते हैं कि आपको लगता है कि यह कोई असली कूरियर कंपनी या कस्टमर सपोर्ट है। कैसे करते हैं धोखेबाज जाल बिछाना? एक बार जब ठगों के पास आपकी बुनियादी जानकारी आ जाती है, तो वे आपको इस तरह निशाना बना सकते हैं: नकली डिलीवरी या रिफंड के नाम पर खतरनाक लिंक या क्यूआर कोड भेजना कॉल करके खुद को कूरियर एजेंट बताना और ओटीपी या अन्य निजी जानकारी मांगना फर्जी वेरिफिकेशन फॉर्म भरवाने की कोशिश करना अगर आप ऐसे किसी संदिग्ध लिंक पर क्लिक कर देते हैं या अनजान क्यूआर कोड स्कैन कर लेते हैं, तो आपके फोन में वायरस आ सकता है या आपके बैंक अकाउंट से पैसे गायब हो सकते हैं। एक मामूली-सा डिलीवरी बॉक्स लेबल आपकी पूरी डिजिटल पहचान खतरे में डाल सकता है। इसलिए हर ऑनलाइन ऑर्डर के बाद शिपिंग लेबल को अच्छी तरह फाड़कर ही बॉक्स को फेंकें। सुरक्षित रहने के आसान उपाय: रुको, सोचो, फिर कदम उठाओ डिलीवरी बॉक्स फेंकने से पहले उस पर लगे शिपिंग लेबल को हटा दें या उस पर स्क्रैच कर दें। नाम, फोन नंबर और पता जैसे निजी विवरणों को गहरे मार्कर से छिपा दें। लेबल को छोटे-छोटे टुकड़ों में फाड़कर फेंकें। किसी अनजान कॉल या संदिग्ध मैसेज पर तुरंत भरोसा न करें। किसी भी संदेहास्पद कॉल या मैसेज की जानकारी कंपनी के आधिकारिक कस्टमर केयर से जांचें। बिना जांचे-परखे न तो पैसा ट्रांसफर करें, न ही ओटीपी या अन्य गोपनीय जानकारी साझा करें। निष्कर्ष: छोटी सावधानी, बड़ी सुरक्षा डिजिटल जमाने में फेंका हुआ एक छोटा-सा बॉक्स भी साइबर अपराध का जरिया बन सकता है। अगर हम अपनी निजी जानकारी को लेकर थोड़ी-सी सतर्कता बरतें, तो खुद के साथ-साथ अपने परिवार को भी ठगी और धोखाधड़ी से बचा सकते हैं। अगर आपको किसी साइबर धोखाधड़ी का शक हो या आप ठगी का शिकार हो गए हों, तो बिना देर किए अपने नजदीकी पुलिस थाने में संपर्क करें या साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 पर कॉल करें। फेडएक्स साइबर सुरक्षा और जागरूकता के जरिए सुरक्षित और मजबूत समाज के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। एक वैश्विक लॉजिस्टिक्स कंपनी के रूप में यह हमारी ज़िम्मेदारी है कि हम अपने ग्राहकों, कर्मचारियों और पूरे समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित करें। धोखाधड़ी से बचाव के आसान तरीकों को जानने के लिए यहां क्लिक करें। सतर्क रहें, सुरक्षित रहें!

# जोहो कॉर्प ने केरल के ग्रामीण गांव में नए परिसर के साथ अनुसंधान एवं विकास का विस्तार किया, केरल की स्टार्ट-अप असिमोव रोबोटिक्स का अधिग्रहण किया

नई दिल्ली : जोहो कॉर्पोरेशन ने केरल के कोट्टाराक्कारा में एक नए परिसर का उद्घाटन किया है। कंपनी ने असिमोव रोबोटिक्स का भी अधिग्रहण किया है और अपनी डीप टेक प्रोडक्ट स्टूडियो पहल के लिए केरल स्टार्टअप मिशन के साथ भागीदारी की है और अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) सहयोग की एक श्रृंखला के लिए स्टार्ट-अप और संगठनों के साथ सहयोग किया है। इस कार्यक्रम में बोलते हुए, वित्त मंत्री बालगोपाल ने कहा, ह्लजोहो के साथ यह सहयोग केरल के स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण में एक बड़ा कदम है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों से आईपी निर्माण, उत्पाद अनुसंधान एवं विकास और ज्ञान विकास को बढ़ावा मिलेगा। कोट्टाराक्कारा परिसर एक ऐसा मॉडल है जिसे पूरे राज्य में दोहराया जा सकता है।ह्वयह कदम रोबोटिक्स और उभरती प्रौद्योगिकियों में अपनी अनुसंधान और विकास क्षमताओं को मजबूत करने के लिए जोहो की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। 2012 में स्थापित, असिमोव रोबोटिक्स विभिन्न उद्योगों में खतरनाक और दोहराव वाले कार्यों को करने के लिए




अनुकूलित रोबोटिक समाधान विकसित करने में माहिर है। जोहो और मैनेजइंजीन ने कोच्चि स्थित डीपटेक स्टार्टअप असिमोव रोबोटिक्स के अधिग्रहण की घोषणा की है। नई सुविधा, जिसमें 250 कर्मचारी तक काम कर सकते हैं, शुरू में एआई और रोबोटिक्स पर ध्यान केंद्रित करेगी। जोहो पहले से ही आस-पास के शहरों और गांवों से स्थानीय प्रतिभाओं को काम पर रख रहा है, जिससे इसकी विकेंद्रीकरण रणनीति मजबूत हो रही है। कंपनी ने 2024 में कोट्टाराक्कारा में अपना पहला कार्यालय खोला। रणनीतिक अधिग्रहण भारत में, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों से अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी समाधान बनाने के जोहो के व्यापक लक्ष्य के अनुरूप है। कोट्टाराक्कारा के नेदुवथूर में स्थित केंद्र का उद्घाटन मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने किया, जिन्होंने शहरी केंद्रों के बाहर एक प्रमुख परिसर स्थापित करने के कंपनी के फैसले का स्वागत किया। कोट्टाराक्कारा परिसर, जिसमें 250 लोगों के बैठने की क्षमता है, शुरू में एआई और रोबोटिक्स अनुसंधान के लिए समर्पित होगा जोहो कॉर्प ने 2024 में शहर में अपना कार्यालय खोला था, और स्थानीय स्तर पर और पड़ोसी शहरों और गांवों से लोगों को काम पर रख रहा है। पहले तीन महीनों के लिए, प्रशिक्षु एक कौशल विकास पाठ्यक्रम से गुजरते हैं,

# शकूरबस्ती का नाम श्री रामपुरम रखने की मांग भाजपा विधायक के समर्थन में स्थानीय लोग



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली,। दिल्ली में भाजपा सरकार बनने के बाद कुछ जगहों के नाम बदलने की मांग ने जोर पकड़ा है। इसी क्रम में शकूरबस्ती विधानसभा क्षेत्र का नाम बदलने की मांग तेज है। शकूरबस्ती के विधायक करनैल सिंह खुद अपने विधानसभा क्षेत्र का नाम श्री रामपुरम करने का प्रस्ताव दे चुके हैं। फिलहाल भाजपा विधायक को स्थानीय लोगों का समर्थन मिल रहा है। करनैल सिंह अपने विधानसभा क्षेत्र में आरडब्ल्यूए से समर्थन के लिए अभियान चला रहे हैं। शकूरबस्ती के स्थानीय निवासियों ने विधायक करनैल सिंह की पहल का खुलकर समर्थन किया है। क्षेत्रवासियों ने एक पत्र के जरिए विधायक को धन्यवाद देते हुए इस नाम परिवर्तन को सांस्कृतिक पुनर्जागरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने लिखा, आपके विधानसभा क्षेत्र शकूरबस्ती के निवासी पत्र के माध्यम से आपकी उस सराहनीय पहल का पूर्ण समर्थन करते हैं, जिसमें आपने शकूरबस्ती से बदलकर श्री रामपुरम रखने का प्रस्ताव किया। निवासियों ने पत्र में लिखा, श्री रामपुरम नाम न सिर्फ सांस्कृतिक मूल्यों का प्रतीक है, बल्कि यह हमारे क्षेत्र की गरिमा और विकासशील छवि को भी बेहतर रूप से दर्शाता है। वर्तमान नाम शकूरबस्ती आधुनिक पहचान से मेल नहीं खाता और उसमें सुधार समय की जरूरत है। निवासियों ने विधायक करनैल सिंह से आग्रह किया है कि इस प्रस्ताव को दिल्ली सरकार, संबंधित विभागों और भारत सरकार तक पहुंचाया जाए, ताकि इसे शीघ्र अमल में लाया जा सके। उन्होंने केंद्र सरकार से भी इस प्रक्रिया में सहयोग की उम्मीद जताई है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यह सिर्फ नाम परिवर्तन नहीं, बल्कि क्षेत्र के लिए नई पहचान, आत्मगौरव और सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक बनेगा। स्थानीय लोगों ने भरोसा जताया कि विधायक करनैल सिंह के नेतृत्व में यह प्रस्ताव आगे बढ़ेगा और सफल होगा। शकूरबस्ती के अलावा दिल्ली में नजफगढ़ और मुस्तफाबाद विधानसभा क्षेत्रों के नाम बदलने की मांग भी उठ चुकी है। भाजपा विधायकों ने विधानसभा सत्र के दौरान अपने-अपने क्षेत्रों के नाम बदलने का अनुरोध किया था। नजफगढ़ को नाहरगढ़ और मुस्तफाबाद का नाम बदलकर शिव विहार करने का अनुरोध किया गया था।

# प्रगति मैदान कॉरिडोर के अधूरे अंडरपास का निर्माण कार्य मानसून के बाद : प्रवेश वर्मा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली,। राजधानी दिल्ली को नई रफ्तार देने के लिए प्रगति मैदान-भैरो मार्ग टनल का काम का तेजी से जारी है। दिल्ली के लोक निर्माण (पीडब्ल्यूडी) मंत्री प्रवेश वर्मा ने सोमवार को कहा कि आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय (एमओएचयूए) से मंजूरी मिलने के बाद पीडब्ल्यूडी द्वारा टनल का काम आठ से नौ महीने में पूरा कर लिया जाएगा। प्रवेश वर्मा ने भाजपा सांसद मनोज तिवारी और पीडब्ल्यूडी इंजीनियरों के साथ मिलकर सोमवार को काम का जायजा लेने के लिए टनल का निरीक्षण किया। मंत्री ने कहा कि दो साल पहले यमुना में आई बाढ़ और पिछली सरकार की लापरवाही के कारण परियोजना में देरी हुई। फिलहाल, अंडरपास का केवल आधा हिस्सा ही खोला गया है क्योंकि



दूसरा रैंप पूरा नहीं हुआ है। इसे प्रगति मैदान में मेन टनल के साथ खोला जाना था। यह टनल प्रगति मैदान ट्रांजिट कॉरिडोर का हिस्सा है। इसका मकसद सैंट्रल दिल्ली से सराय काले खां, आईएसबीटी, आश्रम और अन्य क्षेत्रों में जाने वाले यात्रियों के लिए एक मार्ग प्रदान करना है। गौरतलब है कि दिल्ली में सरकार बदलने के बाद से विकास कार्यों में तेजी देखी जा रही है। बीते दिनों मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा था कि दिल्ली सरकार वर्षों से अटकी योजनाओं को फिर से जमीन पर ला रही है ताकि हर नागरिक को उसका हक मिल सके। उन्होंने कहा था कि हम उन फाइलों को जमीन पर उतार रहे हैं जो वर्षों से धूल खा रही थीं। दिल्ली में जल शासन अब जवाबदेह, सक्षम और संवेदनशील बनेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार अब उन महत्वपूर्ण योजनाओं को प्राथमिकता दे रही है जो पिछली सरकारों की सुस्ती के कारण फाइलों में दबी पड़ी थीं। प्रवेश वर्मा ने कहा कि सरकार का लक्ष्य राजधानी को स्मार्ट और सुंदर बनाना है और इसके लिए बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर काम किया जा रहा है। दिल्ली सरकार यमुना रिवरफ्रंट परियोजना और अन्य परियोजनाओं पर काम कर रही है।

# छात्रों की भूख हड़ताल के बीच जेएनयू प्रशासन ने उठाया कड़ा कदम

नई दिल्ली,। दिल्ली में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में छात्र संघ की अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल के बीच प्रशासन ने बड़ा कदम उठाते हुए पीएचडी छात्रों के लिए छात्रावास सुविधा विस्तार और दिसंबर 2025 में पीएचडी दाखिला कार्यक्रम शुरू करने की घोषणा की है। यह कदम छात्र संघ और प्रशासन के बीच चल रहे तनाव को कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पिछले महीने 26 जून से छात्र संघ अध्यक्ष नीतीश कुमार सहित कई छात्र अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे हैं। छात्रों की मांगों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए पीएचडी प्रवेश में प्रवेश परीक्षा की बहाली, वाइवा अंकों की प्राथमिकता कम करना, छात्रावास खाली करने के नोटिस वापस लेना, थीसिस जमा होने तक छात्रावास सुविधा, प्राक्टोरियल जांच बंद करना, जून 2025 के नेट उम्मीदवारों के साथ भेदभाव न करना और मासिक छात्रवृत्ति (एमसीएम) को बढ़ाकर 5,000 रुपये करना शामिल है।

# एक बार फिर मांस-मछली बैन की मांग



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली,। दिल्ली में एक बार फिर से मांस-मछली पर रोक लगाए जाने की मांग उठने लगी है। नवरात्रि से पहले बीजेपी विधायक ने इच्छा जताई है कि कांवड़ यात्रा वाले मार्ग पर मीट की दुकानें बंद की जाएं। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और राज्यपाल विनय सक्सेना को पत्र लिखा है और अनुरोध किया है कि नवरात्रि की तरह ही कांवड़ यात्रा के दौरान भी यह नियम फॉलो किया जाए। बीजेपी विधायक विधायक तरविंदर सिंह मारवाह ने बताया, जैसा कि आपने नवरात्रि के दौरान देखा, हमने नौ दिनों तक 70-80% दुकानें बंद रखने में बड़ी सफलता हासिल की। मुख्यमंत्री ने विचार करने के लिए समय मांगा है और एलजी भी इस पर विचार कर रहे हैं। मैं गृह मंत्री से भी मिलूंगा इससे पहले हिंदू सेना ने भी सीएम और राज्यपाल को इसी मांग के तहत पत्र लिखा था। हिंदू सेना ने भी अनुरोध किया है कि कांवड़ यात्रा के दौरान मार्ग पर आने वाले सभी बुचड़खानों और दुकानों को यात्रा अवधि तक बंद किया जाए। वहीं, विष्णु गुप्ता ने यह मांग भी रखी है कि यात्रा मार्ग पर आने वाले सभी रेस्टोरेंट और ढाबों की जांच हो, ताकि कोई पहचान छुपाकर सामान न बेच सके। हिंदू सेना ने दावा किया है कि पिछले साल कुछ असामाजिक तत्वों ने अपनी पहचान छुपाकर कांवड़ियों को खाना परोसा था। इससे श्रद्धालुओं को दिक्कत हुई थी और माहौल तनावपूर्ण हो गया था।

# विसावदर-लुधियाना पश्चिम उपचुनाव सेमीफाइनल की तरह, 2027 में गुजरात और पंजाब में आप की सरकार बनेगी: केजरीवाल

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली/पंजाब, आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने लुधियाना पश्चिम उपचुनाव में मिली शानदार जीत के लिए सोमवार को स्थानीय लोगों और कार्यकर्ताओं से मिलकर उनका धन्यवाद किया। लुधियाना में आयोजित धन्यवाद सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि लुधियाना पश्चिम उपचुनाव में आप की जीत इस बात का सबूत है कि पंजाब की जनता को हमारी काम की राजनीति ही पसंद है। जनता ने हमारी सरकार के काम पर फिर से अपनी पक्की मुहर लगाई है। उन्होंने कहा कि विसावदर-लुधियाना पश्चिम उपचुनाव सेमीफाइनल की तरह है, जो इस बात का संकेत है कि 2027 में गुजरात और पंजाब में आप की सरकार बनेगी। इस दौरान पंजाब के सीएम भगवंत मान, पंजाब प्रभारी मनीष सिसोदिया, प्रदेश अध्यक्ष अमन अरोड़ा, कार्यकारी अध्यक्ष अमनशेर सिंह समेत पार्टी के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

**बीजेपी जितनी जुल्म करेगी, जनता उतनी ही आप के साथ जुड़ेगी- केजरीवाल**

अरविंद केजरीवाल ने लुधियाना पश्चिम और विसावदर उपचुनाव में शानदार जीत के लिए सभी कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि गुजरात में बीजेपी की सरकार है, उसकी 30 साल से सरकार है। गुजरात बीजेपी का गढ़ है और उसे हिला पाना लगभग नामुमकिन है। इसके बावजूद विसावदर उपचुनाव में आप 17 हजार से अधिक मतों के अंतर से जीत दर्ज किया। इस हार के बाद बीजेपी इतनी बौखला गई है कि दो दिन पहले हमारे एक विधायक चैतर बसावा को गिरफ्तार कर लिया। बीजेपी जितनी जुल्म करेगी, जनता उतनी ही आम आदमी पार्टी के साथ जुड़ेगी। लुधियाना पश्चिम और विसावदर का चुनाव पंजाब और गुजरात के आम चुनाव का सेमी फाइनल है। पंजाब में फरवरी 2027 और गुजरात में दिसंबर 2027 में चुनाव है। लुधियाना और विसावदर चुनाव परिणाम का संकेत है कि 2027 में पंजाब और गुजरात में भारी बहुमत से आम आदमी पार्टी जीतने जा रही है।

**लुधियाना में आप ने पंजाब की तरक्की के लिए वोट मांगा, लेकिन बीजेपी-कांग्रेस ने मुझे राज्यसभा जाने से रोकने के लिए वोट मांगा- केजरीवाल**

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पिछले तीन साल में भगवंत मान के नेतृत्व में आप की सरकार ने जबरदस्त काम किया है। लुधियाना पश्चिम की जीत आप सरकार के काम पर ठप्पा है। जनता ने आप सरकार के अच्छे काम पर अपनी मोहर लगा दी है। कांग्रेस, अकाली दल और बीजेपी के पास कोई मुद्दा नहीं बचा है। लुधियाना पश्चिम के चुनाव में ह्वाह्यआपहह्ह बिजली, पानी, शिक्षा, नशा खत्म करने, अच्छी सड़कें बनाने के नाम जनता से वोट मांग रही थी। हम पंजाब की तरक्की के लिए वोट मांग रहे थे और कांग्रेस-बीजेपी वाले केजरीवाल को राज्यसभा जाने से रोकने के नाम पर वोट मांग रहे थे। कांग्रेस-बीजेपी वाले कह रहे थे कि संजीव अरोड़ा जीत गए तो केजरीवाल राज्यसभा चला जाएगा।

**जनता को मूलभूत सुविधाओं से मतलब है, जिसकी बात कांग्रेस-बीजेपी कभी नहीं करती- केजरीवाल**

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि एक दिन भगवंत मान ने मुझसे पूछा कि क्या आपको राज्यसभा जाना है। मैंने इन्कार कर दिया, तो भगवंत मान ने कहा कि यह बात मैं सबके सामने स्पष्ट कर दूं, लेकिन मैंने इनको इसी मुद्दे पर चुनाव लड़ने दो। चुनाव के बाद स्पष्ट कर देंगे। चुनाव बाद मैंने दिल्ली में प्रेस कांफ्रेंस कर एलान किया कि मुझे राज्यसभा नहीं जाना है। मैंने चुनाव में कांग्रेस-बीजेपी को इसी मुद्दे पर उलझा कर रखा। जनता को इस बात से कोई मतलब नहीं है कि केजरीवाल को राज्यसभा जाना है या नहीं जाना है। जनता के पास सौ समस्याएं हैं। उनके घर का खर्च नहीं चल पा रहा है। आपको छोड़कर कोई भी पार्टी बिजली, सड़क, पानी की बात नहीं करती है।

**कांग्रेस-बीजेपी का एक ही दुश्मन आम आदमी पार्टी है- केजरीवाल**

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि कांग्रेस-बीजेपी में जबरदस्त सेटिंग है। सुबह कांग्रेस तो दोपहर बाद बीजेपी वाले प्रेसवार्ता करके कहते थे कि केजरीवाल को राज्यसभा जाने से रोकना है। कांग्रेस-बीजेपी का एक ही दुश्मन आम आदमी पार्टी है। क्योंक ह्वाह्यआपहह्ह ने इन दोनों की राजनीति खत्म कर दी है। मैंने गुजरात के लोगों से बीजेपी-कांग्रेस के रिश्ते के बारे में पूछा तो कुछ लोगों ने बताया कि भाई-बहन हैं तो कुछ ने बताया कि पति-पत्नी है। मेरा मानना है कि कांग्रेस-बीजेपी न भाई-बहन हैं, न पति-पत्नी हैं, बल्कि ये प्रेमी-प्रेमिका हैं, जो रात के अंधेरे में छिप-छिप कर मिलते हैं। सारे गलत काम करते हैं। ये मिलकर चुनाव लड़ते हैं, लेकिन ये शादी नहीं कर सकते, क्योंकि समाज को इनकी शादी पसंद नहीं है। अब सब जनता के सामने आ गया है। दिल्ली में भी ये दोनों मिलकर चुनाव लड़े थे।

**कांग्रेस, बीजेपी और अकाली दल ने पंजाब में नशा फैलाया, अब आप सरकार उसके खिलाफ कड़ा एक्शन ले रही- केजरीवाल**

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि अच्छी राजनीति यह कहती है कि अगर कोई अच्छा काम कर तो उसकी तारीफ करो, उस पर गंदी राजनीति मत करो। हम लोगों ने नशे के खिलाफ इतना बड़ा युद्ध छेड़ा है। पंजाब में कांग्रेस-बीजेपी वाले ही नशा लेकर आए थे।

# वृक्ष ही जीवन है, हमें अधिक से अधिक संख्या मे वृक्षारोपड़ करना चाहिए: महबूब अली




प्रात: किरण संवाददाता

अमरोहा। समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता, पूर्व कैबिनेट मंत्री/सदर विधायक/लोक लेखा समिति के चेयरमैन हाजी महबूब अली ने चलाये जा रहे अभियान वन महोत्सव में बिजनौर रोड जटीवन पार्क अमरोहा में पौधा रोपड़ किया। श्री अली ने कहा कि वृक्ष ही जीवन है, हमें अधिक से अधिक संख्या मे वृक्षारोपड़ करना चाहिए, पर्यावरण में बढ़ते प्रदुषण की वजह से वृक्षारोपड़ की आवश्यकता अधिक है, वृक्ष जीवन प्रदान करने वाली आक्सीजन प्रदान करते है तथा कार्बन डाई आक्साइड को अपने अन्दर ग्रहण करते है, आक्सीजन के बिना मानव जीवन का अस्तित्व असम्भव है। आज के समय तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है इस तापमान वृद्धि को रोकने के लिए वृक्षा रोपड़ बहुत जरूरी है। हमें पर्यावरण को प्रदुषण से मुक्त रखने के लिए अधिक से अधिक पौधो को लगाना चाहिए। इस मौके पर वन विभाग के अधिकारी एवं सैकड़ो की संख्या में वन प्रेमी मौजूद रहे।

# श्री वेंक्टेश्वरा में ओरिन्टेशन प्रोग्राम दीक्षारम्भ नियोफेस्ट, 2025 का आयोजन

● नर्सिंग क्षेत्र में योग्य समर्पित एवं ट्रैण्ड प्रोफेशनल्स तैयार कर रहा है वेंक्टेश्वरा समूह : डॉ राजीव त्यागी

प्रात : किरण संवाददाता



अमरोहा/गजरौला। छात्र-छात्राओ ने विभिन्न रंगारग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर दीक्षारम्भ नियोफेस्ट-2025 में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओ के लिए ओरिन्टेशन प्रोग्राम दीक्षारम्भ नियोफेस्ट-2025 का शानदार आयोजन किया गया। जिसमें संस्थान प्रबन्धन एवं प्रशासन ने नवागुन्तक नर्सिंग छात्र-छात्राओ को स्वागत करते हुए उन्हे अपने अन्तर्राष्ट्रीय डिमाण्ड के अनुरूप तैयार करने की शपथ दिलाते हुए देश सेवा में जुड़ने का आवहान किया। इस अवसर पर पुराने छात्र-छात्राओ ने शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर समारोह को यादगार बना दिया। समूह चेयरमैन सुधीर गिरि ने सभी नवप्रवेशित नर्सिंग छात्र-छात्राओ को नये सुनहरे भविष्य की शुभकामनाऐं देते हुए उनसे शत-प्रतिशत देते हुए देश सेवा में जुड़ने का आवहान किया। सोमवार को श्री वेंक्टेश्वरा संस्थान के टैगौर भवन मं आयोजित दीक्षारम्भ नियोफेस्ट-2025 कार्यक्रम का शुभारम्भ समूह अध्यश सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ0 राजीव त्यागी, कुलपति डॉ0 कृष्ण कान्त दवे, नर्सिंग प्रिंसिपल डॉ0 ऐना ऐरिक ब्राउन आदि ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया। अपने सम्बोधन में संस्थापक अध्यश श्री सुधीर गिरि ने कहा कि पूरी दुनिया में भारत की नयी शिक्षा नीति बहुत ही शानदार है, जिसमें सभी क्षेत्रो के युवाओ के लिए ढेरो रोजगार की सम्भावनाऐं निहित है, लेकिन नर्सिंग जैसी पुनीत एवं मानवीय सेवा जैसा कोई दूसरा प्रोफेशन हो ही नहीं सकता। नर्सिंग प्रोफेशनल्स का रोल किसी भी मायने में चिकित्सक से कमतर नहीं है। वेंक्टेश्वरा समूह पिछले एक दशक में विभिन्न क्षेत्रो में हजारो स्किल्ड नर्सिंग प्रोफेशनल्स तैयार कर चुका है। ये बडे गौरव की बात है कि संस्थान के नर्सिंग प्रोफेशनल्स युवा आज देश एवं दुनिया के विभिन्न हॉस्पीटल/स्वास्थ्य संस्थानो में कार्य कर रहे है। लेकिन बदलते परिवेश में हमे युवाओ की नयी शिक्षा नीति के अनुरूप राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय जरूरतो के हिसाब से प्रशिक्षित करना होगा ताकि ये युवा राष्ट्रीय/अन्तर्राष्ट्रीय मंचो पर अपनी प्रभावी उपस्थित दर्ज कर सके। प्रतिकुलाधिपति डॉ0 राजीव त्यागी ने कहा कि पिछले एक दशक में भारतीय युवाओ ने विशेष रूप से नर्सिंग/पैरामेडिकल एवं मेडिकल्स प्रोफेशनल्स ने शानदार तरीके से काम करके भारत का गौरव बढाने का काम किया है। हम अपने यहां प्रवेशित नर्सिंग छात्र-छात्राओ को एक सफल एवं सुरक्षित कैरियर देने के लिए प्रतिबद्ध है। दीक्षारम्भ नियोफेस्ट-2025 कार्यक्रम को कुलपति डॉ0 कृष्ण कान्त दवे, कुलसचिव डॉ0 पीयूष पाण्डेय, डॉ0 ऐना ऐरिक ब्राउन ने सम्बोधित किया। इस अवसर पर डॉ0 दर्पण कौशिक, डॉ0 नीतू पवांर, डॉ0 ओमप्रकाश गोसाई, डॉ0 सुमन कश्यप, डॉ0 मंजरी राणा, पूजा ऐरी, नीमा, अनुषा कर्णवाल, स्मिता चंद्रा, हुमा कौशर, निशा, हिमानी गरजोला, तहसीर आलम, शुऐब रजा, जुबैर आलम, अखिल कुमार, अनुज कुमार शर्मा, मेरठ परिसर से प्रताप सिंह एवं मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

# दिल्ली भाजपा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन पर आधारित नाट्य मंचन करेगी आयोजित

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता




नई दिल्ली,। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जयंती पर नाट्य प्रस्तुति की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दिल्ली भाजपा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन पर नाट्य मंचन प्रस्तुत करने जा रही है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आज दिल्ली प्रदेश कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचारो को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पिछले एक महीने से दिल्ली भाजपा द्वारा तैयारी की जा रही है और मंगलवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा की उपस्थिति में कमानी ऑडिटोरियम में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन पर आधारित नाट्य मंचन का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि एक राजनीतिक पार्टी के रूप में भाजपा का हर कार्यकर्ता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचारो को अनुसरण करता है। भाजपा विचार आधारित पार्टी है। सचदेवा ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने हमेशा सिर्फ ध्येय के लिए काम किया कभी पद के लिए काम नहीं किया। इसलिए उन्होंने देश की एकता और अखंडता के लिए अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र सर्वप्रथम के विचार से आगे बढ़ना उनका एक मात्र लक्ष्य था और आज उन्होंने जो बीज लगाया था वह भारतीय जनता पार्टी के रूप में एक वटवृक्ष बनकर विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनने का सौभाग्य प्राप्त कर चुका है। वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि 8 जुलाई को शाम चार बजे होने वाले नाटय मंचन में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन से जुड़े पहलु देखने को मिलेंगे। बाल्या अवस्था में उनका स्वभाव, कॉलेज जीवन से लेकर युवा कुलपति बनने तक का सफर। राजनीतिक प्रवेश से लेकर देश की एकता के लिए नेहरू मंत्रिमंडल से इस्तीफा देना और फिर जम्मू कश्मीर यात्रा और शेख अब्दुल्ला से मिलना है। इन सभी विषयों को दिखाने की कोशिश किया गया है। इसमें भाग लेने वाले कलाकार राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय से हैं। इस अवसर पर दिल्ली भाजपा मोर्चों के प्रभारी सुमित भसीन और प्रवक्ता नितिन त्यागी भी उपस्थित थे।

# न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में लूट के चार आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली,। दक्षिण-पूर्वी जिले के न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी थाना पुलिस ने एक व्यक्ति से मारपीट कर बैग व मोबाइल फोन लूटने के चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एक नाबालिग साथी को भी पकड़ा है। आरोपितों की पहचान तैमूर नगर निवासी देव उर्फ दीपक, प्रिंस कुमार, मानव और दीपक के रूप में हुई है। आरोपितों ने बताया कि दीपक का जन्मदिन मनाने के लिए उनके पास पैसे नहीं थे। पार्टी करने के लिए उन्होंने लूट की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने इनसे लूटा गया मोबाइल फोन बरामद कर लिया है। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त ऐश्वर्या शर्मा ने बताया कि पांच जुलाई की रात करीब 11.30 बजे पीड़ित शंकर राय ने पुलिस को सूचना दी कि न्यू फ्रेंड्स कालोनी स्थित सीवी रमन मार्ग पर रायस होटल के पास चार-पांच बदमाशों ने उनके साथ मारपीट कर बैग और मोबाइल फोन लूट लिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक कर आरोपितों की पहचान की। तकनीक की मदद से पुलिस ने तैमूर नगर से देव उर्फ दीपक, प्रिंस कुमार, मानव, दीपक उनके इनके एक नाबालिग साथी को पकड़ा। पुलिस ने इनके पास से लूटा गया मोबाइल फोन भी बरामद कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपितों ने बताया कि दीपक की जन्मदिन की पार्टी मनाने के लिए उनके पास नहीं थे।

# शादी का झांसा देकर युवती से की ठगी, आरोपित गिरफ्तार



नई दिल्ली,। दक्षिण-पूर्वी जिले के शाहीन बाग थाना पुलिस ने सोशल मीडिया के माध्यम से प्रेमजाल में फंसाकर युवती से 80 ग्राम सोने के आभूषण ठगने वाले एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित ने इंस्टाग्राम पर युवती से दोस्ती कर उसके साथ प्रेम संबंध का दिखावा किया और शादी का झांसा देकर उसे धोखा दे दिया। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से सभी सोने के आभूषण बरामद कर लिए हैं। दक्षिण-पूर्वी जिले की एडिशनल डीसीपी ऐश्वर्या शर्मा ने बताया कि पांच जुलाई को शाहीन बाग थाना में ठगी की शिकायत दर्ज हुई। पुलिस को 19 वर्षीय युवती ने बताया कि वह बीते 45 दिनों से इंस्टाग्राम पर एक व्यक्ति सैफ के संपर्क में थी। बातचीत के दौरान दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं और फोन नंबर का आदान-प्रदान भी हुआ। आरोपित ने उसे प्रेम और शादी का झांसा देकर विश्वास में ले लिया। दो जुलाई को आरोपित ने पीड़िता से कहा कि उसके पिता बीमार हैं और उसे पैसों की सख्त जरूरत है। जब पीड़िता ने बताया कि उसके पास नकद नहीं है, तो आरोपित ने कहा कि अगर वह अपने शादी के लिए बनाए गए सोने के गहने दो दिनों के लिए उधार दे दे, तो वह उन्हें गिरवी रखकर पैसे की व्यवस्था कर लेगा। पीड़िता आरोपित के झांसे में आ गई। इधर पीड़िता ने कुछ दिन के बाद अपने अभूषण वापस मांगे। आरोपित के लगातार टाल-मटोल करने और संपर्क से गायब होने पर पीड़िता ने अपनी मां को सारी बात बताई। फिर शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने पीड़िता के बयान पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस टीम ने तकनीकी निगरानी और गुप्त सूचनाओं के आधार पर आरोपित की लोकेशन ट्रेस की और उसे जी-50/11, शाहीन बाग स्थित उसके किराये के मकान से धर दबोचा। उसकी पहचान सैफीउल्लाह उर्फ सैफ (23) के रूप में हुई। पुलिस पूछताछ में आरोपित सैफीउल्लाह ने बताया कि वह मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बिजनौर का रहने वाला है। वह दिल्ली में इलेक्ट्रीशियन का काम करता है। आर्थिक तंगी के चलते उसने युवती को ठगने की योजना बनाई। उसने पहले महिला से प्रेम जताया, फिर बीमारी का बहाना बनाकर गहने हड़प लिए। गहनों को बेचकर पैसे कमाने का उसका इरादा था। पुलिस ने जनता से सोशल मीडिया पर अनजान लोगों से दोस्ती करने से पहले सतर्कता बरतने की अपील की है। साथ ही युवाओं को भावनात्मक और वित्तीय धोखाधड़ी से सावधान रहने की सलाह दी है।

# सोनागिर में दिव्यांगों को मिले उनके दिव्य अस्त्र

● ऋषि सिंघई बोले – समाज की दिनचर्या की लड़ाई में साथ देंगे ये उपकरण

प्रात : किरण . मनोज जैन








सोनागिर (मध्य प्रदेश), 6 जुलाई 2025 – श्री दिगम्बर जैन सिद्धक्षेत्र, सोनागिर में स्थित पहाड़ी पर 77 जैन मंदिरों के बीच, आज 58वां निःशुल्क विराट दिव्यांग कैम्प आयोजित किया गया। इस कैम्प का आयोजन अखिल भारतीय संस्था तरुण मित्र परिषद, दिल्ली द्वारा किया गया, जिसमें 51 दिव्यांगों को कृत्रिम अंग (हाथ-पैर), पोलियोकैलिपर्स, ऑथोर्शूज, स्टिक, बैसाखियाँ और श्रवण यंत्र प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित संयुक्त कलेक्टर एवं उपसंचालक सामाजिक न्याय ऋषि कुमार सिंघई ने कहा कि यह आयोजन दिव्यांगों के लिए किसी अस्त्र की भांति है, जिससे वे समाज में अपनी दैनिक जीवन की लड़ाई स्वयं लड़ सकेंगे। उन्होंने तरुण मित्र परिषद के समर्पण की सराहना की और कहा कि ऐसे आयोजनों से मानवता को बल मिलता है। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास अधिकारी अरविंद उपाध्याय, परियोजना अधिकारी ग्वालियर से श्री मनोज कुमार, भोपाल से अखिलेश चतुर्वेदी, और राजगढ़ से केदार शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री सिद्धक्षेत्र सोनागिर संरक्षिणी ट्रस्ट के महामंत्री बाल चंद जैन ने की। परिषद के अध्यक्ष अशोक जैन ने बताया कि यह शिविर जियालाल सुमेरचंद जैन की स्मृति में उनके पुत्रों राजेश व राकेश जैन तथा सुभाष चंद जैन परिवार (दिल्ली) के सहयोग से आयोजित किया गया। उन्होंने सहसचिव आलोक जैन, संयोजक समकित जैन, अमन जैन, रविन्द्र कुमार जैन, वैभव जैन, विपुल जैन, जिला प्रशासन की निधि गुप्ता, और सामाजिक न्याय विभाग के विनोद मिश्र सहित सभी सहयोगियों का आभार प्रकट किया।

# यूजीसी ड्राफ्ट रेगुलेशन पर डूटा की आपत्ति, पांच प्रतिशत कक्षाएं ऑनलाइन करने का विरोध

नई दिल्ली,। दिल्ली विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (डूटा) ने राष्ट्रपति को शिक्षा मंत्रालय के माध्यम से एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा है। इसमें यूजीसी ड्राफ्ट रेगुलेशन 2025 को वापस लेने और शिक्षकों की लंबित शैक्षणिक व सेवा-संबंधी समस्याओं के समाधान की मांग की गई है। ज्ञापन को डीयू के लगभग दो हजार शिक्षकों का समर्थन प्राप्त है। इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में एक प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए डूटा अध्यक्ष प्रो. एके भागी ने कहा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत लागू चौथे वर्ष के अंडरग्रेजुएट करिकुलम फ्रेमवर्क (यूजीसीएफ) की कमियों को उजागर किया। उन्होंने बताया कि इसकी अव्यवहारिक संरचना, अत्यधिक पेपर लोड और मुख्य विषयों में कम क्रेडिट से शैक्षणिक गहराई प्रभावित हुई है। बढ़ते कार्यभार के बावजूद न पर्याप्त नियुक्तियां हुईं और न ही आधारभूत सुविधाएं बढ़ाई गईं। विश्वविद्यालय की अकादमिक गुणवत्ता के लिए ऑनलाइन माध्यम खतरा भीड़भाड़ वाली कक्षाएं, संसाधनों की कमी और शैक्षणिक कैलेंडर का अभाव छात्रों व शिक्षकों के लिए बाधा बन रहा है। प्रो. भागी ने स्वयम और मूक्स जैसे ऑनलाइन माध्यमों को विश्वविद्यालय की अकादमिक गुणवत्ता के लिए खतरा बताया। कहा कि पांच प्रतिशत कक्षाएं आनलाइन अनिवार्य करना शिक्षा के हित में नहीं है। चौथे वर्ष का सेशन शुरू हो रहा है लेकिन प्रयोगशालाओं में सामान नहीं है और पाठ्यक्रम के मुताबिक पढ़ाना संभव नहीं दिख रहा है। प्रो. भागी ने बताया कि ईडब्ल्यूएस विस्तार के लिए आवश्यक नए शैक्षणिक पदों को शिक्षा मंत्रालय ने स्वीकृति नहीं दी है, न ही एनईपी की बढ़ती जरूरतों के लिए अतिरिक्त आर्थिक सहायता दी गई है। इससे शिक्षकों की चुनौतियां बढ़ी हैं और एनईपी 2020 के उद्देश्य कमजोर हुए हैं। डूटा ने यूजीसीएफ की समग्र समीक्षा, हितधारकों की भागीदारी और सुसंगत शैक्षणिक कैलेंडर की बहाली की मांग की। एमफिल और पीएचडी के लिए वेतन वृद्धि बरकरार डूटा की कोषाध्यक्ष डा. आकांक्षा खुराना ने बताया कि बिना आधारभूत ढांचे, वित्तीय संसाधनों और फीडबैक के नीतिगत पहलें सार्वजनिक विश्वविद्यालयों की स्थिरता को खतरे में डाल रही हैं। प्रो. भागी ने कहा कि डूटा मांग करता है कि एमफिल और पीएचडी के लिए वेतन वृद्धि बरकरार रखी जाए। पूर्व तदर्थ सेवाओं की पूर्ण मान्यता हो, समयबद्ध, पारदर्शी पदोन्नति प्रक्रिया अपनाई जाए। शोध अवकाश के लिए बेहतर सुविधाएं दी जाएं। वरिष्ठ प्रोफेसर पदों पर मनमाने प्रतिबंध हटाए जाएं। डूटा के उपाध्यक्ष डा. सुधांशु कुमार ने पुस्तकालयाध्यक्षों, शारीरिक शिक्षा निदेशकों और ओएमएसपी प्रशिक्षकों के लिए सेवा शर्तों, सेवानिवृत्ति आयु और पदोन्नति में समानता की मांग की। उन्होंने ह्लनॉट फाउंड सूटेबलह्व (एनएफएस) प्रविधान के दुरुपयोग की निंदा की, जो आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के हितों को नुकसान पहुंचाता है। गैर-शिक्षकीय शैक्षणिक स्टाफ के लिए करियर संवर्धन योजनाओं की मांग डूटा ने यूजीसी के स्क्रीनिंग मानदंडों का सख्ती से पालन, रिक्त पदों की शीघ्र पूर्ति और गैर-शिक्षकीय शैक्षणिक स्टाफ के लिए करियर संवर्धन योजनाओं की मांग की। डूटा ने राष्ट्रपति और शिक्षा मंत्रालय से तत्काल हस्तक्षेप की अपील की और मांगों पर गौर करने का अनुरोध किया। इस मौके पर डूटा सचिव प्रो. अनिल कुमार, प्रो. आदित्य नारायण मिश्रा, प्रो. रुद्राशीष चक्रवर्ती आदि मौजूद रहे।

# जमानत के बदले हरियाली अमेठी डीएम संजय चौहान की पहल बनी पर्यावरण संरक्षण की मिसाल





प्रात: किरण संवाददाता, नादिर त्यागी

अमेठी। जनपद अमेठी में जिलाधिकारी संजय चौहान द्वारा शुरू की गई एक अनूठी और सराहनीय पहल ने न सिर्फ न्यायिक प्रक्रिया को पर्यावरणीय उत्तरदायित्व से जोड़ा है। बल्कि समाज में सुधार की एक नई दिशा की तैयार की है। डीएम संजय चौहान की यह पहल जुर्म छोड़ो, पेड़ जोड़ो जैसे संदेश को अब जमीन पर उतारते हुए पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणा बनने की ओर अग्रसर है।

## पौधारोपण के बदले जमानत- एक क्रांतिकारी प्रयोग

अमेठी डीएम संजय चौहान ने आदेश दिया है कि अब अमेठी में सी आर पी सी की धारा 151, 107 व 116 के अंतर्गत शांति भंग के मामलों में आरोपी तभी जमानत पा सकेंगे जब वे पौधारोपण करेंगे और उसकी देखरेख की जिम्मेदारी भी निभाएंगे। आरोपी को पौधा लगाकर उसकी फोटो और स्थान की जानकारी संबंधित अधिकारियों को देनी होगी। इस प्रक्रिया की निगरानी लेखपाल व कानूनगो के जरिए सुनिश्चित की जाएगी। यह अभिनव कदम न केवल अपराधियों में सुधार की भावना जागृत कर रहा है, बल्कि अमेठी की धरती को हरा-भरा बनाने की दिशा में भी एक सार्थक प्रयास है।

## चौहान मॉडल: जहां अपराध से सेवा की ओर बढ़ता है समाज

मुरादाबाद। इस नवाचार की प्रेरणा आवास विकास परिषद बरेली जोन के डिप्टी हाउसिंग कमिश्नर मांगे राम चौहान के वर्ष 2019 में जनपद अमरोहा में लागू किए गए चौहान मॉडल से मानी जा रही है। उस समय रुऊ रहते हुए उन्होंने महसूस किया कि पृथ्वी और व्यक्ति दोनों का तापमान बढ़ रहा है। और इसका समाधान प्रकृति से जुड़ाव में है। उन्होंने जमानत के लिए हरित बंध पत्र की अनिवार्यता लागू की, जिसके तहत अभियुक्तों को पौधारोपण कर उसकी देखभाल का शपथ पत्र भरना पड़ता था। इस प्रयास से 20,000 से अधिक पौधे लगाए गए, और यह मॉडल तत्कालीन मुख्य सचिव से लेकर उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी तक में प्रशंसा पा चुका है। अमरोहा में लागू इस मॉडल को न सिर्फ परमार्थ निकेतन के स्वामी चिदानंद सरस्वती, स्वामी चक्रपाणि, स्वामी कनक प्रभानंद सरस्वती, स्वामी सत्यदेव, स्वामी यतेंद्र गिरि जैसे कई प्रमुख संतों का समर्थन मिला, बल्कि फिल्म कलाकार जैसे सोनू सूद, अरविंद बघेल, प्रणीत भट्ट, वृषाली हटेलकर, और स्वर्गीय मंगल सिंह ढिल्लन ने भी इसे सराहा और वीडियो संदेशों के माध्यम से समर्थन दिया। यह मॉडल लंदन बुक ऑफ रिकॉर्ड्स और यूएस बुक रिकॉर्ड्स में भी दर्ज किया गया है, जो इसकी वैश्विक स्वीकार्यता को दर्शाता है।

## डी.एम. संजय चौहान का स्पष्ट संदेश है

अमेठी। यह केवल प्रशासनिक आदेश नहीं, बल्कि समाज को हरियाली और सुधार की नई दिशा देने का प्रयास है। प्रकृति के प्रति हर व्यक्ति की भागीदारी अब आवश्यकता नहीं, अनिवार्यता बन गई है। जनपद में इस पहल को आम जनता, न्यायिक अधिकारियों और पुलिस प्रशासन का पूरा सहयोग मिल रहा है। कई अभियुक्त पौधारोपण कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। यह पहल बताती है कि प्रशासनिक शक्ति जब संवेदनशील सोच से जुड़ती है, तो कानून का अनुशासन भी प्रकृति की सेवा बन सकता है। यह न सिर्फ पर्यावरणीय संरक्षण की दिशा में एक ठोस कदम है,,साथ ही देश के समस्त जिलाधिकारियों के लिए एक प्रेरणा भी है।

# देवशयनी एकादशी पर किया श्रीहरि नाम संकीर्तन

प्रात : किरण संवाददाता

अमरोहा। श्रीगिरिराज जी सेवा समिति के संयोजन में आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष देवशयनी एकादशी पर श्रीहरि नाम का संकीर्तन किया गया। स्थानीय एक बैंक्वेट हॉल परिसर में सोमपाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर संकीर्तन का शुभारंभ किया। समिति अध्यक्ष वेद प्रकाश भार्गव ने एकादशी के महत्व की जानकारी दी। श्रद्धालुओं ने भजन प्रस्तुत किए। इस दौरान राजेंद्री, सोमपाल, पंकज वर्मा बाबी, रवि रस्तोगी, मीनू कपूर, सिमी मेहंदीरता, राधा रानी, नीरज, अंकित गोयल, कुसुम भार्गव, अनिल माहेश्वरी, नीरज माहेश्वरी, नवनीत माहेश्वरी, हरिओम संजय गुप्ता, सुधीर अग्रवाल आदि मौजूद रहे। समापन पर आरती कर प्रसाद वितरण किया गया।

# यूपी बोर्ड कंपार्टमेंट परीक्षा 26 जुलाई को

प्रात : किरण संवाददाता

अमरोहा। उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की कंपार्टमेंट परीक्षा 26 जुलाई को संपन्न कराई जाएगी। जिला मुख्यालय स्थित राजकीय इंटर कालेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। परीक्षा में 448 परीक्षार्थी शामिल होंगे। सेक्टर मजिस्ट्रेट की निगरानी में दो पालियों में परीक्षा संपन्न कराई जाएगी। पहली पाली में हाईस्कूल व दूसरी पाली में इंटरमीडिएट की परीक्षा होगी। जिले में हाईस्कूल कंपार्टमेंट परीक्षा में 290 व इंटरमीडिएट में 158 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। डीआईओएस ने बताया कि परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं नकलविहीन संपन्न कराया जाएगा।

# प्रगति मैदान-भैरों मार्ग सुरंग का काम आठ से नौ महीनों में पूरा होगा : प्रवेश वर्मा

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

नई दिल्ली,। दिल्ली के लोक निर्माण विभाग के मंत्री प्रवेश वर्मा ने सोमवार को कहा कि आवास और शहरी कार्य मंत्रालय से मंजूरी मिलने के बाद लोक निर्माण विभाग आठ से नौ महीनों के भीतर प्रगति मैदान-भैरों मार्ग सुरंग का काम पूरा कर लेगा। मंत्री वर्मा भाजपा सांसद मनोज तिवारी और लोक निर्माण विभाग के अभियंताओं के साथ निमार्णाधीन सुरंग का जायजा लेने पहुंचे। यह सुरंग प्रगति मैदान पारगमन गलियारा (ट्रांजिट कॉरिडोर) का एक हिस्सा है। इसका उद्देश्य मध्य दिल्ली से सराय काले खां, अंतरराज्यीय बस अड्डा (आईएसबीटी), आश्रम और अन्य क्षेत्रों तक आवागमन करने वाले यात्रियों को मार्ग प्रदान करना है।

फिलहाल अंडरपास का केवल आधा हिस्सा ही खोला गया है, क्योंकि दूसरे रैंप का काम अभी तक पूरा नहीं हुआ है। इसे प्रगति मैदान में मुख्य सुरंग के साथ ही खोला जाना था। मंत्री ने कहा कि दो साल पहले यमुना में आई बाढ़ और पिछली सरकार की लापरवाही के कारण परियोजना में देरी हुई।

# बिहार बंद को लेकर कांग्रेस पर्यवेक्षक ने बिहार सरकार पर उठाए सवाल

प्रात : किरण संवाददाता



सहरसा जिला कांग्रेस कार्यालय में अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रवेक्षक राज बहादुर निषाद की उपस्थिति और जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार झा की अध्यक्षता में गहन मतदाता पूर्ण निरीक्षण, माय बहिन मान योजना और 9 जुलाई को महागठबंधन द्वारा बिहार बंद की समीक्षा बैठकऔर प्रेस वार्ता आयोजित हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रवेक्षक ने कहा कि बिहार में भाजपा की डबल इंजन की सरकार अपना जनाधिकार खो चुकी है इसलिये बिहार निर्वाचन आयोग का सहारा लेकर गहन मतदाता पुनरीक्षण के बहाने शोषित गरीब और विशेष कर अल्पसंख्यक को मताधिकार के अधिकार से बंचित करना चाहती है और एक महीने के अंदर यह संभव नहीं है। इसके पहले मोदीजी ने महाराष्ट्र, दिल्ली हरियाणा आदि प्रदेशों में चुनावीं खेल कर बेईमानी के रास्ते से चुनाव जीते है और भाजपा के नस नस में बेईमानी है।नितीश जी भी सुशासन और कानून का राज कायम करने के लिए जनता ने इन्हें मुख्यमंत्री बनाया था लेकिन इनके राज में कानून राज तो दूर कोई भी सुरक्षित नहीं है।रोज राज्य में हत्याएं हो रहीं है। नितीश जी को अपनी जबाबदेही स्वीकार करते हुये मुख्य मंत्री पद से इस्तीफा दें देना चाहिये। उपस्थित कांग्रेस जनों से कहा कि हर घ जा जा कर जनता को मतदाता गणना का फार्म भरवाये और माई बहिन मान योजना की जानकारी साझा करें।जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार झा ने कहा कि दिनांक 9 जुलाई को महागठबंधन के बिहार बंद में कांग्रेस शामिल होगी और चुनाव आयोग के तुगलक फरमान का विरोध करेंगी। इसके लिए सभी ट्रेड यूनियनों, जनता और व्यपारी भाई से सहयोग लिया जा रहा है और डबल इंजन की हत्यारी, निक्क्मी और भ्रष्ट्र सरकार को इस चुनाव में बिहार से उखाड़ फेकना है। जिला के चारों विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस के कार्यकर्त्ता और पार्टी के बीएलए को निर्देश दिया गया है कि मतदाता गणना फॉर्म को भरवाया जाय ताकि एक भी मतदाता वोट से बंचित नहीं रहे और भाजपा के साजिश को कामयाव नहीं होने देना है और मनसूबे पर पानी फेर दें तथा कांग्रेस आयोग से मांग करती है कि वोटर को परेशान नहीं कर अपनी तुगलकी आदेश तुरंत वापस ले। बैठक और प्रेस वार्ता में प्रदेश प्रतिनिधि मो नईम उद्दीन, वरीय उपाध्यक्ष कुमार हीरा प्रभाकर, मनोज कुमार मिश्र, बद्री प्रसाद यादव, प्रदेश प्रतिनिधि मो मजनू हैदर कैश, राम शरण कुमार, महेंद्र त्यागी, प्रखंड अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह, बीरेंद्र पासवान, गमन कुमार सिंह, राम कुमार पासवान, मुशहर समाज के अध्यक्ष प्रेम लाल सादा, शोभा कांत झा, दिवाकर गिरी, श्री मती इला कुमारी, प्रतिभा सिंह डोली, सलमा खातून, बीरेंद्र पासवान मुखिया, जवाहर झा, भरत झा, प्रमोद कुमार सिंह, अब्दुल नकीम, बैधनाथ झा, दीपक कुमार साहू, शिव कुमार सादा, गौरी कांत झा, सुमन यादव, चन्दन कुमार यादव, शिवम् कुमार आदि उपस्थित थे।

## विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को प्रमुखता से करने का दिया गया निर्देश

### कार्य में किसी तरह की लापरवाही नहीं बरतने का निर्देश : डीएम

प्रात : किरण संवाददाता



लखीसराय !जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिला पदाधिकारी मिथिलेश मिश्र की अध्यक्षता में लखीसराय जिले के सभी सीआरसी विद्यालय के प्रधान, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के साथ मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा शउ के माध्यम से की गई। जिला पदाधिकारी द्वारा समीक्षा के क्रम में सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को प्रमुखता से करने का निर्देश दिया गया, और इस कार्य में किसी तरह की लापरवाही नहीं बरतने का निर्देश दिया गया। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बिहार में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान 2025 हेतु 25 जून से 27 जुलाई तक का समय निर्धारित किया गया है। इस गहन पुनरीक्षण का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित हो ताकि वह अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें, कोई भी अपात्र व्यक्ति मतदाता सूची में शामिल न हो और मतदाता सूची में नाम जोड़ना या हटाने की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी रहे। बैठक में उप विकास आयुक्त सुमित कुमार,अनुमंडल पदाधिकारी प्रभाकर कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार,भूमि सुधार उपसमाहर्ता सितु शर्मा, जिला पंचायती राज पदाधिकारी सुश्री पम्मी रानी,जिला शिक्षा पदाधिकारी यदुवंश राम, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग सुश्री नैंसी मुर्मू, जिला परियोजना प्रबंधक जीविका पिंटू कुमार एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## जिले में नक्सलियों ने एसटीएफ के साथ मुठभेड़ कर नक्सली अपने मौजूदगी का एहसास दिलाया

मुंगेर। मुंगेर जिले के हवेली खड़गपुर प्रखंड के नक्सल प्रभावित राजा सराय में रविवार को सुबह नक्सली सुरेश कोड की मौजूदगी की सूचना पर घेराबंदी करने पहुंची एसटीएफ और नक्सलियों के बीच जमकर मुठभेड़ हुई। इस दौरान दोनों के बीच जमकर गलीबारी की गई। बताया जाता है कि फायरिंग के बाद नक्सली सुरेश कोड़ा अन्य नक्सलियों के साथ भाग निकलने में सफल हो गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार नक्सली सुरेश कोड़ा को राजा सराय में साथियों के साथ मौजूदगी की सूचना पर एसटीएफ की टीम डीएसपी सुनील कुमार शर्मा के नेतृत्व में छापेमारी के लिए पहुंची थी। इसकी भनक मिलते ही नक्सली सुरेश कोड़ा एवं उसके साथियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। जवाब में एसटीएफ ने भी फायरिंग शुरू की इस दौरान दोनों ओर से सैकड़ों राउंड से अधिक गोलियां चली। हवेली खड़गपुर थाना अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि इस गोलीबारी में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। मामले को लेकर एसटीएफ के सब इंसपेक्टर विनय कुमार राय ने हवेली खड़गपुर थाना में आवेदन देकर नक्सली सुरेश कोड़ा सहित तीन नाम जदऔर कई अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज कराई है।

## अभूतपूर्व सुरक्षा के बीच लखीसराय जिले में मुहर्रम का त्योहार शांतिपूर्वक संपन्न





● डीएम मिथिलेश मिश्र व एसपी अजय कुमार ने सुरक्षा व्यवस्था की खुद संभाली कमान

प्रात : किरण संवाददाता

लखीसराय !पूरी चौक-चौबंद और अभूतपूर्व सुरक्षा व्यवस्था के बीच गम और अकीदत का त्योहार मुहर्रम शांतिपूर्ण तरीके से लखीसराय जिले में संपन्न हो गया !अकीदतमंदों ने पूरे अकीदत के साथ अपसी भाईचारे व सद्भाव का मिशाल पेश करते हुए मुहर्रम का त्योहार मनाया !जिले के बड़ी दरगाह,छोटी दरगाह,इंग्लिश,सूर्यगढा,मेदनीचौकी, बड़हिया आदि स्थानों पर ताजिया जुलुस निकाला गया !सबसे आकर्षण का केंद्र लखीसराय नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत छोटी दरगाह का ताजिया रहा !ऑपरेशन सिंदूर के तर्ज पर बनाए गए ताजिया लोगों को राष्ट्रभक्ति की याद दिलाया !डीएम मिथलेश मिश्र तथा एसपी अजय कुमार स्वयं भारी सुरक्षाबलों के साथ लगातार जिले का भ्रमण करते दिखे !वहीं सूर्यगढा में एसडीएम प्रभाकर कुमार तथा एसडीपीओ शिवम कुमार सूर्यगढा का कमान संभालते दिखे !कुल मिलाकर देखा जाए तो मुहर्रम का त्योहार लखीसराय जिले में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया! किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय घटना घटित नहीं हुई !ज्ञात हो की मुहर्रम को लेकर युवाओं में गजब का जोश दिखा !बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे भी अखाड़े में दिखे !

## जमालपुर की लौह नगरी में नाबालिग युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। मुंगेर जिले के लोकल कॉलोनी रोड में एक विक्षिप्त नाबालिग युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है पुलिस सूत्रों के अनुसार नाबालिक युवती की उम्र लगभग 15 से 16 साल की है। बताया जाता है कि भागलपुर की रहने वाली है। घटना शनिवार की देर रात की है। घटना लोको कॉलोनी की एक खंडहर रेलवे क्वार्टर में उस समय हुई जब युवती भागलपुर से जमालपुर स्टेशन पहुंची तथा रास्ता भटक कर लोको कॉलोनी की ओर चली गई। जहां चार-पांच युवकों ने युवती को अपना हवस का शिकार बनाया। युवती अपना नाम बता रही है लेकिन अपने माता-पिता का नाम नहीं बता पा रही है। घटना की सूचना मिलते ही जमालपुर आदर्श थाना अध्यक्ष राजेश कुमार अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे तथा महिला पुलिस के साथ पीड़िता को महिला थाना मुंगेर को सुपुर्द कर दिया गया। लोजपा रामविलास पार्टी के नगर अध्यक्ष मनीष कुमार मंडल एवं अन्य लोगों ने बताया कि सुबह पीड़िता रो रही थी। लोगों के साथ जब पहुंचे तो पीड़िता से पूछताछ की गई। पता चला कि युवती भागलपुर से भटक कर जमालपुर स्टेशन आई और रास्ता भटक कर लोको कॉलोनी पहुंच गई थी। जहां रात्रि में चार-पांच युवकों ने युवती से जबरन दुष्कर्म किया। एसपी सैयद इमरान मसूद ने बताया कि पीड़िता को फिलहाल महिला थाना को सुपुर्द कर दिया गया है तथा महिला थाना अध्यक्ष इस घटना की जांच करेगी। जांचों प्रांत अगर ऐसी घटना हुई हो तो निश्चित कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल नाबालिग युवती मानसिक रूप से बीमार लग रही है। इनका मेडिकल भी कराया जाएगा। वैसे सामूहिक दुष्कर्म की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है।

## कूड़े की दुर्गंध से छात्राओं को स्कूल जाना हुआ दुर्लभ, नाक पर रूमाल रखकर जाना पड़ता है स्कूल

प्रात : किरण संवाददाता



सहरसा नगर निगम बनने के बावजूद शहर के सभी वार्ड एवं सड़क से गंदगी हटने का नाम नही ले रहा है। जबकि नगर निगम के द्वारा प्रतिमाह लाखों रुपए खर्च किए जा रहे है। इसके बावजूद नगर निगम सहरसा के अकर्मण्यता का जीता जागता नमूना फोटो के ही द्वारा आप देख सकते हैं। खबर लिखे जाने के समय सोमवार दोपहर के 12:35 मिनट हो रहे है कुड़ा अभी तक नही उठा है। शहर के अति व्यस्ततम रोड बनगाँव रोड रूपवती गेट से लगभग 40 फीट पश्चिम तक बीच रोड पर कुडा का अंबार आप देख सकते है। अब तो हद हो गई। घर घर गीला ओर सुखा कूड़ा भी यही पर गिराने लगा है। लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है लोग नाक पर रूमाल रखकर सड़क पार करते हैं।आसपास के दुकानों पर भी दुर्गंध के कारण बैठना मुश्किल हो गया है। रूपवती स्कूल में पढ़ने वाले 8 सौ के करीब छात्रा भी अपने नाक पर रूमाल रखकर स्कूल जाने आने को विवश है। लोगों ने समाचार पत्र के माध्यम से नगर निगम के सक्षम पदाधिकारी का इस ओर ध्यान आकर्षित कराते हुए इस पर संज्ञान लेने को कहा। लोगों का कहना है कि यहाँ कूड़ा डम्प करना बंद करें। अनयत्र खाली जगह पर कूड़ा डम्प हो जिससे सभी लोग राहत की सांस ले सके। छात्राओं ने बताया कि स्कूल के गेट पर बना मूत्रालय एवं कुड़ा कचरा रखने का स्थान बना दिया गया है जिसके कारण नाक पर रूमाल रखकर स्कूल जाना पड़ता है। वही गंदगी के कारण बिमार पड़ने की आशंका बनी हुई रहती है।

## सहरसा पुलिस कि पेट्रोलिंग गाड़ी हो गया धक्का मार गाड़ी, ऐसे में कैसे होगा अपराधियों पर कंट्रोल




प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा विपक्ष बढ़ते क्राइम को लेकर सरकार को घेरने में लगी है। वहीं सहरसा पुलिस की धक्का मार गाड़ी के कारण किरकिरी हो रही है। क्राइम कंट्रोल के लिए सरकार ने थानों में गाड़ी की कमी नहीं होने दी है लेकिन कमी है तो गाड़ी के रखरखाव और मेंटेनेंस की। पटरी के बीचो-बीच फंसी पुलिस की गाड़ी बात करतेर है सहरसा के धक्का मार पुलिस गाड़ी की, जिसे कभी सदर थाना की एक गाड़ी दूसरे गाड़ी को टोचन कर रहा है तो कभी धक्का मारकर किसी तरह थाना तक ले जाने का काम कर रहा है। इसी दौरान बंगाली बाजार स्थित रेलवे ढाला के समीप टोचन रेलवे पटरी के बीचों बीच खुल गया। टोचन काफी मशक्कत के बाद जब नहीं लगा तो रेलवे पटरी के बीचों बीच धक्का मारकर ढाला से बाहर निकाला गया। धक्का मार गाड़ी से कैसे होगा क्राइम कंट्रोल गनीमत थी कि उस वक्त कोई ट्रेन नहीं थी। नहीं तो हादसा भी हो सकता था। फिर जाकर किसी तरह सहरसा सदर की पुलिस की खराब गाड़ी सदर थाना तक पहुंच पाई। ऐसे में सरकार का क्राइम कंट्रोल पर किए जाने वाले दावों का पुलिस वाले और उसकी खराब गाड़ी हवा निकलती नजर आ रही है। क्या ऐसे में क्राइम कंट्रोल हो पायेगा, अपराधियों पर लगाम लगाया जाएगा।

## खेत में धान रोपने के दौरान सर्प के काटने से हुई 7 वर्षीय बच्चे की मौत, लोगों ने सर्प को मार डाला



प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा जिले के सिमरी बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के चकला गांव में मां के साथ खेत में धान रोपने गए एक 7 वर्षीय बच्चे की सर्पदंश से मौत हो गई। जिसके शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पीड़ित सिमरी बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के चकला गांव, वार्ड नंबर 12 निवासी जीतो सादा ने बताया कि उनका 7 वर्षीय पुत्र सुजीत कुमार अपनी मां के साथ रविवार को धान रोपने खेत गया था। इसी दौरान विषैले कोबरा सर्प ने उसे डस लिया। सांप के डसने के बाद उसे अस्पताल लाया जा रहा था। लेकिन रास्ते मे ही उसकी मौत हो गई। वे लोग विषैले कोबरा को भी मारकर अपने साथ लेकर अस्पताल पहुंचे थे। लेकिन तब तक बच्चे की मौत हो गई थी। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृत बच्चे के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। सिमरी बख्तियारपुर थाना अध्यक्ष ने बताया कि सर्प के काटने से बच्चे की मौत हुई थी। कार्रवाई की जा रही है।

## जीविका दीदी का सिलाई केन्द्र का शुभारंभ

प्रात : किरण संवाददाता



लखीसराय । महिला स्वावलंबन एवं महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जीविका द्वारा ग्रामीण महिलाओं को जीविकोपार्जन हेतु अब उनकी योग्यता और रुचि के अनुरूप सिलाई केंद्रों से भी जोड़ा जा रहा है । ये महिलाएं जीविका से संबद्ध स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हैं। इसके लिए जीविका से संबद्ध संकुल स्तरीय संघों के तत्वाधान में सिलाई केंद्र खोले जा रहे हैं। सोमवार को 3 सिलाई केंद्र का लखीसराय जिला अंतर्गत सूर्यगढ़ा प्रखंड के बरियारपुर और महेशपुर मे शुभारंभ हुआ । यह सिलाई केंद्र ज्ञान गंगा एवं सरल जीविका महिला संकुल स्तरीय संघ के द्वारा संचालित किए जाएंगे । इस प्रकार के दीदी का सिलाई केंद्रों को जिले के सभी प्रखंडों में खोला जायेगा। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को स्वावलंबी बनाना और उन्हें रोजगार के नए अवसर प्रदान करना है। इन सिलाई केंद्रों से आंगनबाड़ी केंद्रों पर पढ़ने वाले छात्र छात्राओं के लिए ड्रेस की सिलाई होगी और मांग के अनुरूप आपूर्ति की जाएगी । बाद में अन्य विद्यालयों में भी ड्रेस की आपूर्ति की जाएगी। इन तीन आंगनवाड़ी केंद्रों से सौ से अधिक जीविका दीदियों को रोजगार मिला है। आंगनवाड़ी केंद्रों पर ड्रेस की आपूर्ति के लिए 1 जुलाई 2025 को ग्रामीण विकास विभाग , बिहार सरकार एवं समाज कल्याण विभाग , बिहार सरकार के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुआ है। निशिकांत पटेल, प्रबंधक गैर कृषि ने बताया कि इन सिलाई इकाइयों के माध्यम से स्थानीय महिलाएं स्कूल ड्रेस और अन्य प्रकार के परिधानों की सिलाई करेंगी । इसके लिए इन्हें प्रशिक्षण , मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान किया का रहा है । बढ़ते क्रम में इन सिलाई केंद्रों को बाजार से जोड़ा जाएगा, जिससे जीविका दीदियों द्वारा निर्मित परिधानों को उचित कीमत मिल सकें और वो आत्मनिर्भर भी बनेंगी । साथ ही निर्मित उत्पादों को अच्छी कीमत मिल सके। सिलाई केंद्रों से होनेवाली आमदनी से जीविका दीदियों को जीविकोपार्जन का नया आयाम मिलेगा ।

## श्रावणी मेले को लेकर बाबा नगरी अशोक धाम में जिला प्रशासन की बड़ी बैठक



● डीएम मिथलेश मिश्र व एसपी अजय कुमार ने तैयारीयों की,कि समीक्षा,अधिकारियों को दिए निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता

लखीसराय !जिला पदाधिकारी मिथिलेश मिश्र एवं पुलिस अधीक्षक अजय कुमार की अध्यक्षता में श्रावणी मेला के अवसर पर इंद्रदमनेश्वर महादेव मंदिर (अशोक धाम) में श्रद्धालुओं के आगमन को लेकर आवश्यक तैयारियों की समीक्षा एवं विधि व्यवस्था संधारण निमित्त बैठक अशोक धाम मंदिर परिसर में आयोजित की गई। बैठक में श्रावणी मेला के अवसर पर श्रद्धालुओं के भीड़ के मद्देनजर आवश्यक महिला एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति,पार्किंग की समुचित व्यवस्था, श्रद्धालुओं के लिए स्वच्छ पेयजल, चलंत शौचालय, बिजली की व्यवस्था, श्रद्धालुओं के लिए शेड, चिकित्सा व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की गई, एवं संबंधित पदाधिकारी को श्रावणी मेला की आवश्यक तैयारी हेतु कार्य करने का निर्देश दिया गया। बैठक में अपर समाहर्ता सुधांशु शेखर,उप विकास आयुक्त सुमित कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी प्रभाकर कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शिवम कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी मुकुल पंकज मणि, सिविल सर्जन बी0पी0 सिन्हा, स्थापना उप समाहर्ता शशि कुमार,जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी -सह- प्रभारी जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुश्री प्राची कुमारी, सचिव इंद्रदमनेश्वर महादेव मंदिर एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## अराजपत्रित कर्मियों ने प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को सौपा मांग पत्र

प्रात : किरण संवाददाता




सहरसा बिहार अनुसचिवीय कर्मचारी संघ एवं बिहार राज्य भूमि सुधार कर्मचारी संघ संबद्ध बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के राज्य कमिटी के निर्णयानुसार सोमवार को भोजनावकाश में समाहरणालय के गेट पर नारेबाजी कर जिलाधिकारी के माध्यम से मांग पत्र मुख्य सचिव को समर्पित किया गया। मुख्य रूप से मांग में समाहरणालय के लिपिक संवर्ग में निम्न वर्गीय लिपिक को 2800 ग्रेड पे, उच्च वर्गीय लिपिक को 4200ग्रेड पे, प्रधान लिपिक को 4800 और सहायक प्रशासी पदाधिकारी को 5400 ग्रेड पे की मांग किए है। साथ ही समाहरणालय के कर्मचारियों का राज्यस्तरीय संवर्ग से मुक्त रखा जाए। सामुहिक बीमा के राशि को पचास लाख किया जाए। वहीं राजस्व कर्मचारियों के आंदोलन के दौरान सरकार से हुए समझौता का अक्षर सह पालन करने की मांग गृह जिले में पदस्थापन सहित अन्य मांगों का मांग पत्र जिलाधिकारी के माध्यम से अपर मुख्य सचिव राजस्व विभाग के नाम सौंपा गया। मौके पर बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के जिला मंत्री शरद कुमार, महासंघ के अध्यक्ष प्रभात कुमार सिंह, समाहरणालय संघ के अध्यक्ष रमन कुमार, मंत्री समरेंद्र सिंह, राजस्व कर्मचारी संघ के अध्यक्ष संतोष झा, मंत्री श्रवण कुमार, सुरज कुमार, मणीकांत पाल, अभिषेक, पवन पटेल, बिरेंद्र लाल, नीरज कुमार, चन्द्रहास सिंह सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे।

## शराब तस्करी की जूर्म में दो व्यक्ति को न्यायिक हिरासत में भेजा गया

दरभंगा। दरभंगा जिला के सिविल कोर्ट दरभंगा के उत्पाद अधिनियम के विशेष न्यायाधीश रविशंकर कुमार की अदालत ने दो शराब तस्करों को दोषी घोषित किया है।दोनों तस्कर समस्तीपुर जिला के कल्याणपुर थानाक्षेत्र के फुलहारा निवासी बैजनाथ पासवान का पुत्र बीरो पासवान और लक्ष्मण पासवान का पुत्र शक्ति कुमार बताया जाता है।अदालत ने मामले की सूनवाई पुरी कर दोषसिद्ध दोनों अभियुक्तों को शराब तस्करी की जूर्म में दोषी पाते हुए न्यायिक हिरासत में मंडल कारा भेज दिया है। मामले में अभियोजन पक्ष का संचालन कर रहे उत्पाद अधिनियम के स्पेशल एपीपी हेमंत कुमार एवं मनोज कुमार मनमौजी ने बताया कि बर्ष 2022 में सिमरी थाना की पुलिस ने अभियुक्त बीरो पासवान एवं शक्ति कुमार को ट्रक के साथ 528.720 लीटर विदेशी शराब के साथ रंगे हाथ घटनास्थल से गिरफ्तार किया था।

## जमीनी विवाद में कुदाल से सिर पर वार कर किया घायल, हालत गंभीर



प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा जिले के पतरघट थाना क्षेत्र के गोलमा पश्चिमी पंचायत स्थित पीपरा बस्ती में दो पक्षों के बीच जमीनी विवाद में जमकर मारपीट हुई। जिसमें एक पक्ष के लोग गंभीर रूप से जख्मी हुए। मारपीट में घायल पवन देव कुमार उर्फ मंटू यादव को परिजनों ने पीएचसी पतरघट में भर्ती कराया था। जहां प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर किया गया था। जहां वे इलाजरत है। घायल के पिता उपेन्द्र यादव ने बताया कि उनके निजी जमीन पर शनिवार को उनका गोतिया सिकन्दर यादव, पुलेन यादव, बिपीन यादव, धीरेंद्र यादव सहित अन्य सदस्य हरबै हथियार से लैस होकर मिट्टी भराई कर कब्जा कर रहे थे। उनके द्वारा मना करने पर सभी एकजुट होकर उन्हें मारपीट करने लगे। हल्ला पर जब उनका पुत्र पवन देव बचाने पहुंचा तो उनके सिर पर कुदाल से प्रहार कर बुरी तरह जख्मी कर दिया गया। लूटपाट भी की गई थी। पतरघट थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि जमीन विवाद में मारपीट की बात बताई जा रही है आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## भारत उप निर्वाचन आयुक्त की अध्यक्षता में सहरसा एवं मधेपुरा में हुई विशेष गहन पुनरीक्षण के अद्यतन प्रगति की समीक्षा

प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा । मधेपुरा भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के उप निर्वाचन आयुक्त संजय कुमार की अध्यक्षता में सहरसा एवं मधेपुरा में संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 के अद्यतन प्रगति की समीक्षा हेतु सहरसा सूचना विज्ञान केंद्र में सोमवार को बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में दीपेश कुमार, जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी, पुलिस अधीक्षक हिमांशु एवं जिलांतर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों से संबंधित निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी उपस्थित थे। जबकि जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी मधेपुरा एवं संबंधित निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में सम्मिलित हुए। समीक्षा क्रम में उप निर्वाचन आयुक्त द्वारा बैठक में सभी ईआरओ से विधानसभावार कार्य योजना तथा अद्यतन प्रगति के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। समीक्षात्मक बैठक के दौरान सभी संबंधित निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों द्वारा संबंधित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदाताओं की संख्या,मतदान केंद्रों की संख्या,मतदान केंद्र स्तरीय पदाधिकारियों की संख्या सहित प्रगणन प्रपत्र के वितरण, संग्रहण एवं अपलोडिंग तथा निर्धारित कार्य के सम्यक निर्वहन हेतु प्रतिदिन की कार्ययोजना के संबंध में जानकारी दी गई। समीक्षा के क्रम में संबंधित निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों द्वारा कार्य के त्वरित व गुणवतापूर्ण निष्पादन निमित अतिरिक्त कर्मियों के रूप में स्वयंसेवकों की तैनाती, स्वयं एवं प्रखंड स्तरीय अधिकारियों द्वारा कैंप मोड में की जा रही प्रभावी मॉनिटरिंग प्रणाली से भी अवगत कराया गया। उप निर्वाचन आयुक्त द्वारा सहरसा एवं मधेपुरा में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान अंतर्गत किए जा रहे कार्यों समीक्षा के क्रम में इसके क्रियान्वयन में और तेजी लाने हेतु कार्ययोजना के संबंध में सहरसा व मधेपुरा के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों से पूछताछ की गई एवं इसके ठोस क्रियान्वयन की आवश्यकता पर बल दिया गया है।

# मकान, फ्लैट या जमीन खरीदने से पहले - 21 जरूरी दस्तावेजों की जांच अवश्य करना चाहिए

जितेन्द्र कुमार सिन्हा



भारत में आम आदमी की सबसे बड़ी आर्थिक योजना होती है एक अपना घर और इसके लिए वह जीवन भर की पूंजी लगाता है। लेकिन अक्सर देखा गया है कि भावनाओं के बहाव में लोग दस्तावेजों की सही जांच नहीं करते हैं, जिससे बाद में उन्हें कानूनी विवादों, धोखाधड़ी और संपत्ति विवादों का सामना करना पड़ता है। दस्तावेज सेल डीड संपत्ति की बिक्री और ट्रांसफर का प्रमाण होता है। यह, यह पुष्टि करता है कि विक्रेता ने संपत्ति बेची है और अब खरीदार कानूनन मालिक है। सेल डीड रजिस्टर्ड होनी चाहिए और विक्रेता के पास इसका ऑरिजिनल होना चाहिए। चेन ऑफ टाइटल डीड (दस्तावेज) संपत्ति के स्वामित्व के इतिहास को दर्शाता है, यह दिखाता है कि पिछली बार किसने यह संपत्ति खरीदी थी, उससे पहले कौन मालिक था, आदि। अगर चेन टूटी हुई हो या कहीं गड़बड़ हो, तो संपत्ति विवाद में फँस सकती है। टाइटल डीड यह पुष्टि करता है कि विक्रेता संपत्ति का वैध और निर्विवाद मालिक है। यह सुनिश्चित करना चाहिए कि टाइटल डीड पर किसी प्रकार का रोक, ऋण, बकाया या मुकदमा दर्ज न हो। मदर डीड, इसमें संपत्ति की उत्पत्ति से लेकर अब तक के सारे ट्रांसफर दर्ज होते हैं। यह दस्तावेज विशेषकर तब जरूरी होता है जब आप बैंक से लोन लेना चाहते हैं। उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, यदि संपत्ति किसी की मृत्यु के बाद उत्तराधिकार में मिली है, तो वारिस को यह प्रमाण पत्र प्राप्त करना होता है। बिना इस प्रमाण पत्र के प्रॉपर्टी का लेन-देन अवैध हो सकता है। वसीयत और प्रमाणिकता, अगर संपत्ति वसीयत के जरिए मिली है, तो उसकी प्रामाणिकता कोर्ट से प्रमाणित होनी चाहिए। यह जरूरी है ताकि कोई दूसरा उत्तराधिकारी बाद में दावा न कर सके। इनकम्ब्रेंस सर्टिफिकेट, यह प्रमाणित करता है कि संपत्ति पर कोई कानूनी रोक, ऋण, गिरवी या बकाया नहीं है। इसे सब-रजिस्ट्रार कार्यालय से 12से30 वर्षों की अवधि तक के लिए लिया जाता है। अनापत्ति प्रमाण पत्र, विभिन्न सरकारी विभागों से ठडठ प्राप्त करना आवश्यक होता है, जैसे- नगरपालिका, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, अग्निशमन विभाग, पर्यावरण विभाग का ठडठ सुनिश्चित करता है कि संपत्ति पर कोई सरकारी प्रतिबंध नहीं है। कानूनी राय, किसी अनुभवी रियल एस्टेट वकील से दस्तावेजों की विधिक जांच करवाना चाहिए ताकि भविष्य में कोर्ट-कचहरी के झंझट से बच सकें। लेआउट और नक्शा, यदि फ्लैट या मकान खरीद रहे हैं, तो इसका लेआउट स्थानीय नगर निगम/विकास प्राधिकरण से स्वीकृत होना चाहिए। नक्शा से अलग निर्माण, अवैध माना जाएगा। ऑक्यूपेंसी सर्टिफिकेट, यह प्रमाण पत्र बताता है कि निर्माण कार्य स्वीकृत नक्शे के अनुसार हुआ है और भवन रहने योग्य है। इसके बिना बिजली-पानी के कनेक्शन में समस्या आती है। कंप्लीशन सर्टिफिकेट, इससे पता चलता है कि निर्माण कार्य तय समय सीमा में, मानकों के अनुसार पूरा हुआ है। बिना इस सर्टिफिकेट के बैंकों से लोन में परेशानी हो सकता है। भूमि उपयोग परिवर्तन प्रमाण पत्र, यदि आप जिस जमीन पर मकान बना रहे हैं वह कृषि भूमि थी, तो उसे गैर-कृषि में परिवर्तित करने का प्रमाण पत्र अनिवार्य है। भू-राजस्व रिकॉर्ड, इसमें भूमि का प्रकार (कृषि या गैर-कृषि), मालिक का नाम, क्षेत्रफल, बकाया टैक्स आदि होता है। जमीन खरीदते समय पिछली 2 3 जमाबंदी कॉपी अवश्य जांचना चाहिए। म्यूटेशन रिकॉर्ड, यह दर्शाता है कि सरकारी रेकॉर्ड में संपत्ति का मालिक कौन है। कृषि भूमि के मामलों में यह दस्तावेज अनिवार्य होता है। प्रॉपर्टी टैक्स रसीद, संपत्ति पर कोई टैक्स बकाया तो नहीं? इसके लिए पिछले 3से5 वर्षों की टैक्स रसीदें चेक करना चाहिए। RERA पंजीकरण, यदि संपत्ति रियल एस्टेट प्रोजेक्ट का हिस्सा है, तो यह RERA में पंजीकृत होना चाहिए इससे प्रोजेक्ट की वैधता और समयसीमा की जानकारी मिलती है।

# भारत के तीन दुश्मन

भारत के उप सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर. सिंह ने ह्यऑपरेशन सिंदूरह्ल के एक महत्वपूर्ण पक्ष का रहस्योद्घाटन किया है। भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ प्रत्यक्ष संघर्ष लड़ा था, लेकिन चीन और तुर्किए भी भारत के ह्यप्रत्यक्ष दुश्मनह्ल की भूमिका में थे। चीन ने पाकिस्तान की हरसंभव मदद की और खुफिया सूचनाएं भी साझा कीं। चीन ने सेटेलाइट और अन्य माध्यमों के जरिए खुफिया लीड्स हासिल कीं कि भारत की सैन्य तैयारियां कैसी और क्या हैं? कहां, कौनसा लड़ाकू विमान, मिसाइलों सहित, मौजूद है और कभी भी हमला कर सकता है। चीन ने भारत-पाकिस्तान संघर्ष को ह्यलाइव लैबह्ल की तरह खूब इस्तेमाल किया और अपने हथियारों और सैन्य उपकरणों की टेस्टिंग की। बेहद संवेदनशील पक्ष यह था कि जब दोनों देशों के डीजीएमओ में बातचीत चल रही थी, तो पाक डीजीएमओ ने हमारे समकक्ष अधिकारी को कहा था कि भारत का एक अहम वेक्टर तैयार है। भारत पहले उसे हटा कर पीछे करे। लेफ्टिनेंट जनरल राहुल सिंह ने सवाल उठाया कि इतनी महीन और सटीक जानकारी पाक डीजीएमओ को कहां से मिली? जाहिर है कि ऐसे खुफिया इनपुट चीन ने ही पाकिस्तान को दिए थे। बेशक यह चीन की प्राचीन सैन्य रणनीति ह्य36 स्ट्रैटेजम्सह्ल में से एक थी। इसके मायने हैं-ह्यकिराए की छुरी से वार करनाह्ल अर्थात इस रणनीति के तहत चीन ने, भारत के खिलाफ, पाकिस्तान को ह्यकिराए की छुरीह्ल के तौर पर इस्तेमाल किया। इस तरह ह्यऑपरेशन सिंदूरह्ल संघर्ष के दौरान भारत को एक साथ तीन मोर्चों-पाकिस्तान, चीन, तुर्किए-पर लड पड़ा। ये तीनों ही देश ह्यभारत के दुश्मनह्ल साबित हुए और भविष्य में भारत का विरोध करते रहेंगे, यह बिल्कुल तय है। लिहाजा हमें अपनी सैन्य तैयारियां उसी स्तर की करनी होंगी। सेना ऐसा कर भी रही है। पाकिस्तान के पास जो हथियार, विमान हैं, उनमें से करीब 81 फीसदी चीन ने उसे बेचे अथवा उधार पर मुहैया कराए हैं। तुर्किए ने पाकिस्तान को आधुनिक ड्रोन ही नहीं दिए, बल्कि उसके लड़ाकों और पायलटों ने भी पाकिस्तान की ओर से संघर्ष में शिरकत की, लेकिन न तो चीन और न ही तुर्किए संघर्ष की दशा और दिशा बदल सके। भारत के हवाई हमलों ने चीन की मिसाइलें और तुर्किए के ड्रोन, हवा में ही, चकनाचूर कर दिए। पाकिस्तान के जितने एयरबेस और उधार के लड़ाकू विमानों को हमारी सेना ने ह्यमिट्टी-मलबाह्ल किया, उसके खुलासे दुनिया के सामने हैं। पाकिस्तान सैन्य रूप से कब तक हमलावर की स्थिति में लौट पाएगा, इसमें सालों भी लग सकते हैं। उप सेना प्रमुख ने ये तमाम खुलासे उद्योगपतियों के संगठन ह्यफिक्कीह्ल के मंच से किए। उन्होंने वह मंच ही क्यों चुना? क्या निवेश का आह्वान किया जाना था? उप सेना प्रमुख ने ही लगभग दो माह बाद यह रहस्योद्घाटन क्यों किया? क्या सरकार के शीर्ष स्तरों से उन्हें यह काम करने का दायित्व सौंपा गया? कई सवाल हैं। भारतीय सेना तीन मोर्चों पर एक साथ लड़ी, यह खुलासा मीडिया के जरिए देश के सामने आ चुका था। देश के दुश्मन तीन देश ही नहीं हैं, बल्कि बांग्लादेश में तुर्किए और चीन नए रणनीतिक मोर्चे बनाने की योजना पर विचार कर रहे हैं। आज का बांग्लादेश भारत-विरोधी है। क्या भविष्य में भारत को कई मोर्चों पर लड़ाई लड पड़ सकती है? क्या हमारी उतनी बहुआयामी सैन्य तैयारियां हैं? यदि दुश्मन भविष्य में सघन आबादी वाले इलाकों को निशाना बनाते हैं, तो क्या उतने व्यापक स्तर पर हमारे पास बंकर आदि की व्यवस्था है? लेफ्टिनेंट जनरल राहुल सिंह ने यह भी खुलासा किया है कि पाकिस्तान और पीओके में किए गए हमलों की योजना ठोस डाटा पर आधारित थी। भारत ने 21 संभावित टारगेट चिह्नित किए थे। उनमें से 9 को अंतिम समय में कार्रवाई के लिए चुना गया। इस दौरान तकनीक और मानव खुफिया से जुटाई जानकारी इस्तेमाल की गई। उप सेना प्रमुख ने कहा कि इस ऑपरेशन ने भारत की वायु रक्षा प्रणाली की अहमियत को उजागर कर दिया। चूंकि चीन खुफिया सूचनाओं के संदर्भ में पाकिस्तान की मदद भविष्य में भी करेगा, ऐसे में हमें मजबूत और आधुनिक वायु रक्षा प्रणाली की जरूरत है, जो दुश्मन की निगरानी और उसके हमलों को रोक सके। बहरहाल भारत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चुनौती मिल रही है, लेकिन बड़े देश हमें समर्थन भी कर रहे हैं। भविष्य के लिए भारत को बड़ी तैयारियां करनी हैं।

# सावन मनभावन: भीगते मौसम में साहित्य और संवेदना की हरियाली

वन आ गया है। वर्षा ऋतु की पहली दस्तक के साथ ही जब बादल घिरते हैं और बूँदें धरती को चूमती हैं, तो केवल पेड़-पौधे ही नहीं, मनुष्य का अंतर्मन भी हरा होने लगता है। यह महीना केवल वर्षा का नहीं, स्मृति, संवेदना और सृजन का है। सावन जब आता है, तो कविता झरने लगती है, लोकगीत गूंजने लगते हैं, पायलें छनकने लगती हैं और रूठा प्रेम भी नमी में घुलकर लौट आता है। सावन एक ऋतु नहीं, एक मन:स्थिति है भारतीय मानस में ऋतुएँ केवल मौसम नहीं, जीवन के प्रतीक रही हैं। वसंत प्रेम का, ग्रीष्म तपस्या का और सावन प्रतीक्षा का महीना बनकर आता है। सावन में अक्सर प्रेयसी अकेली होती है, प्रियतम किसी दूर देश गया होता है, और प्रतीक्षा के बीच में विरह का काव्य जन्म लेता है। इसलिए साहित्य में सावन का आगमन केवल प्राकृतिक नहीं, आत्मिक घटना है। नइहर से भैया बुलावा भेजवा दे, कजरारे नयनवा काहे भर आईलह्व, जैसे कजरी गीत सिर्फ आवाज नहीं, पीड़ा का पानी बनकर झरते हैं। लोक संस्कृति में सावन का रंग सावन का महीना भारतीय लोक परंपरा का सबसे रंगीन अध्याय है। कहीं तीज मनाई जा रही होती है, कहीं झूले पड़ रहे होते हैं, कहीं मेंहदी लग रही होती है तो कहीं बहनों के लिए राखी के गीत तैयार हो रहे होते हैं।





डॉ. सत्यवान सौरभ

(लेखक)

सावन आ गया है। वर्षा ऋतु की पहली दस्तक के साथ ही जब बादल घिरते हैं और बूँदें धरती को चूमती हैं, तो केवल पेड़-पौधे ही नहीं, मनुष्य का अंतर्मन भी हरा होने लगता है। यह महीना केवल वर्षा का नहीं, स्मृति, संवेदना और सृजन का है। सावन जब आता है, तो कविता झरने लगती है, लोकगीत गूंजने लगते हैं, पायलें छनकने लगती हैं और रूठा प्रेम भी नमी में घुलकर लौट आता है।

सावन एक ऋतु नहीं, एक मन:स्थिति है भारतीय मानस में ऋतुएँ केवल मौसम नहीं, जीवन के प्रतीक रही हैं। वसंत प्रेम का, ग्रीष्म तपस्या का और सावन प्रतीक्षा का महीना बनकर आता है। सावन में अक्सर प्रेयसी अकेली होती है, प्रियतम किसी दूर देश गया होता है, और प्रतीक्षा के बीच में विरह का काव्य जन्म लेता है।

इसलिए साहित्य में सावन का आगमन केवल प्राकृतिक नहीं, आत्मिक घटना है। नइहर से भैया बुलावा भेजवा दे, कजरारे नयनवा काहे भर आईलह्व, जैसे कजरी गीत सिर्फ आवाज नहीं, पीड़ा का पानी बनकर झरते हैं।

लोक संस्कृति में सावन का रंग सावन का महीना भारतीय लोक परंपरा का सबसे रंगीन अध्याय है।

कहीं तीज मनाई जा रही होती है, कहीं झूले पड़ रहे होते हैं, कहीं मेंहदी लग रही होती है तो कहीं बहनों के लिए राखी के गीत तैयार हो रहे होते हैं। यह महीना नारी मन की सृजनात्मक उड़ान का समय होता है।

दादी-नानी की कहानियाँ, माँ के गीत, और बेटियों की प्रतीक्षा झ सब कुछ सावन की हवा में घुल जाता है।

हरियाणा, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और राजस्थान जैसे राज्यों में कजरी, झूला गीत, सावनी और हरियाली तीज लोककाव्य का रूप ले लेती हैं। ये गीत सिर्फ मनोरंजन नहीं, महिला सशक्तिकरण के सांस्कृतिक दस्तावेज हैं – जहाँ स्त्रियाँ अपनी भावनाएँ, शिकायतें, प्रेम और विद्रोह तक गा डालती हैं।

साहित्य में सावन: बरसते बिम्ब और प्रतीक साहित्यकारों ने सावन को केवल प्रकृति-चित्रण के लिए ही नहीं, बल्कि मानवीय भावनाओं के प्रतिनिधि के रूप में देखा है। महादेवी वर्मा के शब्दों में सावन अकेलेपन की पीड़ा है:नीर भरी दुख की बदली।

मैथिलीशरण गुप्त ने सावन को श्रृंगार रस में देखा झ चपला की चंचल किरणों से, छिटकी वर्षा की बूँदें गुलजार की कविता हो या नागार्जुन की भाषा, सावन हर किसी के लिए कुछ कहता है।

किसी के लिए वो टूटे रिश्तों की याद है, किसी के लिए माँ की गोद में बिताया बचपन, और किसी के लिए प्रेम की भीगी पहली रात।

भीतर की बारिश को समझना जरूरी है आज जब हम एसी कमरों में बैठे, मोबाइल पर मौसम का अपडेट पढ़ते हैं, तब सावन की असली खुशबू कहीं खो जाती है। हमने बारिश को केवल ट्रैफिक की समस्या बना दिया है।

सावन अब इंस्टाग्राम स्टोरी बनकर रह गया है।

पर क्या हमने कभी भीतर की बारिश को महसूस किया है? वह बारिश जो हमें धो देती है – अहंकार से, शुष्कता से, थकान से। सावन हमें फिर से नम करता है – हमें इंसान बनाता है।

प्रकृति की गोद में लौटने का आमंत्रण है ये मौसम। आज के कवियों के लिए सावन क्या है?

आज के कवियों को सावन का सिर्फ चित्रण नहीं करना चाहिए, बल्कि उसके भीतर छिपी विसंगतियों को भी पकड़ना चाहिए। जब ग्रामीण भारत के खेतों में पानी नहीं और शहरों में जलभराव है, तब यह असमानता भी साहित्य का विषय बननी चाहिए।

कविता को झूले और कजरी के अलावा किसानों के अधूरे सपनों, बर्बाद फसलों, और जलवायु परिवर्तन के संकट को भी शब्द देना होगा।

सावन और रंगमंच: नाट्य का मौसम सावन केवल काव्य का विषय नहीं, रंगमंच और लोकनाट्यों का भी प्रिय समय है।

उत्तर भारत के कई हिस्सों में इस मौसम में झूला महोत्सव, सावनी गीत प्रतियोगिताएँ, लोकनाट्य और कविता गोष्ठियाँ आयोजित होती हैं। यह मौसम कलाकारों के पुनर्जन्म जैसा होता है।

उनके रंग, उनके स्वर और उनके मंच, सभी में नमी आ जाती है – जो सीधे दर्शक के हृदय तक पहुँचती है। आधुनिक मन और सावन की चुनौती आज का मानव सावन को देख तो रहा है, पर महसूस नहीं कर रहा। उसका मन इतनी सूचनाओं, मशीनों और तथ्यों में उलझ गया है कि वह बारिश को केवल मौसम विभाग के पूवार्नुमान के रूप में लेता है।

पर सावन को समझना है तो, खिड़की खोलनी होगी झ मन की भी और कमरे की भी। बूँदों को केवल त्वचा पर नहीं, आत्मा पर भी गिरने देना होगा। प्रकृति का मौसमी संदेश सावन हमें याद दिलाता है कि विकास और विनाश के बीच संतुलन जरूरी है।

बारिश से पहले आई भीषण गर्मी, जल संकट, जंगलों में आग – यह सब बताता है कि हमने प्रकृति के संतुलन को बिगाड़ा है।

सावन की बारिश इस बिगाड़ को थोड़ी राहत देती है, पर चेतावनी भी देती है कि अगर हमने अब भी नहीं सुधारा, तो सावन केवल स्मृति बनकर रह जाएगा।

समाप्ति की ओर एक सादगी भरा संदेश सावन को आने दो। उसे भीतर आने दो। जब वह बूँद बनकर गिरे, तो केवल छतों पर नहीं, तुम्हारी कविता में भी गिरे। जब वह झूला बनकर डोले, तो केवल पेड़ों पर नहीं, तुम्हारी कल्पना में भी डोले। यह मौसम मन का है, बस उसे पहचानने की जरूरत है

बचपन के वे झूले, माँ के लगाए मेंहदी के रंग, छत पर रखे बर्तन, और खेत में दौड़ता नंगाधड़ंग बच्चा – सब अब भी हमारे भीतर कहीं जिंदा हैं। उन्हें जरा सावन में बाहर आने दो। निवेदन: जब भी बादल घिरें, मोबाइल मत उठाना, खिड़की खोल लेना। और मन करे तो एक पुराना गीत गा लेना झ कभी तो मिलने आओ सावन के गीत गाने.

# आंशिक फैसला वापस मगर विपक्ष को पूर्ण फैसला वापसी तक लड़ना होगा

तेजस्वी यादव ने तो अभी सीधे कायर कह दिया और असर दिखने लगा है। तेजस्वी ने कहा तो मीडिया को है। बहुत ही सख्त भाषा में देश और बिहार को बर्बाद कर दिया। बिके हुए लोग हैं। बेशर्म। चुनौती दी कि अखबार लाओ। दिखाओ कितनी जगह विपक्ष को दी है कितनी भाजपा को। बायकाट की चेतावनी दी। क्या नहीं कहा। सब कह दिया। यह भी कि देश को बर्बाद करने में सबसे बड़ी भूमिका मीडिया की है और मैं तुम्हारे एडीटर फेडिटर किसी से नहीं डरता। नेता के कहने का असर होता है और उसका तो बहुत ज्यादा जिसके पास बड़ी तादाद में मजबूत समर्थक हों। तेजस्वी ने कहा कि हम अपने समर्थकों से कह देंगे गांव में अखबार नहीं घुस पाएगा। सही बात है। मुलायम सिहं यादव ने यूपी में किया था- हल्ला बोल के नाम से। जिस अखबार के खिलाफ किया था उसे माफी मांगना पड़ी थी। तो असर मीडिया में तो इतनी जल्दी दिखेगा नहीं।





शकील अख्तर

(लेखक)

भाजपा के मनुवाद और जिसे अभी तेजस्वी ने कहा सामंतवाद के कारण उससे दूर रहते हैं। भाजपा फंस गई है। पहलगाम के आतंकवादी हमले फिर अचानक सीज फायर और उसके बाद सेना द्वारा लगातार यह बताए जाने कि किस तरह भारत अकेला पड़ गया था मोदीजी का ग्राफ लगातार गिरता जा रहा है। उनकी बातें बेअसर होने लगी हैं। हम थोड़ा संभल कर कह रहे हैं कि गलत काम करने वाले डरपोक होते हैं। तेजस्वी यादव ने तो अभी सीधे कायर कह दिया और असर दिखने लगा है। तेजस्वी ने कहा तो मीडिया को है। बहुत ही सख्त भाषा में देश और बिहार को बर्बाद कर दिया। बिके हुए लोग हैं। बेशर्म। चुनौती दी कि अखबार लाओ। दिखाओ कितनी जगह विपक्ष को दी है कितनी भाजपा को। बायकाट की चेतावनी दी। क्या नहीं कहा। सब कह दिया। यह भी कि देश को बर्बाद करने में सबसे बड़ी भूमिका मीडिया की है और मैं तुम्हारे एडीटर फेडिटर किसी से नहीं डरता। नेता के कहने का असर होता है और उसका तो बहुत ज्यादा जिसके पास बड़ी तादाद में मजबूत समर्थक हों। तेजस्वी ने कहा कि हम अपने समर्थकों से कह देंगे गांव में अखबार नहीं घुस पाएगा। सही बात है। मुलायम सिहं यादव ने यूपी में किया था- हल्ला बोल के नाम से। जिस अखबार के खिलाफ किया था उसे माफी मांगना पड़ी थी। तो असर मीडिया में तो इतनी जल्दी दिखेगा नहीं। क्योंकि विपक्ष की ही कुछ बड़ी पार्टियों के नेता उन्हें पुचकारते रहते हैं। अपने स्वार्थ से कि हमारा चेहरा दिखाते रहो। बाकी देश के बर्बाद करना या हमारी पार्टी के नेता को ही बदनाम करना जो भी करना है करते रहो। अभी राहुल गांधी के खिलाफ बीजेपी ने एक गंदा अभियान चलाया। बिहार से ही संबंधित है। महिलाओं को बांटे जाने वाले सेनेटरी पेड़ पर राहुल का फोटो चिपका कर राहुल के बारे में अनाप शनाप लिखा गया। पूरी तरह फर्जी फोटो था मगर कांग्रेस द्वारा समय पर काउंटर नहीं करने से उसी तरह लोगों ने यकीन कर लिया जैसे इस बात पर कर लिया था कि राहुल ने आलू से सोना बनाने की बात कही है। खुद कांग्रेस के लोगों ने कहा था कि देखिए राहुल कैसी बात कर रहे हैं। उस समय के मीडिया संभालने वालों ने कोई प्रतिकार नहीं किया कि वीडियो फर्जी है। बाद में उसे बनाने वाली ऐजेंसी ने भी माना कि उसे पैसे देकर यह फर्जी वीडियो बनवाया गया था। मगर कांग्रेस ने उस वीडियो के खंडन में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई। वैसे ही आज भी सोशल मीडिया के दूसरे एक्टीविस्टों ने इस सेनेटरी पेड़ वाली खबर की झूठ का पदार्फाश करने की कोशिश की। मगर बीजेपी की आई टी सेल की बड़ी ताकत के सामने छुट-पुट कोशिशें कितनी कामयाब हो सकती हैं? जैसा अभी तेजस्वी ने किया वैसे ही राहुल भी मीडिया को आईना दिखाते रहते हैं। मगर फर्क यह है कि तेजस्वी की पार्टी का कोई आदमी अकेले में मीडिया से यह नहीं कह सकता कि अरे छोड़िए वह तो ऐसे ही कहते रहते हैं। कांग्रेस में तो बुला-बुला कर मीडिया को राहुल के खिलाफ बताया जाता है और पत्रकार कांग्रेस के बड़े पदाधिकारियों से कहते हैं कि आप राहुल को क्यों नहीं समझाते? कांग्रेस में राहुल का यह संघर्ष बड़ा है कि वह अपनी पार्टी के होस्टाइल ( राहुल की नीचा दिखाने वाले) नेताओं के बीच रहकर इतने शांत और संयत बने रहते हैं। कांग्रेस के नेताओं की मजबूरी है कि बिना राहुल के पार्टी एक रह नहीं सकती। नहीं तो वे राहुल को ही यह आरोप लगाकर पार्टी के बाहर कर सकते हैं कि यह आदमी मीडिया की बहुत आलोचना करता है। मीडिया उनके लिए सगी हो जाएगी और राहुल सौतेले! खैर बात तेजस्वी की थी। उन्होंने मीडिया को जिस तरह टाइट किया उसका असर चुनाव आयोग पर भी दिखा। हमने पहले ही कहा था डीबी लाइव पर बात करते हुए भी और अखबारों में लिखते हुए भी कि चुनाव आयोग को यह असंवैधानिक और अलोकतांत्रिक फैसला वापस लेना पड़ेगा। एक महीने में आठ करोड़ लोगों के वोटों की जांच संभव ही नहीं है। और मूल सवाल विधानसभा चुनाव के तीन महीने पहले ही क्यों याद आया आपको? पत्रकार इसको नहीं लिख रहे कि बरसात में बिहार की सबसे बड़ी खबर बाढ़ ही हुआ करती है। कौन सा अखबार, टी वी चैनल है जो हर साल बिहार की बाढ़ की भयावह खबरें नहीं छापता नहीं दिखाता? जहाज से सहायता पहुंचाना बाढ़ से घिरे पानी में पेड़ के ऊपर चढ़े आदमी और साथ में सांप तक दिखाना। मगर अब कोई नहीं लिख रहा कि बरसात के मौसम में यह विशेष गहन पुनरीक्षण ( एसआईआर) कैसे होगा? बहरहाल तेजस्वी का रौद्र रूप देखकर मीडिया तो सहमा ही चुनाव आयोग भी घबरा गया। पटना में जब तेजस्वी बिहार चुनाव आयुक्त से मिलने गए तो समर्थकों की भारी भीड़ उनके साथ थी। नारे लगाती हुई उस भीड़ का आक्रोश देखकर कोई भी समझ सकता था कि लोग किस मूड में हैं। तेजस्वी से मुलाकात के अगले दिन ही शनिवार को चुनाव आयोग को कहना पड़ा कि बीएलओ द्वारा बांटे गए फार्म के साथ कोई दस्तावेज जरूरी नहीं हैं। केवल साइन करके वैसे ही फार्म जमा करा दें। इससे पहले पासपोर्ट जैसे डाक्यूमेंट मांगे गए थे और आधार को अमान्य कर दिया था। यह फैसला वापस लेने की शुरूआत है। 9 जुलाई बुधवार को विपक्षी दलों ने बिहार बंद का आह्वान किया है। जैसा माहौल है उसे देखते हुए बंद अभूतपूर्व होगा। मीडिया, चुनाव आयोग और भाजपा सब समझ रहे हैं। और यह भी कि अगर ऐतिहासिक बंद हो गया तो महागठबंधन को चुनाव डिक्लेयर होने से पहले ही निर्णायक बढ़त मिल जाएगी। जनता फैसला करती है मुख्यमंत्री का चेहरा कौन? तेजस्वी के इस समय के फार्म के सामने नीतीश कुमार का थका-मांदा चेहरा नहीं चलेगा। और भाजपा में इतनी हिम्मत नहीं है कि वह अपना कोई चेहरा अभी से सामने ला सके। अगर भाजपा ने ऐसा किया तो नीतीश का समर्थक एकदम से उससे टूट जाएगा। और बिना नीतीश के जनाधार के भाजपा के लिए महागठबंधन से लड़ना बहुत मुश्किल है। भाजपा और चुनाव आयोग ने यह गहन पुनरीक्षण उन वोटों को छांटने के लिए किया था जो गरीब कमजोर हैं,

# नरेंद्र मोदी सरकार ने ग्यारह वर्षों में श्रेष्ठ भारत की बना दी तस्वीर

प्रियरंजन भारती

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली केंद्र सरकार के ग्यारह वर्ष पूरे हो चुके हैं। तीसरे कार्यकाल का एक वर्ष नौ जून को पूरा हो चुका है। इन ग्यारह वर्षों में विश्व ने भारत की आर्थिक और सामरिक शक्ति को बड़ी नजदीक से देखा और अपना नजरिया बदला है। लेकिन आर्थिक विकास को अपनी तरह से जिस तरह मोदी सरकार ने नई पहचान दी वह सबसे अनूठी है। पिछड़ेपन और गरीबी की छाया से छुटकारा दिलाते हुए मोदी सरकार ने गरीबों के कल्याण और आर्थिक विकास की मुख्य धारा में उनकी भागीदारी के लिए कल्याणकारी और बेहद उपयोगी योजनाएं शुरू करके क्रांतिकारी पहल की। प्रधानमंत्री मोदी की जन धन योजना और डिजिटल पेमेंट भारत के लिए आर्थिक क्रांति के नये युग का दर्शन कराता है। जन धन योजना में किसी खोमचे और रेहड़ी वाले का जीरो बैलेंस जन धन योजना का बैंक खाता नहीं खुलता तो वह न कभी बैंक खाता खोलने का सपना पूरा होते देखता और न ही यूपीआई से डिजिटल पेमेंट के जरिए कारोबार को लाभकारी बना पाता। डिजिटल पेमेंट के क्षेत्र में में यह भारत की आर्थिक क्रांति के नये दौर की चमत्कारिक उपलब्धि है। योजनाओं से बदली तस्वीर अगस्त 2014 में प्रधानमंत्री बनने के चंद महीनों में ही नरेंद्र मोदी ने जन धन योजना शुरू कर दी। यही आज बड़ी उपलब्धियों में अव्वल बन चुका है कि इस योजना के जरिए 55 करोड़ से अधिक खाते खुले। इनमें ग्रामीण और अर्द्धशहरी क्षेत्रों के लोगों के करीब 36.63 करोड़ खाते हैं। इन खातों में 2.30 लाख करोड़ से अधिक राशि जमा है। यह एक और खास उपलब्धि है कि इनमें 55.6 यानी 29.37 करोड़ खाते महिलाओं के हैं। इनमें दिसंबर 2023 तक 20% खाते निष्क्रिय जरूर थे पर इन निष्क्रिय खातों में भी 12,779 करोड़ रुपये जमा हैं। डिजिटल पेमेंट की क्रांतिकारी पहल से इन खातों के उपयोग से ही गरीब कारोबारी मालामाल हो गये। यूपीआई से रुपये सीधे बैंक खातों में जाते हैं। इतनी बड़ी संख्या में जन धन योजना के बैंक खाते यदि नहीं खोले जाते तो यह अभियान भी आज जितना सफल हो सका है उतना हो पाना संभव नहीं होता। डिजिटल पेमेंट के मामले में आज भारत सबसे अव्वल है। डिजिटल भुगतान के मामले में आज भारत विश्व में पहले स्थान पर इसलिए खड़ा है क्योंकि 2022 में ही भारत ने 89.5 मिलियन डिजिटल लेन-देन पूरा करने वाला देश बना। दुनिया के दस शीर्ष देशों में भारत इस श्रृंखला में सबसे ऊपर खड़ा है। भारत सरकार इसे और अधिक बढ़ावा देने पर जोर दे रही है। इसने वास्तव में भारत के अंदर आर्थिक प्रगति में बड़ी क्रांति ला दी। जन धन योजना का बैंक खाताधारी भी डिजिटल पेमेंट के माध्यम से कारोबार शुरू कर लाभकारी व्यापार की कतार में शामिल हो गया। ऐसे अनेक छोटे कारोबारी हैं जो नकद भुगतान से कारोबार चला रहे और यूपीआई से बैंक खातों में गई राशि को सीधे लाभांश मानकर गदगद हैं। नरेंद्र मोदी सरकार यह पहल नहीं करती तो शायद भारत आज आर्थिक क्रांति के इस नये अध्याय का हिस्सा नहीं बन पाता। इसी तरह से स्वच्छ भारत मिशन के जरिए भी भारत की तस्वीर बदल चुकी है। देश में लगभग बारह करोड़ से अधिक शौचालय बनाकर खास तौर पर ग्रामीण क्षेत्रों को खुले में शौच के श्राप से मुक्ति दिला दी गई। यह इस दृष्टि से भी बड़ी उपलब्धि है कि इससे महिलाओं के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव रेखांकित किए जा सके। भारत के सिर से यह कलंक भी सिरे से मिट गया कि यह गंदगी फैलाने वाला देश है। आज ग्रामीण भारत में स्वच्छता मिशन एक आंदोलन का स्वरूप धारण कर चुका है। ऐसा इसलिए ही संभव हो सका कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ भारत, श्रेष्ठ भारत निर्माण की कल्पना को साकार करने की ठान ली और इसमें सफलता का परचम लहराया। राजनीतिक और सामरिक मोर्चे पर बड़ी कामयाबी नरेंद्र मोदी सरकार ने ग्यारह वर्षों के कार्यकाल में अब तक 11 बड़े निर्णय किए और भारत की तस्वीर बदल दी। उज्ज्वला योजना के तहत 10.3 करोड़ से कहीं अधिक गरीब महिलाओं को मुफ़्त रसोई गैस कनेक्शन दिए और गरीबों के घरों में बहार ला दी। इसी तरह प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से चार करोड़ से ज्यादा गरीबों को पक्का मकान दिला दिया। पीएम मुद्रा और स्टैंड अप योजना के माध्यम से बिना गारंटी के छोटे व्यापारियों और पहली पीढ़ी के उद्यमियों को सस्ती दर पर कर्ज उपलब्ध कराकर भी आर्थिक तरक्की के कदम बढ़ाने का काम किया। सबसे खास तो यह कि किसान सम्मान निधि की शुरूआत करके 11 करोड़ से अधिक किसानों को 3.7लाख करोड़ की राशि से लाभान्वित कर कृषि क्षेत्र में बड़े क्रांतिकारी बदलाव का परचम लहराया। पीएम स्वनिधि योजना के जरिए 68 लाख से अधिक स्ट्रीट वेंडर्स यानी रेहड़ी पटरी वालों को उनके कामकाज के लिए आसानी से कर्ज. उपलब्ध कराए गए। सौभाग्य योजना में सौ प्रतिशत इच्छुक घरों को बिजली उपलब्ध कराई गई। आयुष्मान भारत योजना के दौरान मोदी सरकार ने अब तक 50 करोड़ से ज्यादा लोगों को पांच लाख तक का स्वास्थ्य बीमा सुनिश्चित करा डाला। और पीएम गरीब कल्याण योजना के माध्यम से 81 करोड़ मुफ़्त अनाज दिलाने की व्यवस्था उनके लिए सुनिश्चित करा दी जो गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन को विवश हैं।

# विद्यालयों में पेयजल की समुचित व्यवस्था करें : जिला पदाधिकारी

## विधानसभा निर्वाचन के दृष्टिगत यह कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण

- जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में सोमवारीय बैठक सम्पन्न
- सोमवारीय बैठक को लेकर जिला पदाधिकारी ने दिया आवश्यक दिशा-निर्देश

प्रात: किरण संवाददाता



बेतिया (घनश्याम)। जिला पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार ने कहा कि जिले के जिन सरकारी विद्यालयों में अभी भी पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं है, वहां जल्द से जल्द चपाकल अथवा नल-जल योजना के तहत पानी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जिला शिक्षा पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर इस दिशा में ठोस कार्रवाई करें ताकि छात्र-छात्राओं को पेयजल के लिए परेशान नहीं होना पड़े। उन्होंने कहा कि यह कार्य आगामी विधानसभा निर्वाचन के दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है। जिला पदाधिकारी समाहरणालय सभागार में आयोजित सोमवारीय बैठक में कार्यपालक अभियंता, पीएचईडी को निर्देशित कर रहे थे। जिला पदाधिकारी ने बारी-बारी से सभी विभागों के कार्य प्रगति की समीक्षा किया। उन्होंने सभी जिलास्तरीय पदाधिकारियों एवं कार्यपालक अभियंताओं को निर्देश दिया कि सोमवारीय बैठक में संबंधित विभागों के स्लाईड अनिवार्य रूप से रहने चाहिए। आईटी मैनेजर को शनिवार की संध्या तक स्लाईड उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। उन्होंने निर्देश दिया कि स्लाईड में कार्य प्रगति दिखनी चाहिए। साथ ही वर्तमान सप्ताह में क्या-क्या कार्य किया जाना है, इसे भी दशार्ना सुनिश्चित करें। डीपीओ आइसीडीएस तथा डीपीएम जीविका द्वारा बताया गया कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में आंगनबाड़ी सेविका एवं जीविका दीदियां बेहतर तरीके से कार्य कर रही हैं। मतदाताओं को एन्युमेरेशन फॉर्म भरने हेतु जागरूक कर रही हैं। इस पर जिला पदाधिकारी द्वारा संतोष प्रकट किया गया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। ईंख विभाग की समीक्षा के क्रम में जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिन सुगर मिलों की शिकायत ज्यादा प्राप्त हो रही हैं उनके साथ एरिया सम्बन्धन में ध्यान रखेंगे। उनके साथ ज्यादा एरिया रिजर्व नहीं करेंगे। जिलास्तर पर इस कार्य का सत्यापन होगा। गन्ना कृषकों के सुझाव भी अत्यंत जरूरी हैं। जिला पदाधिकारी ने जिला पशुपालन पदाधिकारी को निर्देश दिया कि जिले में पशु चिकित्सालय के लिए भूमि की उपलब्धता हेतु सक्रिय होकर कार्य करें। मुख्यालय एवं राजस्व शाखा से समन्वय स्थापित कर इस कार्य को गति प्रदान करें। इस अवसर पर अपर समाहर्ता, विभागीय जांच, श्री कुमार रविन्द्र सहित सभी जिलास्तरीय पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता आदि उपस्थित थे।

# सारण में मतदाता सूची अद्यतन को लेकर जीविका दीदियों को दिया गया प्रशिक्षण

प्रात: किरण संवाददाता




छपरा कार्यालय। विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 के अंतर्गत सारण जिले में मतदाता सूची के अद्यतन हेतु एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम सोमवार को जिला प्रेक्षागृह श्री भिखारी ठाकुर आर्ट गैलरी में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 600 जीविका कैडरों एवं जिला परियोजना प्रबंधक के नेतृत्व में जिला स्तर के कर्मियों ने भाग लिया। जिलाधिकारी ने दिए स्पष्ट निर्देश इस अवसर पर सारण के जिलाधिकारी अमन समीर (भा.प्रा.से) ने स्पष्ट निर्देश दिए कि यह अभियान योग्य मतदाताओं को सूची में शामिल करने तथा अयोग्य व्यक्तियों (जैसे मृतक, पलायन कर चुके लोग आदि) के नाम हटाने हेतु संचालित किया जा रहा है। उन्होंने जीविका दीदियों से अपेक्षा की कि वे सामुदायिक जागरूकता में सक्रिय भूमिका निभाएं और यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रह जाए। दस्तावेजों से संबंधित निर्देश दस्तावेजों को लेकर स्पष्टीकरण देते हुए जिलाधिकारी ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति का नाम 2003 या 2025 की मतदाता सूची में मौजूद है, तो उन्हें दस्तावेज प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं होगी। माता या पिता के नाम का उल्लेख ही पर्याप्त होगा जीविका दीदियों की भूमिका महत्वपूर्ण सारण जिला अंतर्गत 3.5 लाख जीविका दीदियों की क्षमता पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि यदि प्रत्येक दीदी चार व्यक्तियों को जागरूक करें, तो लगभग 14 लाख मतदाताओं तक प्रभावी संपर्क संभव है। जिले के 32,000 से अधिक स्वयं सहायता समूहों में इस विषय पर चर्चा कराई जाएगी और महिला संवाद केंद्रों को सहायता केंद्रों के रूप में क्रियाशील किया जाएगा। नाम जोड़ने की प्रक्रिया हुई सरल नाम जोड़ने की प्रक्रिया को सरल और सुविधाजनक बनाया गया है, जिसे भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन किया जा सकता है। जिनके पास आवश्यक दस्तावेज नहीं हैं ऐसे मामलों में पंचायत सचिव या पारिवारिक सदस्यता सूची के माध्यम से प्रमाणन कराया जा सकता है। अफवाहों का खंडन और जीविका दीदियों का संकल्प कार्यक्रम के अंत में यह दोहराया गया कि यह पहल लोकतांत्रिक सहभागिता को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसमें जीविका दीदियों की भूमिका अत्यंत निर्णायक है। उनका सहयोग इस अभियान की सफलता की कुंजी है। इस दौरान उपस्थित सभी जीविका दीदियों को इस कार्य हेतु प्रशिक्षण भी दिया गया, जहां उन्होंने खुलकर सवाल-जवाब किए और लोगों के बीच फैले इस अफवाह को दूर किया गया कि यह लोगों के नाम काटने हेतु किया जा रहा है। सभी जीविका दीदियों ने एक स्वर में कहा कि वे इस कार्य को ससमय संपन्न कराने में पूर्ण सहयोग देंगी।

## संक्षिप्त खबरें

### बिहार लोक सेवा आयोग की कोचिंग सुविधा अल्पसंख्यक छात्रों को अब जिला में मिलेगा: डीएमडब्ल्यूओ

छपरा। बिहार लोक सेवा आयोग की 71वीं संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा जिला मुख्यालय में गैर आवासीय ऑनलाइन कोचिंग की व्यवस्था होगी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी को अल्पसंख्यक कल्याण विभाग बिहार द्वारा इस बाबत दिशा -निर्देश उपलब्ध करा दिया गया है। इस संबंध में जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी रवि प्रकाश ने बताया कि आवेदन की संख्या और संभावना की दृष्टिकोण से जिला मुख्यालय में दो केंद्रों का चयन कर केंद्र के प्रधान से सहमति पत्र प्राप्त की जानी है। इसके लिए छात्रावास, मदरसा, वक़्फ का जी प्लस भवन, प्राथमिक विद्यालय मध्य एवं उच्च विद्यालयों से हीं चयन करना है। अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी ने यह भी बताया कि अल्पसंख्यक कल्याण विभाग से इस दिशा में निर्देश प्राप्त हो गया है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा अब जिला स्तर पर गैर आवासीय कोचिंग की व्यवस्था की जा रही है, जिसमें अल्पसंख्यक समुदाय के छात्र-छात्राएं 71वीं बिहार लोक सेवा आयोग की संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करेंगे। बता दें कि इससे पूर्व अल्पसंख्यक छात्रों को हज भवन पटना में सरकार द्वारा तैयारी करवाया जा रहा था। आवेदन करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए ऑफलाइन आवेदन की व्यवस्था जिला अल्पसंख्यक कार्यालय में रहेगा। उन्होंने अभी बताया कि सैनिक अभ्यर्थियों का रजिस्ट्रेशन जिला अब संगत कल्याण कार्यालय में किया जाएगा। परीक्षा की तिथि से एक दिन पूर्व किसी प्राधिकृत व्यक्ति को ओएमआर एवं प्रश्नपत्र प्राप्त करने को लेकर हज भवन पटना भेजा जाएगा। परीक्षा समाप्ति के बाद उत्तर पुस्तिका ओएमआर सील बंद कर हज भवन पटना को उपलब्ध कराना होगा। गुना कहा कि विभागीय दिशा निर्देश के अनुसार चाइनीस जिला मुख्यालय स्थित केंद्र पर ऑनलाइन मोड में कक्षा की सुविधा प्राप्त करने हेतु अभ्यार्थियों द्वारा भरे गए विकल्प के आधार पर निर्णय लिया जाएगा।

### माशाल प्रतियोगिता का बीआरसी स्तर पर हुआ भव्य आयोजन



बनियापुर। बिहार सरकार के महत्वाकांक्षी खेल प्रतिभा खोज योजना जिसका उदेश्य ग्राम स्तर पर छुपी खेल मेघा को राष्ट्र स्तर पर उभारना है, जिसका कार्यक्रम विद्यालय,सीआरसी स्तर के बाद आज 5 जुलाई से 8 जुलाई तक विभिन्न मेघावो मे मशाल कार्य क्रम के तहत इथलीट मे दौड़,फुटबाल कार्य क्रम का आयोजन किया गया ,जहा प्रखड़ विकास पदाधिकारी रमेन्द्र कुमार ,शिक्षा पदाधिकारी रामनाथ बैठा द्वारा संयुक्तरूप से उद्‌घाटन किया गया,जिसके बाद शारीरिक शिक्षक खेल के जानकर शिक्षकों की उपस्थिति मे इस खेल का विधिवत शुरूआत कर दी गयी,तेज धुप मे शामिल शिक्षकों छात्र छात्राओं को काफी कष्ट तो हुआ पर प्रतिस्पर्धा के इस खेल मे उत्सुकता बरकरार रहा।अगले दिन कब्बडी सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा,जहा बीआरपी श्रीकांत पाण्डेय कौसर अली गुड्डू सिंह त्रिपुरारी सिंह गुड्डू कुमारी शकील अहमद नसरुद्दीन सहित सभी विद्यालयों के प्रतिंयुक्त शिक्षक, चयनित सभी छात्र छात्राएं शामिल थी।

# सस्पेंशन ब्रिज बना पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र, सैकड़ों सैलानी प्रतिदिन पहुंचते है यहां

बगहा। सुस्ता का विवादों से चोली दामन का साथ दशकों पुराना है। इन सब के बीच सुस्ता में गंडक नदी पर बने 1571 मीटर ( सस्पेंशन ब्रिज ) झूला पूल पर्यटको के आकर्षण का केंद्र बनता जा रहा है ।यह झूला पूल नदी के ऊपर बना नेपाल का सबसे लंबा झूला पूल है। नेपाल सूत्रों की माने तो प्रतिदिन इस नायाब झूले पूल को देखने के लिए करीब 5 हजार लोग पहुंच रहे है,पर्यटकों में सबसे ज्यादा भारतीय पर्यटकों की बताई जा रही है ।पर्व,त्यौहार व पूर्णिमा स्नान के समय पर्यटकों की संख्या 10 हजार के करीब हो जाती है। पूल के दोनों छोर पर कई दुकानें खुल गई है ।बतादें की यह झूला पूल नारायणी गंडक नदी के ऊपर बनाई गई है जिसकी लम्बाई 1571 मीटर और चौड़ाई करीब साढ़े 4 फिट है। झूले पूल को बनाने में 18 करोड़ नेपाली करेंसी खर्च किए गए है ।इस झूले पूल से पैदल और बाइक दोनों तरफ से आवागवन किया जाता है ।इसका डिजाइन अपने आप मे नयाब है यह पिलरों के सहारे सस्पेंशन पर टिका हुआ है ।इसे बनाने में 9 वर्ष लगे हैं और यह झूला पूल निशुल्क लोगों के लिए खोला गया है ।बतादें की विवादित सुस्ता गांव गंडक नदी के भारतीय सीमा की तरफ सटे हुए है ।इसलिए नेपाली लोगों के आवागवन सुविधा के लिए इस झूले पूल का निर्माण किया गया है,जो इस क्षेत्र के लोगो कें लिए आकर्षण का केंद्र बनता जा रहा है।

# बगहा न्यायालय ने अधिवक्ता अपहरण मामले में सुनाया अहम फैसला, अपहर्ता को आजीवन कारावास

प्रात: किरण संवाददाता



बगहा। न्यायालय ने इनदिनों केस की सुनवाई करते हुए त्वरित कार्यवाही में लंबित मामले में सजा सुना रही है। जिससे पीड़ितों को न्याय के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ रहा है। इसी क्रम में बगहा न्यायालय द्वारा एक और मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दरअसल बगहा न्यायालय ने अधिवक्ता के अपहरण मामले में अपहर्ता को आजीवन कारावास समेत 10 हजार का आर्थिक दण्ड की सजा सुनाई है। बतादें,वर्ष 2008 में अपहताओं ने घर का दरवाजा तोड़कर अधिवक्ता का अपहरण कर लिया था। इस मामले में अपर एवं सत्र न्यायाधीश चतुर्थ मानवेंद्र कुमार मिश्रा के कोर्ट ने अहम फैसला सुनाया है। अभियोजन पदाधिकारी मन्नू राव ने बताया कि 24 अक्टूबर 2008 को अधिवक्ता रत्नाकर मिश्रा अपने घर पर सोए हुए थे तभी रात्रि में आधा दर्जन अपहर्ता आए और घर का दरवाजा तोड़कर उनका अपहरण कर लिया। इसको लेकर अधिवक्ता की पत्नी रंजू देवी ने सेमरा थाना में कांड संख्या 101/2008 दर्ज कराया था। जिसकी कोर्ट में लगातार सुनवाई चल रही थी। दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के उक्त न्यायाधीश ने आजीवन कारावास समेत 10 हजार की आर्थिक दण्ड की सजा सुनाई है। उन्होंने कहा कि इस फैसले से अपराधियों में डर का माहौल बनेगा और इस तरह का कुकृत्य भविष्य में करने से बचेंगे।

# चंपापुर हरनाटांड़ मुख्य दोन नहर सड़क मार्ग बुरी तरह से जर्जर

प्रात: किरण संवाददाता

बगहा। थरुहट की राजधानी कहे जाने वाली हरनाटांड़ चंपापुर दोन नहर सड़क मार्ग पूरी तरह से जर्जर हो गई है। यह सड़क मार्ग हादसों की पहचान बनते जा रही है। सड़क पर बने गड्ढों के कारण कई बाइक व वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त पूर्व में हो चुके है। बतादें की यह सड़क करीब 10 वर्ष पूर्व कमला कंस्ट्रक्शन के द्वारा बनाई गई थी जो बनने के 6 माह बाद ही कई जगहों से उखड़ कर गड्ढो में तब्दील हो गए है। बतादें,यह नहर सड़क मार्ग चंपापुर,संतपुर,ढंगरहिया, गोनौली,दारुआबारी,कटहरवा आदि परिधि क्षेत्र को थरुहट की कहे जाने वाली राजधानी हरनाटांड़ से जोड़ता है। समाजसेवी व जाने माने चिकित्सक डॉक्टर कृष्णमोहन प्रसाद ने बताया कि इस मार्ग से मेडिकल,व्यवसाय,बच्चों के पठनपाठन व आवागमन आदि के लिए किया जाता है ,जिसपर प्रतिदिन सैकड़ों वाहनों का परिचालन होता है ।उन्होंने आगे बताया कि यह दोन सड़क मार्ग वाल्मीकिनगर जीरो आरडी से चलकर चंपापुर, हरनाटांड़,लौकरिया,रामनगर व नरकटियागंज से आगे को जाता है ।इसके बावजूद यह सड़क मार्ग सरकार के उदासीनता का शिकार बना हुआ है।

# बुद्ध चेतना परिषद का वार्षिकोत्सव संपन्न

प्रात: किरण संवाददाता




छपरा कार्यालय। बुद्ध चेतना परिषद, छपरा (सारण) का वार्षिकोत्सव सह प्रतिभा सम्मान समारोह-2025 का आयोजन बजरंग नगर, काशी बाजार, छपरा स्थित माँ साइंस इंस्टिट्यूट में आयोजित हुआ । समारोह में वर्ष 2025 में बीएसईबी एवं सीबीएसई बोर्ड से उतीर्ण मैट्रिक एवं इंटर के कुल 59 विद्यार्थियों को मोमेंटो एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया ।मैट्रिक उतीर्ण विद्यार्थियों को सूचित किया गया कि 27 जुलाई 2025 को एक लिखित परीक्षा का आयोजन किया जाएगा जिससे चयनित विद्यार्थियों को 500 प्रति माह की छात्रवृत्ति एक वर्ष दी जाएगी । कार्यक्रम की शुरूआत बुद्ध-स्तुति तथा ध्वज-वंदना से की गई । अतिथियों का स्वागत अध्यक्ष डॉ मनोज कुमार वर्मा संकल्प ने किया जबकि मंच संचालन डॉ नागेंद्र कुमार ने किया । सचिव प्रतिवेदन परिषद के सचिव सुशील कुमार सिंह द्वारा दिया गया जबकि कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह ने आय-व्यय का ब्यौरा सार्वजनिक किया । ध्वज वंदना स्वीटी तथा श्रेया राज ने पढ़ा । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की रूप में उपस्थित प्लास्टिक सर्जन डॉ. शशि कपूर ने विद्यार्थियों को हर संभव सहयोग देने का वादा किया जबकि विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य रत्नेश भास्कर ने इस तरह के कार्यक्रमों के लिए बुद्ध चेतना परिषद को साधुवाद दिया । इस अवसर पर 2024-25 में पंकज कुमार सहित कई नव नियुक्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों का सम्मान अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर किया गया । पुरस्कृत होने वाले विद्यार्थियों में सारण नीट टॉपर निकिता कुमारी, 12वीं की जिला टॉपर सिमरन कुमारी, स्वीटी कुमारी, आदर्श रंजन, आदित्य कुमार, सुहानी सिंह, आयुष राज, अमरजीत कुमार, तनिष्क कुमार, रजनीश कुमार, अनूप कुमार आदि शामिल है । वार्षिकोत्सव में एक विचार संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया जिसका विषय था ह्लसमाज के युवा पीढ़ी के समग्र विकास में हमारा योगदानह्व ।इस विषय पर भैरव भक्त, प्रोफेसर अशोक कुमार सिंह , सुशील कुमार सिंह , राकेश कुमार सिंह, डॉ शत्रुघ्न प्रसाद सिंह, रामेश्वर प्रसाद , डॉ त्रिलोकी नाथ सिंह, बिंदेश्वर सिंह, लक्ष्मण वर्मा , वीरेंद्र प्रसाद, राजेश्वर प्रसाद, राजीव रंजन, जितेंद्र कुमार , चंद्रावती कुमारी , डॉ अशोक कुशवाहा, अवधेश कुमार सिंह, अवध किशोर सिंह, उमेश सिंह सहित कई वक्ताओं ने अपने विचार प्रकट किया।

# भारत स्काउट और गाइड द्वारा सारण के निजी विद्यालयों का हुआ दल पंजीयन

## जिले के 75 निजी विद्यालयों में 150 स्काउट-गाइड दल गठित

प्रात: किरण संवाददाता



छपरा कार्यालय। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी(समग्र शिक्षा)के पत्र के आलोक में भारत स्काउट और गाइड संगठन की ओर से सारण जिले के निजी विद्यालयों में भारत स्काउट और गाइड के गतिविधियों को विस्तार देने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है ।शहर के सेन्ट्रल पब्लिक स्कूल चांदमारी रोड में बैठक करके जिले के 75 निजी विद्यालयों में कुल 150 स्काउट और गाइड दलों का गठन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए भारत स्काउट और गाइड सारण के उपाध्यक्ष सह सीपीएस ग्रुप के चेयरमैन डॉ० हरेंद्र सिंह ने कहा कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व,सेवा भावना और सामाजिक उत्तरदायित्व को बढ़ावा देना है। प्रत्येक विद्यालय में दो-दो दलों का गठन किया गया है, जिसमें एक दल स्काउट (लड़कों के लिए) और एक कंपनी गाइड(लड़कियों के लिए) दल शामिल है। भारत स्काउट और गाइड सारण के जिला संगठन आयुक्त(स्काउट)अमन राज ने बताया कि इस पंजीयन प्रक्रिया के तहत सभी दलों को औपचारिक रूप से प्रशिक्षण और आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे।आने वाले महीनों में इन दलों के लिए प्रशिक्षण शिविर,सामाजिक सेवा कार्यक्रम और विभिन्न जिला स्तर के शिविर आयोजित की जाएंगी।वही शहर के बड़े निजी विद्यालयों में से एक एच०आर०इंपीरियल पब्लिक स्कूल के प्राचार्य नीरज सिंह ने इस पहल का स्वागत किया है और इसे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए एक सकारात्मक कदम बताया है ।दल पंजीयन में सहयोग भारत स्काउट और गाइड के मुख्यालय आयुक्त प्रतिनिधि संदीप पाण्डेय,जिला प्रशिक्षक प्रणव,आशुतोष,सोनू, हार्दिक,मनीष एवम गाइड खुशी,चांदनी,अंशु और अन्य का सहयोग सराहनीय रहा। छपरा कार्यालय। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी(समग्र शिक्षा)के पत्र के आलोक में भारत स्काउट और गाइड संगठन की ओर से सारण जिले के निजी विद्यालयों में भारत स्काउट और गाइड के गतिविधियों को विस्तार देने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है ।शहर के सेन्ट्रल पब्लिक स्कूल चांदमारी रोड में बैठक करके जिले के 75 निजी विद्यालयों में कुल 150 स्काउट और गाइड दलों का गठन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए भारत स्काउट और गाइड सारण के उपाध्यक्ष सह सीपीएस ग्रुप के चेयरमैन डॉ० हरेंद्र सिंह ने कहा कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व,सेवा भावना और सामाजिक उत्तरदायित्व को बढ़ावा देना है। प्रत्येक विद्यालय में दो-दो दलों का गठन किया गया है, जिसमें एक दल स्काउट (लड़कों के लिए) और एक कंपनी गाइड(लड़कियों के लिए) दल शामिल है। भारत स्काउट और गाइड सारण के जिला संगठन आयुक्त(स्काउट)अमन राज ने बताया कि इस पंजीयन प्रक्रिया के तहत सभी दलों को औपचारिक रूप से प्रशिक्षण और आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे।आने वाले महीनों में इन दलों के लिए प्रशिक्षण शिविर,सामाजिक सेवा कार्यक्रम और विभिन्न जिला स्तर के शिविर आयोजित की जाएंगी।वही शहर के बड़े निजी विद्यालयों में से एक एच०आर०इंपीरियल पब्लिक स्कूल के प्राचार्य नीरज सिंह ने इस पहल का स्वागत किया है और इसे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए एक सकारात्मक कदम बताया है ।दल पंजीयन में सहयोग भारत स्काउट और गाइड के मुख्यालय आयुक्त प्रतिनिधि संदीप पाण्डेय,जिला प्रशिक्षक प्रणव,आशुतोष,सोनू, हार्दिक,मनीष एवम गाइड खुशी,चांदनी,अंशु और अन्य का सहयोग सराहनीय रहा।

# ई.आदित्य सिंह ने भाजपा संगठक प्रशांत अरोड़ा से की भेंट आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर हुई गहन चर्चा

प्रात: किरण संवाददाता



छपरा कार्यालय। अखिल भारतीय हिंदू महासभा (युवा मोर्चा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा युवा मोर्चा के प्रवक्ता ई. आदित्य सिंह ने नई दिल्ली स्थित आवास पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ संगठक श्री प्रशांत अरोड़ा से सौजन्य भेंट की। इस महत्वपूर्ण मुलाकात में आगामी बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।श्री अरोड़ा ने बताया कि पार्टी नेतृत्व ने जिन प्रत्याशियों को चुनाव मैदान में उतारा है, वे अपने-अपने क्षेत्रों में मजबूत जनाधार रखते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि भारतीय जनता पार्टी बिहार में पुनः सरकार बनाने की दिशा में संगठित और सशक्त रणनीति के साथ आगे बढ़ रही है। पार्टी कार्यकर्ताओं और युवाओं में जबरदस्त ऊर्जा और उत्साह है।ई. आदित्य सिंह ने भी बिहार के सामाजिक-राजनीतिक परिदृश्य पर अपने विचार साझा करते हुए कहा कि भाजपा की विचारधारा और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हो रहे कार्यों से युवाओं में विशेष आकर्षण है। उन्होंने बताया कि युवा मोर्चा गांव-गांव तक पहुँच कर संगठन को मजबूत करने का कार्य कर रहा है।मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं के बीच संगठनात्मक मजबूती, मतदाता संपर्क अभियान, युवाओं की भागीदारी और आगामी चुनावों में रणनीतिक गठजोड़ जैसे अहम मुद्दों पर भी चर्चा हुई।इस अवसर पर युवा मोर्चा के कई अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे जिन्होंने संगठन के कार्यों की जानकारी दी एवं मार्गदर्शन प्राप्त किया।

# छिटपुट घटनाओं के साथ ताजिया का जुलुस शांतिपूर्ण संपन्न

लहलादपुरः प्रखंड क्षेत्रअंतर्गत ताजिया का जुलुस रविवार की देर रात तक शांतिपूर्ण संपन्न हुआ. इसमें कई गाँवों से ताजिया का जुलुस निकाले गये तथा सारण गांव स्थित कर्बला पहुँचकर संपन्न हुए. इसमें सिप्पड़ बनाने में प्रतिस्पर्धा देखा गया. ताजपुर में मिशाइल की झलक बनायी गयी थी, जो आकर्षक का केंद्र बना हुआ था. ताजिया के दौरान ताजपुर बिहारी मोड़ के समीप आपस में हल्की झड़प देखने को मिली, प्रशासन एवं स्थानीय बुद्धिजीवीओं के हस्तक्षेप से बात आगे बढ़ने से बची, वहीं लहलादपुर गांव स्थित सीओ जयकिशोर प्रसाद के मकान के समीप जुलुस में ले जा रहे मोताबी के बंडल में आग लग जाने से हल्का अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जो आग बुझने पर शांत हुआ. संवेदनशील इलाके में थानाध्यक्ष टुनटुन कुमार अपने कई पुलिस पदाधिकारी एवं दल-बल के साथ मुस्तैद दिखे. प्रत्येक गांव के ताजिया जुलुस के साथ पुलिस दल तैनात रहे. सीओ शम्मी कुमार एवं बीडीओ नीलेश कुमार भी अपने क्षेत्र में गस्ती देते रहे. बताते चलें कि ताजिया का जुलुस दंदासपुर, हरपुर कोठी, पंडितपुर, दयालपुर, सेंदुआर, लहलादपुर, सारण, सीरिस्तापुर, जलालपुर, ताजपुर,

# अपने वैवाहिक जीवन के 18 वीं वर्षगांठ पर महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने किया विकास पर्व का आयोजन

## नगर निगम क्षेत्र के जनता की शतत सेवा और विकास में हमारा जीवन समर्पितः गरिमा

- हॉस्पिटल रोड स्थित मित्रा चौक पर महीनों से क्षतिग्रस्त पुलिया सहित बेतिया शहर की अतिआवश्यक कुल 1.60 करोड़ रुपए की 15 योजनाओं का कायार्देश किया वितरित

प्रात: किरण संवाददाता

बेतिया। महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने वैवाहिक जीवन के 18वीं वर्षगांठ पर नगर निगम कार्यालय में 1.60 करोड़ से भी अधिक की लागत वाली 15 विकास योजनाओं के कायार्देश का वितरण करते हुए सभी अभियंता, संवेदक और कार्यालय कर्मियों के बीच मिठाई का पैकेट बांट कर विकास पर्व का आयोजन किया। इस मौके पर महापौर ने कुल 1.60 करोड़ लागत वाले कुल 15 विकास कार्यों के कायार्देश का वितरण किया। इस मौके पर महापौर श्रीमती सिकारिया ने कहा कि हमारा जीवन नगर निगम क्षेत्र की जनता को उनकी शतत सेवा में समर्पित है। इस क्रम में बांटे गए कायार्देशो के बाबत महापौर ने बताया कि नगर निगम के वार्ड 13 में शंकर जी के मंदिर मेन रोड से गोरा दादा के घर तक पीसीसी सड़क निर्माण कार्य एवं मित्रा चौक पर वर्षों से क्षतिग्रस्त पुलिया का 475000/- से निर्माण कार्य शामिल है। वही वार्ड 20 में दरोगा टोला शिव मंदिर से सुभाष सहनी के घर के तरफ जाने वाली मुख्य नाला के निर्माण एवं बसंती देवी के घर से कुल 1259900 लगत से मुख्य नाला के तरफ नाला निर्माण कार्य शामिल है। महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि इसके साथ ही वार्ड 22 में अमर राम के घर से साधु चौधरी के घर होते हुए श्याम राम के घर तक आरसीसी नाला निर्माण कार्य एवं बेलबाग पिउनी बाग में नागेंद्र सिंह के घर से अरुण यादव के घर तक कुल 12,26800 की लागत से पीसीसी सड़क निर्माण कार्य की स्वीकृति शामिल है। वार्ड 22 में ही मनोज महतो के घर से अनिल कुमार के घर होते हुए मुख्य नाला तक आरसीसी नाला निर्माण कार्य दोनों तरफ के नाला निर्माण पर कुल 1222316/ खर्च को स्वीकृति दी गई है। वही वार्ड नंबर 23 में नौरंगा बाग में पायोनियर कोचिंग के मेन रोड से श्री प्रभुनाथ सिंह के घर की ओर जाने वाली सड़क में पीसीसी सड़क एवं आरसीसी नाला निर्माण कार्य का 1271900 की लागत से निर्माण कराया जाएगा। महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि इसी प्रकार वार्ड 3 में हाजी नसीम साहब के घर से खैराती मियां के घर तक सड़क निर्माण कार्य पर 1317500 खर्च को स्वीकृति दी गई है। वार्ड 6 कयूम जी के घर से उतेश साह के घर तक नाला मरम्मति एवं लाल बाबू गुप्ता के घर से रामेश्वर जी के घर तक पीसीसी सड़क एवं नाला निर्माण कार्य राज अहमद के घर से अफजाल मियां के घर होते हुए शहाबुद्दीन जी के घर तक नाला निर्माण कार्य, राशि-933700/- शामिल है। वार्ड 9 में भोला साह लेहरी के घर से नंदकिशोर प्रसाद के घर होते हुए स्व.ओम प्रकाश राउत के घर तक नाला निर्माण कार्य एवं रंजय श्रीवास्तव जी के घर से चंद्रिका सिंह जी के घर होते हुए बुलाकी सिंह चौक के समीप अधिवक्ता स्व.सत्यदेव सिंह के घर तक नाला निर्माण कार्य एवं संत रविदास नगर स्थित सामुदायिक शौचालय से स्व. सोहन साह के घर से भगत साह के घर तक नाला एवं सड़क निर्माण कार्य पर 1475000 खर्च को स्वीकृति दी गई है। इसी प्रकार वार्ड 10 मो. अतिकुज्मा के घर से मो. सगीर के घर तक आरसीसी नाला एवं पीसीसी सड़क एवं मो. शरीफ के घर से स्व.हैदर साहब के घर होते हुए मो. जोहा के घर तक पीसीसी सड़क निर्माण कार्य पर कुल 702200 खर्च को स्वीकृति दी गई है। वार्ड 10 में मो. शहजाद मंजूर के घर से मो. अफजल के घर होते हुए मोहम्मद बदरुद्दीन के घर तक पीसीसी सड़क निर्माण कार्य, 375100/- शामिल है। वार्ड नंबर 10 में स्व० कैसर के घर से नजरे आलम के घर होते हुए मो. शहाबुद्दीन के घर तक पीसीसी सड़क एवं मुस्ताक डीलर के घर से मो. नूरैन के घर होते हुए मो. नसर शाह के घर से सुनील कुमार के घर तक आरसीसी नाला पीसीसी सड़क निर्माण कार्य, राशि-1101600/- है। वार्ड 12 में अरुण कुमार एवं राजू कुमार के घर से वर्तमान पार्षद के घर होते हुए वाया हीरालाल जी के घर से विनोद कुमार के घर तक आरसीसी नाला पीसीसी सड़क निर्माण कार्य, राशि- 895969/- है। वार्ड नंबर 15 में वक्फ वाले मकान से अंशु कुमार के घर से अरशद साहब के घर से डॉ.विश्वनाथ प्रसाद के घर तक आरसीसी नाला स्लैब पुलिया एवं पीसीसी सड़क निर्माण कार्य को 1314200 से कराया जाना शामिल है।

# टीबी उन्मूलनः टीबी से जंग में अब जन-जन बनेगा योद्धा, निगरानी से लेकर पोषण तक हर कदम मजबूत

## अब आशा और सीएचओ बनेंगे टीबी वॉरियर्स, हर मरीज तक पहुंचेगा इलाज और सहारा

छपरा। देश को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में अब सारण सहित पूरे बिहार के सभी जिलों में 100 दिवसीय ह्लटीबी मुक्त भारत अभियानह्व को लागू किया जा रहा है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की यह पहल 7 दिसंबर 2024 से 17 मार्च 2025 तक देश के 347 जिलों में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में चलाई गई थी, जिसकी उल्लेखनीय सफलता को देखते हुए अब इसे राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार दिया जा रहा है। इस अभियान के तहत सारण जिले में भी घर-घर जाकर टीबी मरीजों की पहचान और उपचार की निगरानी की जाएगी। आयुष्मान आरोग्य मंदिर टीबी की एक्सरे स्क्रीनिंग की जायेगी:अभियान की सबसे बड़ी ताकत जनभागीदारी होगी। इसके तहत निर्वाचित जनप्रतिनिधि, एनजीओ, मीडिया संस्थान, स्व-सहायता समूहों और सामाजिक संगठनों को जागरूकता कार्यक्रमों से जोड़ा जाएगा। सामुदायिक सहभागिता से टीबी मरीजों को पहचानने, उनकी सहायता करने और उपचार में सहयोग करने की रणनीति को बढ़ावा मिलेगा। कमजोर आबादी की टीबी स्क्रीनिंग और एक्स-रे परीक्षण सुनिश्चित किया जाएगा। आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के माध्यम से एनसीडी मरीजों के लिए टीबी की एक्स-रे स्क्रीनिंग की जाएगी। मातृत्व मृत्यु ऑडिट की तर्ज.पर होगा मौत का विश्लेषणः सभी पंचायतों और कमजोर आबादी वाले क्षेत्रों में 100% टीबी जांच का लक्ष्य। उच्च जोखिम वाले मरीजों की पहचान कर ङ्मीशील्लइ३ी ळइ उंशी को अपनाया जाएगा। सभी पात्र मरीजों को नि-क्षय पोषण योजना का लाभ, नि-क्षय मित्र सहायता और पोषण किट दी जाएगी। मातृत्व मृत्यु ऑडिट की तर्ज.पर टीबी मौतों का विश्लेषण किया जाएगा। आयुष्मान आरोग्य मंदिर में दो टीबी चैंपियन नियुक्त किए जाएंगे: जिला क्षमा पदाधिकारी डॉ रत्नेश्वर प्रसाद सिंह ने बताया कि सीएचओ हर 15 दिन में और आशा कार्यकर्ता साप्ताहिक रूप से टीबी मरीजों के घर जाकर सेवाओं की निगरानी करें। एनजीओ और स्व-सहायता समूहों के माध्यम से पोषण पोटली की समय पर आपूर्ति। प्रत्येक आयुष्मान आरोग्य मंदिर में दो टीबी चैंपियन नियुक्त किए जाएंगे। नजदीकी संपर्कों को भी टीबी संक्रमण से बचाव हेतु जांच और उपचार मिलेगा। ज़िला स्तर पर कॉल सेंटर की स्थापना कर उपचार की निगरानी होगी। सभी गतिविधियों की समीक्षा कर सुधार के बिंदु चिन्हित किए जाएंगे। अब किसी भी मरीज को इलाज से वंचित नहीं छोड़ा जाएगा सिविल सर्जन डॉ सागर दुलाल सिन्हा ने बताया कि टीबी से मृत्यु दर में तेजी से गिरावट लाने के लिए इस बार स्वास्थ्य विभाग ने ह्लङ्मीशील्लइ३ी ळइ उंशीह्व मॉडल को अपनाया है, जिसके तहत उच्च जोखिम वाले मरीजों की अलग पहचान कर उन्हें विशेष निगरानी में रखा जाएगा। मरीजों के संपर्क में रहने वाले परिजनों और अन्य लोगों की भी जांच की जाएगी ताकि संक्रमण की चैन को वहीं रोका जा सके।

## संक्षिप्त खबरें

### टभका का लाल ने प्रथम प्रयास में ही सीए इंटरमीडिएट के प्रथम ग्रुप की परीक्षा में पाया सफलता

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड क्षेत्र के पंडित टोल टभका निवासी उमेश कुमार ठाकुर एवं शिक्षिका रंजू कुमारी का पुत्र आदित्य आनंद ने प्रथम प्रयास में ही सीए इंटरमीडिएट के प्रथम ग्रुप की परीक्षा में सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रौशन किया है। दलसिंहसराय शहर के प्रतिष्ठित कॉमर्स शिक्षण संस्थान शुमार कैरियर वर्ल्ड के छात्र आदित्य आनंद ने द इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के द्वारा आयोजित सीए इंटरमीडिएट की 200 अंकों की परीक्षा में 162 अंक प्राप्त कर माता पिता के साथ साथ क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। बता दें कि आदित्य आनंद 2022 इंटरमीडिएट में भी 450 अंक हासिल कर जिला का नाम रौशन किया है। आदित्य आनंद की सफलता पर माता पिता के अलावा संस्थान के निदेशक उत्सव जायसवाल, प्रशासनिक प्रबंधन डॉ अनिल कुमार गुप्ता, शिक्षक गुरुदेव कुमार पटेल, श्रेया सिन्हा, सुनील कुमार, सुधीर कुमार चौधरी, संतोष कुमार सुरेखा, संजय कुमार झा, मो. सुलेमान, संजीव प्रकाश, एस के मंडल, विरेन्द्र, अभिजीत पांडेय, पृथ्वीराज सिंह, जिगर गुप्ता, विवेक दत्त, चन्द्र मणि सिंह, तनीषा गुप्ता, मोती कुमार, मो. चांद आदि ने बधाई दिया है।

### बच्चों को किया गया प्रशिक्षित

कल्याणपुर समस्तीपुर क्षेत्र अंतर्गत स्वास्थ्य उप केंद्र कुशियारी के आंगनबाड़ी केंद्र पर खसरा रुबेला से बचाव को लेकर 9 महीना से लेकर 5 साल के बच्चों का ओ आर आई विशेष अभियान के अंतर्गत लक्ष्य के अनुरूप उपस्थित बच्चों को प्रतिरक्षित किया गया। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मोहम्मद हैदर ने बताया कि इस अभियान के तहत 10 टीम बनाई गई है।जिसकी मॉनिटरिंग यूनिसेफ के मॉनिटर के अलावा मेरे द्वारा भी सहायक पर्यवेक्षक न किया गया। मौके पर बीएमसी शंकर सुमन, रणधीर सिंह, ज्ञानेंद्र मिश्रा, मोहम्मद शाहनवाज आलम एवं सुरेंद्र प्रसाद सहित एएनएम सुनीता कुमारी रूबी कुमारी आदि मौजूद थे।

### विभिन्न जगहों पर हुई मारपीट की घटना में 15 लोग हुए जख्मी

कल्याणपुर समस्तीपुर क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न जगहों पर आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में 15 लोग जख्मी हो गए।जख्मी लोगों में परना गांव के शहजाद, जितवारिया के जुनैद खातून, रामभरोस राय, मिर्जापुर के सुशीला देवी ललिता देवी, गोपालपुर के विकास कुमार, रामभद्रपुर के मोहम्मद यूसुफ, जितवारिया के मुकेश राय, मिर्जापुर के पवनिया देवी, मुन्नी कुमारी एवं अशोक कुमार, शोर मार गांव के मोहम्मद आदिल, जख्मी हो गए।तो वहीं सड़क दुर्घटना में रतनपुर के मुकेश कुमार, फुलहरा के चांद बाबू, माली नगर के आदर्श कुमार जख्मी हो गए।सभी जख्मी का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया जहां जख्मी लोगों के प्राथमिक उपचार के बाद उनके स्वास्थ्य में सुधार होने की जानकारी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर हैदर ने बताइ।

### बाईक सवार युवक सड़क पर गिरा, जख्मी

कल्याणपुर समस्तीपुर पूसा मुख्य सड़क के रमोली के समीप एक युवक अचानक बाइक से गिर गया ।जिससे वह गंभीर जख्मी हो गया। बाईक थोड़ी क्षतिग्रस्त हो गई। स्थानीय लोगों के सहयोग से गंभीर जख्मी को सामुदायिक अस्पताल में भर्ती कराई गई ।जहां चिकित्सक ने उसकी पहचान जटमलपुर गांव के विपिन नाम के 25 वर्षीय पुत्र शिव शंकर राम के रूप में की। बेहतर इलाज के लिए उसे डीएमसीएच रेफर किया गया। जानकारी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर मोहम्मद हैदर ने दी।

# श्रावणी मेला में श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा सर्वोपरि : जिलाधिकारी

प्रात : किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर। श्रावणी मेला के अवसर पर श्रद्धालु भक्तों की सुविधा एवं सुरक्षा की सुदृढ़ व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन एवं वरीय पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार ने फकुली मोड़ से बाबा गरीब नाथ मंदिर तक भ्रमण किया। इस अवसर पर अधिकारीद्वय ने श्रद्धालुओं के लिए कांवरिया पथ पर जगह - जगह आवासन की सुविधा तथा जगह- जगह शौचालय ,पेयजल की व्यवस्था, बिजली की व्यवस्था, बैरिकेडिंग, कंट्रोल रूम की स्थापना, चिकित्सा शिविर, यातायात, साफ सफाई , नाला पर जगह जगह स्लैब लगाने आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।इसके लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को पूरी सक्रियता एवं तत्परता से अपने-अपने विभागीय दायित्व का जिम्मेदारी से ससमय पूरा करने को कहा। उन्होंने अपर समाहर्ता राजस्व को संबंधित विभाग के अधिकारियों से समन्वय स्थापित करने, प्रतिदिन के कार्यों का मॉनिटर कर तेजी लाने तथा सभी कार्य ससमय गुणवत्तापूर्ण रूप से पूरा कराने को कहा। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को अपने कर्तव्य के प्रति जवाबदेह होने तथा सावधान करते हुए कहा कि कार्य में कोताही एवं लापरवाही बरतने वाले अधिकारी बख्शे नहीं जाएंगे ,बल्कि कठोर कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय में श्रद्धालुओं के ठहरने की व्यवस्था की जा रही है। इस स्थल पर जिला शिक्षा पदाधिकारी को खोजे जाने पर वे अनुपस्थित पाये गये। इसे गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने डीईओ को शो- -काउज करने तथा वेतन स्थगित करने का निर्देश दिया। उन्हें सरकारी कार्य के प्रति गंभीर एवं उत्तरदायी होने की सीख दी। गर्मी के मौसम को देखते हुए श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु आवासन स्थल एवं कांवरिया पथ पर पर्याप्त संख्या में जगह-जगह शौचालय एवं चापाकल लगाया जाना है। इसके लिए कार्यपालक अभियंता मोतीपुर की खोज की गई तथा वे अनुपस्थित पाये गये। इनसे भी शो-काउज करने तथा वेतन स्थगित करने का निर्देश दिया गया।बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड द्वारा आरडीएस कॉलेज, अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय तुर्की में कांवरियों के आवासन हेतु सुविधा संपन्न टेंट सिटी बनाया जाना है। किंतु कार्य की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने नाराजगी प्रकट करते हुए अपर समाहर्ता राजस्व को प्रतिदिन मॉनिटर कर 10 जुलाई तक सभी कार्य पूरा कराने का निर्देश दिया ।कांवरिया पथ पर श्रद्धालु भक्तों को कोई कष्ट न हो, इसका विशेष ध्यान रखा गया है। उनका निर्वाध, सुगम एवं सुरक्षित गमनागमन बनाए रखने एवं सहयोग प्रदान करने हेतु जगह-जगह पर 80 कंट्रोल रूम स्थापित किए जाएंगे। कंट्रोल रूम में अधिकारियों एवं कर्मियों की तैनाती की जाएगी। कांवरिया पथ पर श्रद्धालु भक्तों की चिकित्सीय सहायता हेतु जगह-जगह पर 18 मेडिकल कैंप लगाये जाएंगे तथा डॉक्टर, स्वास्थ कर्मी, दवा की व्यवस्था के साथ ही पर्याप्त एंबुलेंस की तैनाती की जायेगी। कांवरियों की सुविधा एवं सुरक्षा के अतिरिक्त उनके मनोरंजन का भी ध्यान रखा गया है। इसके लिए बाबा नगरी मुजफ्फरपुर स्थित आरडीएस कालेज में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जिसमें कलाकारों द्वारा बाबा भोलेनाथ पर आधारित भक्ति गीत- संगीत प्रस्तुत किये जाएंगे।

कांवरिया पथ पर भयमुक्त, निर्वाध एवं सुरक्षित गमनागमन बनाये रखने तथा विधि व्यवस्था संधारित रखने के लिए महत्वपूर्ण जगहों पर दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। साथ ही जिला परिवहन कार्यालय द्वारा 150 ट्रॉली की व्यवस्था की गई है जिसका उपयोग पुलिस विभाग द्वारा आवश्यकता के अनुसार यातायात व्यवस्था को सुगम एवं सुरक्षित बनाये रखने हेतु किया जाएगा। कांवरिया पथ, मंदिर तथा निकटवर्ती अन्य शहरी क्षेत्रों में बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता को श्रद्धालुओं के रूट लाइन का भ्रमण कर जर्जर तारों ,विद्युत पोल को हटाने तथा नया बिजली तार और पोल लगाने का निर्देश दिया गया ।आगामी 13 जुलाई को द्वारिका नाथ उच्च विद्यालय में श्रावणी मेला 2025 का उद्घाटन किया जाएगा।

# चंद्रधर शर्मा गुलेरी की कहानियां जीवन का आईना है: चंद्र भूषण सिंह चंद्र

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर । हिंदी कहानी के जनक माने जाने वाले प्रसिद्ध साहित्यकार चंद्रधर शर्मा ह्यगुलेरीह्ण की जयंती नूतन साहित्यकार परिषद की ओर से सोमवार को मनाई गई। इस अवसर पर साहित्य भवन कांटी में साहित्यिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार चंद्रभूषण सिंह ह्यचंद्रह्ण ने की। चंद्र ने अपने संबोधन में कहा कि गुलेरी जी की कहानियां केवल साहित्य नहीं, बल्कि जीवन का दर्पण हैं। ह्यउसने कहा थाह्ण जैसी कालजयी रचना आज भी पाठकों के मन को छू जाती है। इस कहानी ने उन्हें हिंदी साहित्यकार आश का जाज्वल्य मां नक्षत्र बना दिया। 5 खंडों एवं 25 वर्षों के लबे अंतराल के युद्ध में सिमटी यह कहानी प्रेम,कर्तव्य व देशप्रेम का त्रिकोण बनाती है। वस्तुतः इन तीनों के मूल में प्रेम ही है। प्रेम की सात्विकता में उत्सर्ग की चरम अभिव्यक्ति इस कहानी में दिखती है, जो इसे अमर बनाती है। चंद्रधर शर्मा ह्यगुलेरीह्ण (1883झ्1922) हिंदी साहित्य के उन प्रारंभिक लेखकों में गिने जाते हैं, जिन्होंने आधुनिक हिंदी कहानी को आकार दिया। वे एक साथ कहानीकार , व्यंग्यकार और निबंध लेखक के साथ- साथ विद्वान,भाषाविद, इतिहासकार व आलोचक भी थे। लेकिन उन्हें सबसे अधिक ख्याति उनकी कहानी ह्लउसने कहा थाह्व के लिए मिली। जिसे हिंदी की पहली श्रेष्ठ कहानी कहा जाता है। उन्होंने कहानी कहने की कला में नवीनता लाई। संवादों की स्वाभाविकता व पात्रों की सजीवता ने उन्हें खास बनाया। भावनात्मक गहराई, विशेष रूप से प्रेम व कर्तव्य के टकराव को उन्होंने बड़े कौशल से प्रस्तुत किया। उन्हें हिंदी कहानी का ह्लप्रथम शिल्पकारह्व कहा जाता है। इस अवसर पर परशुराम सिंह, स्वराजलाल ठाकुर,नंदकिशोर ठाकुर,रामेश्वर महतो, नीरज शर्मा,महेश कुमार सहित अन्य साहित्यप्रेमियों ने गुलेरी के जीवन, कृतित्व व हिंदी साहित्य में उनके योगदान पर विस्तार से विचार व्यक्त किए।

# दलाई लामा के जन्म दिवस पर विमर्श कार्यक्रम आयोजित



प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर । परम पावन दलाई लामा के 90वें जन्मोत्सव पर रविवार को श्री कृष्णा जुबली लॉ कॉलेज में प्रेम करुणा और शांति विषय पर विमर्श आयोजित किया गया' कार्यक्रम का संचालन प्रभात कुमार महासचिव, भारत तिब्बत मैत्री संघ ,मुजफ्फरपुर ने किया' विषय प्रवेश प्रो0 विश्व आनन्द ने कराया' उक्त अवसर पर मुख्य वक्ता प्रो0 प्रमोद कुमार, सदस्य, सिंडिकेट बी0 आर0 ए0 बिहार विश्वविद्यालय ने कहा कि आज दुनिया में चारों तरफ चल रहे प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष युद्ध के समय में शांति की विशेष प्रासंगिकता है परम पावन दलाई लामा को नोबेल शांति पुरस्कार प्राप्त होने के समय महात्मा गांधी और अन्य के विरुद्ध उनके प्रयोग अहिंसा सत्याग्रह का उत्तराधिकारी कहा गया था श्री कुमार ने कहा कि जब दुनिया स्टेट्समैन की ताकत और सैन्य की कुवत धीरे-धीरे खो रही है , वहीं दलाई लामा एक धार्मिक राजनीतिक नेतृत्व के तौर पर दुनिया को शांति का संदेश दे रहे हैं ।दलाई लामा वर्तमान में विभिन्न धार्मिक विश्वासों के बीच संवाद और सार्थक लोकतंत्र की नीति का समर्थन कर रहे हैं। उनके दर्शन की व्याख्या करते हुए उन्होंने कहा कि मानव का अस्तित्व प्रकृति के साथ ही जुड़ा हुआ है। दलाई लामा का करुणा, प्रेम और त्याग सिर्फ तिब्बती लोगों या बौद्ध तक ही सीमित नहीं है ,यह विश्व स्तर पर लोगों को संदेश दे रहा है। धार्मिक देश और उन्माद की स्थिति के बीच परम पावन दलाई लामा जैसे आध्यात्मिक व्यक्तित्व की उपस्थिति आशा की एक किरण है । प्रो0 अरुण कुमार सिंह ने परम पावन दलाई लामा के 90वें जन्मोत्सव पर शुभकामनाएं देते हुए उनके 2011 में लिए गए संकल्प को दोहराया, जिसमें उन्होंने 90वें जन्मदिन पर दलाई लामा के पद को जारी रखने और संस्था को जिंदा रखने की बात की थी। उन्होंने चीनी दमन के विरुद्ध दलाई लामा की मध्यम मार्ग का समर्थन करते हुए कहा कि भारतीय सरकार इस मामले में हस्तक्षेप का राजनीतिक एवं धार्मिक अधिकार रखती है ।भारत तिब्बत मैत्री संघ बिहार के अध्यक्ष डॉ हरेंद्र कुमार ने अपने अध्यक्षीय भाषण में परम पावन को उनके जन्मोत्सव पर लंबे जीवन की शुभकामना दी। उन्होंने दलाई लामा के प्रेम करुणा और शांति के संदेश को विश्व के लिए आवश्यक बताया साथ ही उन्होंने भारत सरकार से आग्रह किया कि परम पावन दलाई लामा को संसद के दोनों सदनों को संबोधित करने का अवसर प्रदान किया जाए ।चीन के विरुद्ध यह भारत की बड़ी कूटनीतिक जीत होगी। धन्यवाद ज्ञापन डॉ0 रीना झा ने किया` अन्य वक्ताओं में प्रो0 अजीत कुमार, सतीश कुमार साथी, डॉ0 धनंजय कुमार, अंबरीश कुमार सिंह, अनिल शंकर ठाकुर, डॉक्टर एच के पी सिंह आदि प्रमुख रहे कार्यक्रम में राजीव रंजन रोहित सिंह रमन कुमार अंकित आनंद श्याम सुंदर गुप्ता समरेंद्र कुमार पवन प्रभात कुमार शाही विनय प्रशांत दिनेश प्रसाद सिंह शंभू मोहन प्रसाद सोनू सरकार कृष्ण कुमार दीनबंधु कुमार राजेश कुमार रविंद्र नाथ साहू श्रवण कुमार झा अमित कुमार हरिशंकर मिश्रा अनिल कुमार ठाकुर बबली कुमारी शिवानी कुमारी सुमित प्रकाश आयुष हर्षित अभिषेक कुमार सुनील कुमार विक्रम जयनारायण निषाद आदि उपस्थित थे।

# मुसरीघरारी में मोहर्रम का पर्व हर्षोल्लास और सौहार्द के साथ मनाया गया



समस्तीपुर प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर जिले के मुसरीघरारी में दसवीं मोहर्रम का पर्व मुजाहिद उल इस्लाम मोहर्रम कमिटी के तत्वावधान में बड़ी धूमधाम, उत्साह और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस मौके पर प्रशासन और स्थानीय वॉलंटियरों की कड़ी व्यवस्था के चलते कार्यक्रम शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर समस्तीपुर के जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा, पुलिस अधीक्षक अरविंद प्रताप सिंह, एसडीपीओ संजय कुमार पांडे, मंत्री विजय कुमार चौधरी, विधान परिषद सदस्य मोहम्मद कारी सोहेब, पूर्व एमएलसी रमा भारती (राजद महिला जिला अध्यक्ष), तथा मुसरीघरारी नगर पंचायत के सभी जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। मुसरीघरारी चौक पर आयोजित कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। पारंपरिक ताजिया मिलन के साथ खिलाड़ियों ने आकर्षक खेल प्रदर्शन किया, जिसे देखने के लिए बड़ी भीड़ उमड़ी। मुसरीघरारी में हर साल की तरह इस बार भी लगभग 20 से 25 ताजिए एकत्र हुए, जो अपने-अपने अखाड़ों के साथ सांस्कृतिक मेल-जोल का प्रतीक बने। कार्यक्रम की निगरानी के लिए प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए थे। पूरे इलाके में 36 सीसीटीवी कैमरे और 6 ड्रोन कैमरों की मदद से निगरानी की गई। हर मोड़ पर पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारी तैनात थे ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। समस्तीपुर जिले में मोहर्रम पूरी तरह से शांतिपूर्ण, अनुशासित और भाईचारे के वातावरण में मनाया गया।

# साईकिल रैली के माध्यम से किया जायेगा मतदाता पुनरीक्षण जागरूकता : ईश्वर मंडल

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा ।मतदाता पुनरीक्षण के कार्यो को ससमय पूर्ण कर लिए जाने को लेकर आयोजित वर्चुअल मीटिंग में जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह सांसद संजय झा एवं प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा की अध्यक्षता में ने शिरकत करते हुए राज्य के सभी जिलाध्यक्षों सहित विभिन्न प्रकोष्ठों के पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकताओं को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इसी कड़ी में जदयू जिलाध्यक्ष ईश्वर मंडल की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन मिथिला विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित की गई। आयोजित बैठक में मौजूद विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी एवं कार्यकताओं को संबोधित करतें हुए कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता विशेष पुनरीक्षण अभियान के लिए जनजागृति को लेकर आगामी 8 जुलाई को सूबे के सभी वार्ड एवं पंचायतों में पार्टी द्वारा साईकिल रैली निकाली जायेगी साईकिल रैली में संबंधित पंचायत के बूथ स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकताओं की भूमिका अहम रहेगी। जिलाध्यक्ष ने कहा कि 8 जुलाई को दरभंगा में मिथिला विश्वविद्यालय प्रांगण स्थित बाबा साहब अम्बेडकर की प्रतिमा स्थल से आयकर चौक भाया दरभंगा जंक्शन होते कपूरी चौक तक साईकिल रैली निकाल आम नागरिकों के बीच जनजागरुकता को ऐतिहासिक बनाए जाने का निर्णय लिया गया हैं। बैठक में जिला संगठन प्रभारी केदार नाथ भंडारी,महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष अंजुला शर्मा, प्रदेश महासचिव सुभाष यादव, प्रवक्ता रबीन्द्र यादव, अवन कुमार राय, विनोदानंद झा, नरेश मिश्र, नागेंद्र पासवान, प्रदीप कुमार महतो, अजय सत्संग, नंद किशोर यादव, ठाकुर ईश्वर प्रसाद बिट्टू , श्याम मंडल जी, सुनील ठाकुर,इकबाल राईन, राकेश रौशन,मनोज झा,अशोक ठाकुर, हरिशंकर पासवान, रौशन महतो,मनोज ठाकुर ,राकेश यादव,राजीव झा, शशि पटेल एवं जितेन्द्र दास सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकताओं ने साइकिल रैली को सफल बनाने का संकल्प लिया।

# एसयूसीआई कम्युनिस्ट ने किया आम हड़ताल को सफल बनाने का आह्वान



प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।एसयूसीआई (कम्युनिस्ट)की मुजफ्फरपुर जिला कमिटी की बैठक मोतीझील स्थित जिला कार्यालय में हुई। बैठक में केंद्र सरकार की मजदूर -किसान एवं आमजन विरोधी नीतियों के खिलाफ 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर 9 जुलाई को हो रहे आम हड़ताल को सक्रिय समर्थन देने का निर्णय लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के जिला सचिव अर्जुन कुमार ने कहा कि भाजपा सरकार की कॉर्पोरेट पक्षी नीतियों के कारण गरीबों की विशाल संख्या तथा अति धनवानो के बीच असमानता तीव्र गति से बढ़ रही है। धनवानो की 5 प्रतिशत आबादी ने मेहनतकश जनता के कठिन परिश्रम से निर्मित देश की लगभग 70 प्रतिशत संपत्ति हड़प ली है। वहीं आबादी के निचले 50 प्लोरतिशत गों के पास इसका केवल लगभग तीन प्रतिशत हिस्सा है। मेहनतकश वर्ग के कड़े संघर्षो से अर्जित 29 श्रम कानूनों को रद्द कर उसकी जगह चार श्रम कोड लाकर श्रमिकों के अधिकारों में भारी कटौती की गई है। 700 किसानों की शहादत के उपरांत किसानों द्वारा 13 महीने तक किए गए लंबे संघर्ष के बाद वापस लिए गए तीन काले कृषि कानून को पिछले दरवाजे से पुनः लाया जा रहा है। सरकारी संपत्तियों को औने-पौने दामों पर पूंजी पत्तियों के हवाले किया जा रहा है तथा अस्थाई नौकरियां खत्म कर ठेके पर बहाली हो रही है। इन नीतियों के कारण आम जनता के समक्ष रोजी-रोटी की समस्या बढ़ रही है। महिलाओं पर अपराध सहित अन्य अपराधिक घटनाओं में वृद्धि हो रही है। शिक्षा नीति 2020 के जरिए शिक्षा प्रणाली के केंद्रीकरण, व्यापिरीकरण और सांप्रदायिकरण का फासीवादी डिजाइन तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि इन समस्याओं को लेकर पार्टी के कार्यकर्ता 9 जुलाई को सड़कों पर उतरेंगे। बैठक में पार्टी के राज्य कमिटी सदस्य लालबाबू महतो, जिला कमिटी सदस्य तारकेश्वर गिरि, मोहम्मद इदरीस, काशीनाथ सहनी,नरेश राम,लालबाबू सहनी, विपिन ठाकुर, लालबाबू राय और रामप्रीत राय ने भी अपने विचार रखे।

# कांटी के माटी पैदा लिया इंसान हूं, जनता के दुःख- दर्द समझता हू : अजीत कुमार

प्रात : किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर । कांटी के माटी मे पैदा लिया इंसान ही स्थानीय जनता के दुःख- दर्द को समझ सकता है। बीते 10 वर्षों में कांटी विधानसभा क्षेत्र के जनता के वोट चुने गए विधायक सिर्फ अपने मतलब के कार्य को साधने में लगें रहे , उन्हें जनता के कार्य व विकास से कोई मतलब नहीं रहा। उक्त बातें कांटी नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड 6 के महादलित बस्ती, साइन छपरा देवानंद पासवान टोला, असनगर दलित बस्ती, पानापुर लोहार टोला, लसगरिपुर रविदास बस्ती में सोमवार को आयोजित जन संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य के पूर्व मंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता ई. अजीत कुमार ने उपस्थित लोगों से कही। इस अवसर पर श्री कुमार का स्थानीय पार्षद इनरदेवराम उर्फ पप्पू राम, विजय राम, पूर्व पार्षद राजकुमारी देवी समेत कई गणमान्य लोगों ने फूलमाला व अंग वस्त्र से सम्मानित किया। मौके पर पूर्व मंत्री अजीत कुमार ने उपस्थिति अति उत्साहित महिलाएं , पुरुष व युवाओं वर्ग को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाला समय आपका होगा। लेकिन इसके लिए आपको जिम्मेदार जनप्रतिनिधि चुनना होगा । उन्होंने कहा कि पांच वर्ष तक गायब रहने वाले नेता फिर इस बार आपसे मिलकर लोक लुभावने वादे करेगें , लेकिन वैसे लोगों से आपको पूरी तरह सावधान रहना पड़ेगा। श्री कुमार ने कहा कि वे पिछले दो बार से चुनाव हारने के बाद भी कांटी - मड़वन के लोगों के बीच बने रहें एवं एवं लोगों के सुख-दुख में शरीर होकर न केवल उन्हें व्यक्तिगत स्तर पर मदद किया बल्कि सामाजिक समस्याओं का भी लड़कर निदान कराया। उन्होंने कहा कि मेरे इस अभियान में कांटी के हर समाज के लोगों का सहयोग मिला है, हम इसके लिए कांटी क्षेत्र के लोगों का आजीवन आभारी रहेंगे । जनसंवाद कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने अपने कई समस्या से श्री कुमार को अवगत कराया जिस पर उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों से बात कर निष्पादन भी कराया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री अजीत कुमार का स्थानीय पार्षद इनरदेव राम उर्फ पप्पू राम ने अपने वार्ड 6 में ही विवाह भवन समेत अन्य विकास कार्य नगर विकास व आवास विभाग के मंत्री जीवेश कुमार मिश्रा से पहल कर करवाने की अनुरोध किया, जिस पर श्री कुमार ने विभागीय मंत्री से मिलकर इस कार्य को शीघ्र करने का आश्वासन दिया। वहीं, उपस्थित महिलाएं, पुरुष व युवाओं ने श्री कुमार को आश्वस्त किया कि इस बार के विधानसभा चुनाव में अपना- अपना समर्थन आपको ही देंगे एवं सभी ने अपना-अपना हाथ उठाकर इसका संकल्प भी लिया।

# समस्तीपुर सहित हिंदू जनजागृति समिति द्वारा बिहार में 3 स्थानों पर गुरुपूर्णिमा महोत्सव का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर । संपूर्ण विश्व युद्ध की दिशा में बढ रहा है। भारत में भी जिहादी आतंकवादी हिन्दुओं की हत्या कर भारत को युद्ध हेतु उद्युक्त कर रहे हैं। श्रीराम, श्रीकृष्ण जैसे अवतारों से लेकर छत्रपति शिवाजी महाराज, महाराणा प्रताप को भी जनता पर हो रहे अन्याय नष्ट करने के लिए युद्ध करना पड़ा। उस कार्य में उन्हें गुरुपरंपरा का भी मार्गदर्शन मिला। इससे स्पष्ट होता है कि राष्ट्र की रक्षा के लिए भी गुरु-शिष्य परंपरा आवश्यक है। इसलिए राष्ट्रप्रेम बढानेवाली गुरुपूर्णिमा मनाने के उद्देश्य से गुरुवार, 10 जुलाई 2025 को हिंदू जनजागृति समिति की ओर से गुरुपूर्णिमा महोत्सवों का आयोजन किया गया है । इस वर्ष यह महोत्सव देशभर के 45 स्थानों पर और समस्तीपुर जिले में प्रीतिका इंटरनेशनल होटल, बारह पत्थर चौक ,सदर हॉस्पिटल के बगल में गुरुपूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया गया है। निम्नलिखित स्थानों पर महोत्सव संपन्न होंगे : हाजीपुर : कुशवाहा आश्रम, एस डी ओ रोड चौक, जी एन इन्टर कालेज के बगल में, हाजीपुर, वैशाली समय - शाम 5 से 7 बजे तक मुजफ्फरपुर - चेम्बर ऑफ कॉमर्स,जवाहर लाल रोड,मुजफ्फरपुर, बिहार समय - शाम 5 से 7 बजे तक समस्तीपुर : प्रीतिका इंटरनेशनल होटल, बारह पत्थर चौक ,सदर हॉस्पिटल के बगल में, समस्तीपुर समय : शाम 5 से 7 इस महोत्सव में श्री व्यासपूजन एवं प.पू. भक्तराज महाराजजी की प्रतिमा का पूजन, संतसंदेश, लघुपट, स्वरक्षा प्रात्यक्षिक और सामूहिक रामनाम जप होगा विविध मान्यवरों के विचार तथा ह्यराष्ट्र और धर्मरक्षा हेतु साधना एवं युद्धकालीन कर्तव्यह्ण इस विषय पर विशेष मार्गदर्शन भी होगा यहां पर आध्यात्मिक, राष्ट्र व धर्मविषयक ग्रंथों की प्रदर्शनी और फ्लेक्स फलक प्रदर्शन भी लगाए जाएंगे अतः सभी राष्ट्र एवं धर्मप्रेमी इस अमूल्य अवसर का सहपरिवार इस महोत्सव का लाभ ले, ऐसा आवाहन हिंदू जनजागृति समिति की ओर से किया है । ऑनलाइन गुरुपूर्णिमा महोत्सव : देश-विदेश के श्रद्धालुओं को भी गुरुपूर्णिमा का लाभ मिल सके, इसलिए हिंदू जनजागृति समिति की ओर से अंग्रेजी, कन्नड़, तेलुगु और बंगाली भाषाओं में ऑनलाइन गुरुपूर्णिमा महोत्सव आयोजित किया गया है । अंग्रेजी भाषा में महोत्सव 10 जुलाई को रात 8.00 बजे इस यूट्यूब लिंक पर लाइव प्रसारण किया जाएगा

# सड़क और बेली ब्रिज निर्माण के लिए 45.68 करोड़ रुपए : सम्राट

## साध बाबा स्थान से बैजू स्थान वैरियापुर और गोपालपुरी से कोनीपार पीडब्ल्यूडी रोड 19.08 करोड़ की योजना स्वीकृति

- लखीसरायझ्किऊल रेलमार्ग पर बेली ब्रिज अधिष्ठापन हेतु 26.60 करोड़

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि लखीसराय में दो सड़कों और रेलमार्ग पर एक बेली ब्रिज के निर्माण के लिए 45.68 करोड़ रुपए से अधिक राशि स्वीकृत की गई है। इससे लखीसराय जिले में सड़क संपर्कता बढ़ेगी। श्री चौधरी ने बताया कि साध बाबा स्थान से बैजू स्थान वैरियापुर और गोपालपुरी से कोनीपार पीडब्ल्यूडी रोड तक 10.85 कि.मी. लंबी सडक इस परियोजना के लिए कुल 19.08 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। उन्होंने कहा कि यह सड़क स्थानीय निवासियों की आवाजाही को सुलभ बनाएगी और क्षेत्रीय विकास को गति प्रदान करेगी। साथ ही, इससे आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि, ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापारिक सुविधा और सामाजिक बुनियादी ढांचे को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण विकास और संपर्कता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए भविष्य में भी इस प्रकार की योजनाओं को निरंतर स्वीकृति देती रहेगी। श्री चौधरी ने बताया कि लखीसरायझ्किऊल रेलमार्ग पर बेली ब्रिज अधिष्ठापन हेतु 26.60 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। किऊल नदी पर स्थित पुराने रेलवे पुल के स्थान पर 9745.72 मीटर आकार का बेली ब्रिज अधिष्ठापन प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि यह परियोजना सड़क सुरक्षा के साथ-साथ दोहरे रेलवे संपर्क के विकल्प के रूप में कार्य करेगी, जिससे यात्रियों की सुविधा और आपात परिस्थितियों में राहत व्यवस्था दोनों को मजबूती मिलेगी। श्री चौधरी ने बताया कि तकनीकी विशेषज्ञों के साथ हुए संयुक्त निरीक्षण में यह पाया गया कि किऊल नदी पर मौजूद पुराना रेलवे पुल आंशिक मरम्मत के बाद बेली ब्रिज अधिष्ठापन के लिए उपयुक्त हैं। उन्होंने बताया कि बेली ब्रिज की संरचनाः 9745.72 मीटर की लंबाई होगी, कैरिजवेः 4.25 मीटर चौड़ा होगा और प्रोजेक्शनः दोनों ओर 1.5 मीटर होगा। श्री चौधरी ने कहा कि सड़कों के साथ बेली ब्रिज का निर्माण न केवल यातायात का प्रवाह सुनिश्चित करेगा, बल्कि क्षेत्र की आपातकालीन सेवाओं, प्रशासनिक आवागमन एवं स्थानीय नागरिकों की दैनिक गतिविधियों में भी सहूलियत होगी।

# शांति समिति के सदस्यों को चिन्हित कर विशेष मौके पर सम्मानित किया जायेगा : डीएम

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा ।मुहर्रम के दसवीं की शाम कोतवाली चौक पर जब मंच पर जिलाधिकारी कौशल कुमार और वरीय पुलिस अधीक्षक जगुनाथ जलारड्डी पहुंचे तो वहां माइक से भीड़ कंट्रोल कर रहे शांति समिति सदस्य नवीन सिन्हा को आधा दर्जन लोगों के साथ यातायात व्यवस्था में पुलिस की मदद कर रहे लोगों में से एक दुबले पतले अधेड़ व्यक्ति को बुलाने को कहा। पहले तो कुछ समझ में नहीं आया, फिर माइक से ही उस व्यक्ति को मोती कुरैशी नाम से मंच पर बुलवाया। मोती कुरैशी जब मंच पर आए तो जिलाधिकारी श्री कुमार ने सहज भाव से पूछा कि अगर मैं भूल नहीं रहा तो लगभग दस वर्ष पूर्व भी आप मुहर्रम और रामनवमी में घंटों यातायात व्यवस्था में लगे हुए थे। मोती कुरैशी सहित सभी ने कहा कि ये वर्षों से शांति समिति सदस्य के रूप में सेवा देते रहे हैं। जिलाधिकारी ने एस एस पी से कहा कि जब मैं दस वर्ष पहले यहां प्रशिक्षण में पदस्थापित था तो उस समय भी मैने इस व्यक्ति को निरंतर सेवा देते देखा था। आज भी वही जज्बा है। एक सच्चा सेवक शांति समिति सदस्य से प्रशाशन मजबूत होता है। वहां उपस्थित लोगों ने बताया कि जिला शांति समिति अंतर्गत 40 सदस्यों की कोतवाली थाना क्षेत्रीय शांति समिति सक्रिय रूप से मोहर्रम और रामनवमी सहित सभी विशेष आयोजन पर सेवारत रहता है। डीएम ने थाना प्रभारी से कहा कि वर्षों से लगातार सेवारत शांति समिति सदस्यों की अलग सूची चिन्हित कर रखें, जो जमीन पर कार्यरत हैं।

# अभी तक मधुबनी के सभी विधानसभा क्षेत्रों से 496634 गणना प्रपत्र का किया संग्रह

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में संबंधित बीएलओ के माध्यम से गणना प्रपत्र का वितरण तेजी के साथ किया जा रहा है। बीएलओ एवं बीएलओ सहायक के द्वारा प्रपत्र भरने में सहयोग भी किया जा रहा है और भरे हुए प्रपत्र का संग्रह भी तेजी से हो रहा है। अभी तक मधुबनी के सभी विधानसभा क्षेत्रों से अब तक 496634 गणना प्रपत्र का संग्रहण भी किया जा चुका है। जिला पदाधिकारी, मधुबनी के द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण लगातार मॉनिटरिंग किया जा रहा है। जिलाधिकारी सहित तमाम वरीय पदाधिकारी विशेष गहन पुनरीक्षण के अभियान को लेकर अपने क्षेत्र भ्रमण के क्रम मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के कार्यो का निरीक्षण भी कर रहे है,साथ ही मतदाताओं से मिलकर उनका फीड बैक भी ले रहे है। जिलाधिकारी ने कहा कि 07 जनवरी,2025 को प्रकाशित निर्वाचक सूची में जिन मतदाताओं के नाम शामिल हैं, सभी को फॉर्म भरना है। यह कार्य निर्वाचक सूची की शुद्धता के लिए करना आवश्यक है। फॉर्म 26 जुलाई तक भरे जाने हैं। अभी 19 दिन शेष है ।उन्होंने बताया है कि इस कार्य में पर्याप्त संख्या में बीएलओ सहयोगी बीएलओ को सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने ने बताया कि 2003 की मतदाता सूची निर्वाचन आयोग के वेबसाइट पर ऑनलाइन उपलब्ध है जिसे कोई भी देख सकता है। जिलाधिकारी ने कहा कि संग्रहण किए गए फॉर्म का तेजी के साथ अपलोड भी किया जा रहा है। जिलाधिकारी के द्वारा बताया गया कि हाउस टू हाउस सर्वेक्षण का कार्य 25 जून से प्रारंभ हुआ है जो 26 जुलाई तक चलेगा। ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन 01अगस्त 2025 को कराया जाएगा। इसके पश्चात दावा-आपत्ति की अवधि 01अगस्त से 01 सितंबर तक निर्धारित की गई है। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 30 सितंबर 2025 को किया जाएगा।



# चाहत खन्ना ने दूसरे तलाक पर तोड़ी चुप्पी

चाहत खन्ना किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। वो टीवी इंडस्ट्री का फेमस नाम हैं। उन्होंने राम कपूर के टीवी शो बड़े अच्छे लगते हैं में दमदार एक्टिंग कर घर-घर में अपनी पहचान बनाई थी। हालांकि, वो अपनी पर्सनल लाइफ के लिए भी खूब सुर्खियों में रहीं। उन्होंने दो बार शादी की, लेकिन दोनों बार उनका रिश्ता टूट गया। उन्होंने हाल ही में अपने दूसरे तलाक के बारे में बात की। एक्ट्रेस ने खुलासा किया कि वो अपनी बेटियों की खातिर शादी से बाहर निकल गईं। बता दें कि एक्ट्रेस को अपने दूसरे पति फरहान मिर्जा से दो बेटियां हैं। उन्होंने कहा, मैंने हमेशा वही किया जो मुझे सही लगा और मैं उस पर कायम रही। मेरे पास हमेशा ये कहने का साहस रहा है कि अगर कुछ गलत है, तो मैं ऐसा नहीं करूंगी और मैं किसी और को भी ऐसा नहीं करने दूंगी। दुनिया चाहे जो भी कहे, मैं कभी भी गलत को सपोर्ट नहीं करूंगी।

चाहत ने आगे कहा, आपके पास उस तरह का कॉन्फिडेंस, उस तरह का साहस और सेल्फ रिस्पेक्ट होना चाहिए। ना सिर्फ एक महिला के रूप में, बल्कि एक इंसान के रूप में भी। मुझे हमेशा लगता रहता है कि अगर कुछ ठीक नहीं है तो मैं उसका हिस्सा नहीं बनूंगी। मैं बाकी चीजों को समझ लूंगी, लेकिन मैं उससे दूर चली जाऊंगी। मेरा डेयरडेविल वाला एटीट्यूड है।

**बेटियों के लिए ही तलाक का लिया फैसला**

सलाह देते हुए चाहत ने कहा कि खराब शादी में क्यों नहीं रहना चाहिए। वो बोलीं, आपको ये सोचकर टॉक्सिक मैरिज में नहीं रहना चाहिए कि आप ये बच्चों के लिए कर रहे हैं। आप जितना सोचते हैं, बच्चे उससे ज्यादा प्रभावित होते हैं। आपको ये भी नहीं पता कि इससे क्या नुकसान होता है। आपको तभी पता चलेगा, जब वे बड़े हो जाएंगे और आप उनके दोस्तों से सुनेंगे कि आपके बच्चे ने वास्तव में क्या झेला है। इसलिए, मैंने अपनी बेटियों के लिए अलग होने का फैसला किया, उनके बावजूद नहीं।

**एक्स हसबैंड के साथ रहती है बड़ी बेटी**

चाहत ने ये भी खुलासा किया कि उनकी बड़ी बेटी उनके एक्स हसबैंड के साथ रहती है और उनसे जुड़ी हुई है, जबकि छोटी बेटी उनके साथ ही रहती है।



# पंकज और इरफान की तुलना पर बोलीं कोंकणा

साल 2007 में अनुराग बसु की फिल्म लाइफ इन अ मेट्रो में इरफान खान और कोंकणा सेन शर्मा की जोड़ी ने ऑडियंस के दिलों में एक खास जगह बना ली थी। एक साधारण सी लगने वाली कहानी को दोनों ने अपनी संजीदा अदाकारी से बेहद खास बना दिया था। अब 17 साल बाद अनुराग बसु उसी कहानी को आगे बढ़ा रहे हैं अपनी नई फिल्म मेट्रो इन दिनों के जरिए। इस फिल्म में भी कोंकणा प्रमुख भूमिका में नजर आ रही हैं। इस बार फिर सबकी नजरें कोंकणा सेन शर्मा पर हैं। लेकिन इस बार एक बहुत बड़ा फर्क है, इरफान खान। इरफान अब हमारे बीच नहीं हैं। उनकी जगह इस बार पंकज त्रिपाठी ने ली है। यही फर्क बातचीत के दौरान कोंकणा को भावुक कर गया। जानिए इरफान और फिल्म को लेकर कोंकणा ने क्या कुछ साझा किया।

## मुझसे तुलना मत करवाइए

बातचीत के दौरान जब उनसे पूछा गया कि क्या पंकज त्रिपाठी में कभी इरफान की कोई झलक दिखाई दी, तो कोंकणा ने तुरंत कहा, प्लीज मुझसे मत पूछिए ये सवाल। क्योंकि दो बिल्कुल अलग आत्माओं की तुलना करना बहुत कठिन है। कुछ देर चुप रहने के बाद बेहद सादगी से कोंकणा ने कहा कि इरफान के साथ जो रिश्ता था, वो बहुत ही खास था। यह जो जुड़ाव है, वह भी अपने आप में अनोखा है। लेकिन मैं इस तुलना का जवाब नहीं दे सकती। कोंकणा ने इरफान को याद करते हुए कहा कि वो सिर्फ एक बेहतरीन कलाकार नहीं थे, बल्कि एक बेहद संवेदनशील इंसान भी थे। उनके साथ काम करना एक ऐसा अनुभव था, जिसे दोबारा महसूस नहीं किया जा सकता।

## मां अपर्णा की फिल्म में नजर आएंगी कोंकणा

वर्कफ्रंट की बात करें तो 'मेट्रो इन दिनों' के बाद कोंकणा जल्द ही अपनी मां अपर्णा सेन की फिल्म द रेपिस्ट में नजर आएंगी। इसके अलावा उन्होंने प्रतिभा रांटा के साथ एक फिल्म की है। वहीं हॉटस्टार के लिए एक वेब सीरीज किलिंग भी कर रही हैं।

## कभी मेनस्ट्रीम हीरोइन नहीं बनना चाहती थीं कोंकणा

कोंकणा सेन शर्मा हमेशा से कंटेंट-ड्रिवन सिनेमा की पहचान रही हैं। ऐसे में स्वाभाविक था कि बातचीत के दौरान उनसे यह पूछा जाए कि क्या कभी उन्हें लगा कि करण जौहर उन्हें शाहरुख खान के साथ किसी फिल्म में कास्ट करेंगे? इस सवाल पर कोंकणा मुस्कुराईं और बेझिझक बोलीं, वो मेरा जोन कभी रहा ही नहीं। वैसे भी बहुत सारे लोग उस जोन में बहुत अच्छा काम करते हैं, लेकिन मुझे नहीं लगता कि वो मेरी ताकत है। मैं किसी भी तरह की कहानी के लिए तैयार हूं, बशर्ते किरदार अच्छा हो, निर्देशक अच्छा हो। लेकिन वो मेनस्ट्रीम हीरोइन वाला सपना कभी मेरा नहीं था।



# सभी भारतीय भाषाएं बेहतरीन, मैं सबसे पहले भारतीय हूं

टीवी और फिल्मों के मशहूर अभिनेता शरद केलकर ने भारत के राज्यों के बीच बढ़ते भाषा विवाद पर अपनी राय रखी। अभिनेता शरद केलकर ने बात की और बताया कि वे राजनीति से दूर रहना पसंद करते हैं, और वह देश भर में बोली जाने वाली सभी खूबसूरत भारतीय भाषाओं का सम्मान करते हैं। उन्होंने आईएएनएस से कहा, ईमानदारी से कहूं तो मैं राजनीतिक मामलों में नहीं पड़ना चाहता। मुझे इसमें कोई दिलचस्पी नहीं है। मुझसे अभिनय के बारे में पूछें और मैं बात करूंगा। मेरा मानना है कि सभी भारतीय भाषाएं बेहतरीन हैं। मैं सबसे पहले भारतीय हूं। अभिनेता जल्द ही एक शो में नजर आएंगे। इसमें उनको मिलने वाली फीस को लेकर भी चर्चा है। बातचीत में अभिनेता से जब पूछा गया कि क्या वह अपकमिंग शो में सबसे ज्यादा फीस लेने वाले अभिनेता हैं, तो उन्होंने कहा, मैं काफी समय से काम कर रहा हं। मैंने अपने लिए वह जगह बनाई है और हां मैं इसलिए ज्यादा फीस लेता हूं। इसमें मुझे नहीं लगता कि इसमें कुछ अलग हैं। अगर कोई अच्छा कमा रहा है तो लोगों को खुशी होनी चाहिए, जलन नहीं। यह उपलब्धि का संकेत है। अगर कोई अभिनेता टीवी में वापसी करता है तो इसका मतलब उसका बहुत महत्व है। कोई आपको सिर्फ पुरानी यादों के लिए वापस नहीं बुला रहा है – आपको कुछ पेश करना होगा।

उन्होंने यह भी बताया कि टेलीविजन के मौजूदा शो अब क्यों नहीं चलते हैं, क्यों अभिनेता घर-घर में अपना नाम नहीं बना पा रहे हैं। उन्होंने कहा, दर्शकों का अब देखने का नजरिया बदल गया है। ओटीटी अब नए शो और प्लेटफॉर्म लेकर आया है। पहले शो सालों तक चलते थे और किरदार लोगों के दिलों में बस जाते थे। अब शो छोटे होते हैं और लोग जल्दी आगे बढ़ जाते हैं। वहीं कई अभिनेताओं का मानना है कि उन्हें पहचान नहीं मिल रही है, लेकिन मुझे लगता है कि किरदार मशहूर होते हैं, अभिनेता खुद नहीं। मुझे नाहर सिंह, बैरी बी., ठाकुर, और डॉ. आशुतोष – सभी किरदारों के नाम से जाना जाता रहा है। उन्होंने आगे कहा, अगर आप खुद को लगातार अपडेट करते रहते हैं और हर बार एक नया किरदार पेश करते हैं, तो लोग हमेशा आपको याद रख सकते हैं।

# अनीता हसनंदानी ने छोड़ा इंस्टाग्राम, किया अटपटा पोस्ट

पॉपुलर टीवी एक्ट्रेस अनीता हसनंदानी ने हाल ही एक बड़ा ही अटपटा पोस्ट शेयर किया, जिसे देख फैंस घबरा गए और पूछने लगे कि आखिर क्या हुआ? अनीता हसनंदानी ने फैंस से माफी मांगते हुए अपने इंस्टग्राम अकाउंट पर लिखा कि वह साइन ऑफ कर रही हैं। यानी वह अपना सोशल मीडिया अकाउंट बंद कर रही हैं। इसे देख फैंस परेशान हो गए और पूछने लगे कि क्या अनीता के साथ सबकुछ ठीक है? अनीता हसनंदानी ने क्यों ऐसा पोस्ट किया, इसका कनेक्शन एक रियलिटी शो से बताया जा रहा है, जो जल्द ही ज़ी टीवी पर शुरू होने वाला है। एक नया रियलिटी शो जल्द आ रहा है, जिसका नाम है छोरियां चलीं गांव। रिपोर्ट्स के मुताबिक,



अनीता हसनंदानी को इस रियलिटी शो के लिए अप्रोच किया गया, और वह इसके लिए लगभग कन्फर्म है। यह अनीता के पति रोहित रेड्डी के कमेंट से भी साफ हो जाता है, जो उन्होंने एक्ट्रेस के क्रिप्टिक पोस्ट पर किया था। बता दें कि छोरियां चली गांव में टीवी की कई एक्ट्रेसेस और सोशल मीडिया स्टार्स भी नजर आएंगी। ये सभी हसीनाएं ग्लैमर और आलीशान जिंदगी छोड़कर गांव में रहेंगी। इस शो में एक्ट्रेसेस को कोई सुख-सुविधा नहीं मिलेगी। न फोन होगा और ना ही बेड। और तो और इन्हें गोबर से उपले भी बनाने होंगे। छोरियां चलीं गांव पूरी तरह से गांव पर आधारित रियलिटी शो होगा, और इसे रणविजय सिंह होस्ट करेंगे।

# अक्षय खन्ना के साथ स्क्रीन शेयर करना सपना सच होने जैसा



अभिनेत्री अनुष्का लुहार अपनी आने वाली फिल्म अक्षरधाम – ऑपरेशन वज्र शक्ति की रिलीज की तैयारी कर रही हैं। इस फिल्म में काम करने का अनुभव साझा किया। अनुष्का ने बताया कि अक्षय खन्ना के साथ काम करना काफी शानदार रहा। वह सीनियर और टैलेंटेड अभिनेता हैं। उनके साथ काम करके काफी कुछ सीखने को मिला। उन्होंने कहा, अक्षरधाम-ऑपरेशन वज्र शक्ति की पूरी टीम के साथ काम करना मेरे लिए एक काफी अच्छा और संतोषजनक अनुभव रहा। बचपन से ही मैं अक्षय खन्ना की फिल्में देखकर बड़ी हुई हूं और उनकी फैन रही हूं। उनकी फिल्म 36 चाइना टाउन में उनका अभिनय मुझे बहुत पसंद आया था। अब जब मुझे उनके साथ स्क्रीन शेयर करने का मौका मिला है, तो यह सपने जैसा लग रहा है और मेरे लिए वाकई में बहुत खास है। उन्होंने कहा, अक्षय सर सेट पर एक अलग ही शांति और एकाग्रता लेकर आते हैं। उनका तरीका बहुत प्रेरणादायक है। उन्हें काम करते हुए देखना, उनके समर्पण को महसूस करना अपने-आप में एक सीखने का अनुभव रहा है। उन्होंने अपने किरदार को सच्चाई और गहराई से निभाया है। इस फिल्म में पूरी टीम ने दिल से मेहनत की है, और ऐसे समर्पित और टैलेंटेड लोगों के साथ काम करना मेरे लिए गर्व की बात है। अभिनेत्री ने निर्देशक केन घोष के साथ काम करने के अपने अनुभव के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, केन घोष का शांत स्वभाव, अटूट समर्थन और उनकी दयालुता ने पूरी फिल्म बनाने की प्रक्रिया को बहुत आसान और मजेदार बना दिया। मैं पहले भी जी5 की एक वेब सीरीज में उनके साथ काम कर चुकी हूं। इस सीरीज के दौरान उन्होंने मुझे सेजल के किरदार के लिए चुना था। उन्होंने मुझे ऑडिशन देने के लिए प्रोत्साहित किया। मैं उनके इस विश्वास के लिए बहुत आभारी हूं। उन्होंने कहा, केन सर का धैर्य और उनका मिलनसार स्वभाव सेट पर सकारात्मक माहौल बनाता है। मैं उनके काम और हर प्रोजेक्ट में उनकी ईमानदारी की बहुत कदर करती हूं। उन्होंने इस फिल्म में पूरी जान लगा दी है, और मुझे सच में उम्मीद है कि दर्शकों को भी वही भावनात्मक जुड़ाव महसूस होगा जो हमें फिल्म बनाते वक्त हुआ। मैं भविष्य में उनके साथ फिर से काम करना चाहूंगी। अक्षरधाम-ऑपरेशन वज्र शक्ति 2002 में गुजरात के अक्षरधाम मंदिर पर हुए आतंकी हमले और उसके बाद हुई आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन की कहानी पर आधारित है। यह फिल्म 4 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# केके मेनन वाला टैलेंट सीखने के लिए मैंने खासतौर पर एक ट्यूटर लगाया था

वेब सीरीज स्पेशल ऑप्स 2 को लेकर चर्चा में रह रहे टीवी एक्टर करण टैकर ने कहा- केके सर वाला टैलेंट मेरे अंदर नहीं था, लेकिन उस चीज को सीखने के लिए मैंने खासतौर पर एक ट्यूटर लगाया था, मैंने उसको कहा था कि ये चीज सीखनी है। छोटे पर्दे के जाने-माने अभिनेता करण टैकर कई टीवी शोज में नजर आ चुके हैं। वह फिल्मों में भी काम कर रहे हैं, लेकिन इन दिनों वह चर्चा में हैं अपनी वेब सीरीज स्पेशल ऑप्स 2 को लेकर।

**आप जितना भी काम कर चुके हैं, कभी आप अपना पुराना काम देखते हैं?**

मुझे लगता है कि ऐक्टर्स के लिए ये बड़ी मजेदार बात हो जाती है। दरअसल, ऐक्टर्स अपना पुराना काम देखने से असहज महसूस करते हैं। क्योंकि हमने प्रोजेक्ट की शूटिंग एक-डेढ़ साल पहले की होती है और इतने समय में आप भावनात्मक तौर और परिपक्व हो जाते हैं। आपके अनुभव उसके मुकाबले और बड़े हो जाते हैं। तो आप जब अपना पुराना काम देखते हैं, अपनी शूट की हुई चीज़ एक या डेढ़ साल बाद देखते हैं तो आप उससे जुड़ाव महसूस नहीं कर पाते हैं। क्योंकि आप उस समय अपने शूटिंग वाले अनुभव से भी बाहर आ चुके होते हैं। लेकिन मैं अपना काम वापस जरूर देखता हूं। जब मुझको लगता है कि मैं उससे कट चुका हूं तो मैं उसे जरूर देखता हूं। उसको देखने के बाद कुछ ऐसी चीजें जो मुझे लगता है कि मैं और बेहतर कर सकता हूं तो उस पर काम करता हूं।

**शो के दौरान केके मेनन से आपने क्या कुछ सीखा है?**

मैंने उनसे काफी कुछ सीखा है। केके सर का एक सीन है। उससे मैंने कुछ खास सीखा और ये तभी होता है जब आप अपने काम को दोबारा से देखते हैं। शो में केके मेनन सर कसाब के साथ पूछताछ कर रहे थे, लेकिन वहां केके सर का जो किरदार है वो ज्यादा बोलता नहीं है लेकिन फिर भी बहुत कुछ बोल जाता है। वो टैलेंट मेरे अंदर नहीं था, हालांकि केके सर वाला टैलेंट तो आज भी मुझमें नहीं है लेकिन उस चीज को सीखने के लिए मैंने खासतौर पर एक ट्यूटर लगाया था। मैंने उसको कहा था कि ये चीज सीखनी है।

**जैसे आपने कहा कि आपने केके मेनन के एक सीन से उनकी चीज से सीख ली है, तो कहीं आपने उस सीख को यूज किया है? और क्या फिर केके मेनन को उसके बारे में पता चला या उन्होंने उसको लेकर आपकी तारीफ की?**

हां बिल्कुल। मैंने खाकी में काम किया है, जहां मैंने उसको करने की कोशिश भी की है। खाकी के क्लाइमैक्स में मैंने अपने एक डायलॉग में वो कोशिश की। फिर एक दिन केके सर का कॉल आया, मैं अपनी बालकनी में था, तो मैंने उनसे बोला जी सर, कैसे हैं आप। तो उन्होंने कहा कि मैंने शो देखा, तुमने बड़ा अच्छा काम किया, अच्छा संभाला है तुमने। तो ये मेरे लिए बहुत गर्व की बात है कि केके मेनन जैसे ऐक्टर ने मुझे कॉल किया और मेरी तारीफ की।

**पहला सीजन हिट होने के बाद निर्माताओं पर भी दबाव होता है कि किस तरह से और बेहतर सीजन बनाया जाए। इस वजह से कई बार कंप्रोमाइज भी करना पड़ जाता है और चीजें उस तरह से नहीं बन पातीं। इस बारे में आपका क्या सोचना है?**

मुझे नहीं लगता कि मेकर्स सोचते हैं कि पहले कहानी को बड़ा कैसे बनाएं? वह कहानी पहले सोचते हैं और उसके साथ शो, स्केल वगैरह सब जुड़ता चला जाता है।

# अखंडा 2 से साउथ फिल्मों में धमाल मचाने को तैयार हैं हर्षाली मल्होत्रा

बजरंगी भाईजान की मुन्नी यानी हर्षाली मल्होत्रा अब साउथ फिल्मों में धमाल मचाने को तैयार हैं। हर्षाली अब नंदमुरी बालाकृष्ण के साथ फिल्म अखंडा 2 में नजर आएंगी। वह नंदमुरी बालकृष्ण के साथ फिल्म अखंडा 2 में नजर आएंगी। फिल्म से हर्षाली मल्होत्रा का फर्स्ट लुक भी रिलीज किया गया है, जो चर्चा में छाया है। अखंडा 2 में हर्षाली मल्होत्रा जननी का किरदार निभाएंगी। फिल्म 25 सितंबर को थिएटर्स में रिलीज होगी। हर्षाली मल्होत्रा की फिल्म के ऐलान से फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं है और उन्हें अखंडा 2 का बेसब्री से इंतजार है। एक फैन ने ट्वीट किया है, मुन्नी इज बैक। हर्षाली मल्होत्रा जिसने बजरंगी भाईजान में सबका दिल जीता, अब अखंडा 2 में नजर आएगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अखंडा 2 में हर्षाली मल्होत्रा, नंदमुरी बालकृष्ण की बेटी के रोल में नजर आएंगी।



व्यापार

सेंसेक्स 83442.50 पर बंद

निफ्टी 25461.30 पर बंद

सोना 95,970

चांदी 94,000

## आयकर विभाग ने नया लागत महंगाई सूचकांक जारी किया, जानें...संपत्ति बेचने पर कितना होगा मुनाफा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आयकर विभाग ने हाल ही में नया लागत महंगाई सूचकांक (सीआईआई) जारी किया है। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए इसे 376 तय किया गया है, जो एक अप्रैल, 2026 से लागू होगा। इसका मतलब है कि इस वित्त वर्ष में जो भी संपत्ति बेची जाएगी, उसकी सूचकांक लागत निकालने में सीआईआई का इस्तेमाल किया जाएगा। नए सूचकांक की जरूरत उन लोगों को पड़ेगी, जो जमीन, मकान, बॉन्ड या सोने जैसे लॉन्ग टर्म निवेश को बेचकर लाभ कमाना चाहते हैं। संपत्ति बेचने पर उन्हें कितना मुनाफा होगा और कितना लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन (एलटीसीजी) टैक्स देना होगा, इसकी गणना में लागत महंगाई सूचकांक की जरूरत पड़ती है। जुलाई, 2024 के बाद नियमों में बदलाव के तहत अब ज्यादातर संपत्तियों पर सीआईआई आधारित इंडेक्सेशन का लाभ नहीं मिलेगा। रिहायशी मकानों पर यह फायदा अब भी उपलब्ध है। बशर्ते... संपत्ति 22 जुलाई, 2024 से पहले खरीदी गई हो और 23 जुलाई, 2024 या उसके बाद बेची जा रही हो। ऐसे में पुराने व नए टैक्स नियमों में एक का चुनाव कर सकते हैं। यह ऐसा आंकड़ा है, जो किसी संपत्ति की हर साल बढ़ने वाले वर्तमान मूल्य में महंगाई के असर को दिखाता है। आप जब कोई संपत्ति बहुत पहले खरीदते हैं और वर्षों बाद बाद बेचते हैं, तो उसका मूल्य महंगाई के कारण बढ़ता है। ऐसे में वास्तव में कितना लाभ हुआ, यह निकालने के लिए सीआईआई का इस्तेमाल होता है।

## इंडिगो और तुर्किश एयरलाइंस के बीच जारी रहेगी कोडशेयर साझेदारी

**एम्स्टर्डम एजेंसी।** भारत की प्रमुख एयरलाइन इंडिगो ने साफ किया है कि वह तुर्किश एयरलाइंस के साथ अपनी कोडशेयर साझेदारी को जारी रखेगी। इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने कहा कि भले ही तुर्किश एयरलाइंस से लिए गए विमान की लीज खत्म हो रही है, फिर भी कंपनी इस्तांबुल के लिए उड़ानें जारी रखने के विकल्पों पर काम कर रही है।




इंडिगो ने मौजूदा समय में तुर्किश एयरलाइंस से दो बोइंग 777-300ईआर विमान डैम्प लीज पर लिए हुए हैं। इन विमानों से दिल्ली और मुंबई से इस्तांबुल के लिए सीधी उड़ानें चलाई जा रही हैं। लेकिन 30 मई को भारतीय विमानन नियामक डीजीसीए ने इंडिगो को इन विमानों की डैम्प लीज के लिए अंतिम तीन महीने की मंजूरी दी है, जो 31 अगस्त को खत्म हो जाएगी। डीजीसीए का यह कदम ऐसे समय आया है जब तुर्की ने भारत की तरफ से पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर की गई कार्रवाई की आलोचना की थी। मामले में इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने बताया कि कंपनी इस्तांबुल के लिए उड़ानें जारी रखने के लिए कई विकल्पों पर विचार कर रही है।

# अंबानी ने संभाली अमेरिका को ग्रेट अगेन बनाने की कमान!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पिछले साल अमेरिका में जब राष्ट्रपति चुनाव हुए थे तो डोनाल्ड ट्रंप ने चुनाव प्रचार के दौरान मेक अमेरिका ग्रेट अगेन का नारा दिया था। लेकिन चुनाव जीतने के बाद पासा उल्टा नजर आ रहा है। चुनाव जीतने के बाद ट्रंप ने दुनिया के कई देशों पर टैरिफ लगाकर ट्रेड वॉर शुरू कर दिया। इससे कई देश नाराज हो गए।



ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के मुताबिक ओटावा से लेकर बीजिंग तक, कई देश ट्रंप की नीतियों से खुश नहीं हैं। लेकिन, इस ट्रेड वॉर से अमेरिका को कुछ दोस्त भी मिले हैं। न केवल भारत बल्कि एशिया के सबसे अमीर शख्स मुकेश अंबानी ने अमेरिका को ग्रेट अगेन बनाने की जिम्मेदारी संभाल ली है। वह अमेरिका से आने वाले माल का स्वागत करने के लिए तैयार हैं। यह माल पहले चीन जाने वाला था, लेकिन अब भारत भेजा जा रहा है। जिस जहाज का मुकेश अंबानी इंतजार कर रहे हैं, उसमें एथेन भरा हुआ है।

**किस काम आती है एथेन-** एथेन एक रंगहीन और गंधहीन गैस है। यह नेचुरल गैस का एक हिस्सा है। इसे ठंडा करके तरल रूप में जहाजों में भरकर लाया जाता है। ऐसा ही एक जहाज अमेरिका के गल्फ कोस्ट से गुजरात के दाहेज में अंबानी के टर्मिनल की ओर आ रहा है। दाहेज, गुजरात के पश्चिमी समुद्र तट पर है। यहां अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड का एथेन क्रैकर है। इस क्रैकर में एथेन से एथिलीन बनाया जाता है। एथिलीन प्लास्टिक के प्रोडक्ट बनाने के लिए बहुत जरूरी है।

### क्या है मुकेश अंबानी का प्लान

मुकेश अंबानी अपनी एथेन कैरियर की फ्लीट में तीन और जहाज जोड़ने की योजना बना रहे हैं। अब जब ट्रंप के एलन मस्क के साथ रिश्ते खराब हो गए हैं, तो अमेरिका में एक नए अरबपति मेहमान के लिए जगह हो सकती है। ऐसे में ट्रंप और अंबानी दोनों को एक-दूसरे से दोस्ती करने में फायदा हो सकता है।

चीन के साथ ट्रेड वॉर अभी रुकी हुई है, लेकिन अमेरिकी एथेन का भविष्य अभी भी अधर में लटका हुआ है। भारत, चीन जितना एथेन तो नहीं खरीद सकता, लेकिन वह कुछ एथेन जरूर खरीद सकता है। ट्रंप यह कह सकते हैं कि उनकी ट्रेड पॉलिसी से अमेरिका फिर से महान बन रहा है।

## मुकेश अंबानी के जियो ब्लैकरॉक ने बनाया रेकार्ड

### तीन दिन में जुटाए 17800 करोड़

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुकेश अंबानी की कंपनी जियो ब्लैक रॉक म्यूचुअल फंड ने सोमवार को एक बड़ी घोषणा की। उन्होंने अपना पहला न्यू फंड ऑफर सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। इस एनएफओ में उन्हें कुल 17,800 करोड़ रुपये का निवेश मिला है। यह निवेश तीन अलग-अलग म्यूचुअल फंड योजनाओं में हुआ है। ये योजनाएं हैं - जियोब्लैक रॉक ओवरनाइट फंड, जियोब्लैक रॉक लिक्विड फंड और जियोब्लैक रॉक मनी मार्केट फंड।




**तीन दिन के लिए आया था एनएफओ-** जियो ब्लैकरॉक का यह एनएफओ सिर्फ तीन दिन के लिए खुला था। यह 30 जून को शुरू हुआ और 2 जुलाई को बंद हो गया। कंपनी के अनुसार, इस दौरान 90 से ज़्यादा संस्थागत निवेशकों ने इसमें पैसा लगाया। इससे पता चलता है कि जियोब्लैक रॉक एसेट मैनेजमेंट पर लोगों का भरोसा है। कंपनी डेटा के आधार पर निवेश करती है और डिजिटल तरीके से काम करती है। इसके अलावा, इन म्यूचुअल फंड योजनाओं को खुदरा निवेशकों से भी बहुत अच्छा रिस्पॉन्स मिला। 67,000 से ज़्यादा लोगों ने इस दौरान इन फंडों में निवेश किया।

## 10 जुलाई से खुल रहा है मेनबोर्ड का आईपीओ, प्राइस बैंड 407

**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्मार्टवर्क्स कोवर्किंग आईपीओ का प्राइस बैंड का ऐलान हो गया। कंपनी के आईपीओ का प्राइस बैंड प्रति इक्विटी शेयर 387 से 407 के बीच तय किया गया है। स्मार्टवर्क्स कोवर्किंग आईपीओ की सब्सक्रिप्शन की तारीख गुरुवार, 10 जुलाई तय की गई है और यह सोमवार, 14 जुलाई को बंद होगी। स्मार्टवर्क्स कोवर्किंग आईपीओ के लिए एंकर निवेशकों को आवंटन बुधवार, 9 जुलाई को होने वाला है।




**क्या है डिटेल-** फ्लोर प्राइस फेस वैल्यू का 38.7 गुना है और कैप प्राइस इक्विटी शेयरों के फेस वैल्यू का 40.7 गुना है। स्मार्टवर्क्स कोवर्किंग आईपीओ का लॉट साइज 36 इक्विटी शेयर है और उसके बाद 36 इक्विटी शेयरों के गुणकों में है। संभावित रूप से, स्मार्टवर्क्स कोवर्किंग आईपीओ के शेयरों के आवंटन का आधार मंगलवार, 15 जुलाई को तय किया जाएगा और कंपनी बुधवार, 16 जुलाई को रिफंड शुरू करेगी, जबकि रिफंड के बाद उसी दिन शेयर आवंटियों के डीमैट खाते में जमा कर दिए जाएंगे। स्मार्टवर्क्स कोवर्किंग के शेयर की कीमत गुरुवार, 17 जुलाई को बीएसई और एनएसई पर सूचीबद्ध होने की संभावना है। बता दें कि कंपनी ने अपने आईपीओ के साइज में कटौती की है। नए इश्यू की राशि को पहले से नियोजित 550 करोड़ से संशोधित कर 445 करोड़ कर दिया गया है और प्रमोटरों द्वारा बिक्री के लिए प्रस्ताव (ओएफएस) को 67.59 लाख शेयरों से घटाकर 33.79 लाख शेयर कर दिया गया है।

**कंपनी की योजना-** जुटाए गए कुल फंड में से लगभग 226 करोड़ नए केंद्रों में फिट-आउट और इन केंद्रों के लिए सुरक्षा जमा के लिए पूंजीगत व्यय की ओर निर्देशित किए जाएंगे, 114 करोड़ ऋण चुकौती के लिए नामित किए जाएंगे और बाकी राशि का उपयोग सामान्य कॉर्पोरेट जरूरतों के लिए किया जाएगा।

## भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था में एमएनसी फंड से निवेश का मौका, 16 जुलाई तक आवेदन कर सकेंगे आवेदन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत अब चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और बड़े वैश्विक ब्रांड भारत की ओर रुख कर रहे हैं। यह न केवल बाजार के विशाल आकार के लिए, बल्कि भारत को विनिर्माण केंद्र बनाने के लिए भी महत्वपूर्ण है। एपल का उदाहरण लें, जिसने अपना विनिर्माण भारत में स्थानांतरित कर दिया है। भारत ने व्यापार सुगमता में तेजी से प्रगति की है, जिससे वैश्विक ब्रांड यहां परिचालन बढ़ाने के लिए प्रेरित हुए हैं। अब आप विकास की इस कहानी का हिस्सा बन सकते हैं और बड़े वैश्विक ब्रांडों में निवेश कर सकते हैं। निप्पॉन इंडिया म्यूचुअल फंड के एमएनसी फंड से निवेशकों को बड़ी वैश्विक कंपनियों में निवेश का मौका मिलेगा। इसका नया फंड ऑफर 16 जुलाई को बंद होगा।



**भारतीय फंडों के जरिये एमएनसी में निवेश-** देश के कई म्यूचुअल फंड हाउस ने ऐसे फंड लॉन्च किए हैं। ये फंड बहुराष्ट्रीय कंपनियों (एमएनसी) में निवेश करते हैं। परिभाषा के अनुसार निवेश की सूची में वे कंपनियां शामिल होती हैं जो भारत में पंजीकृत हैं और एक से अधिक देशों में काम करती हैं। हिंदुस्तान यूनिलीवर, एबॉट इंडिया, कोलगेट-पामोलिव और नेस्ले ऐसे कंपनियों के कुछ उदाहरण हैं। एमएनसी फंड में ज्यादा रिटर्न देने की क्षमता होती है, क्योंकि ये अच्छे प्रदर्शन वाले वैश्विक ब्रांड होते हैं। उनकी मजबूत वैश्विक उपस्थिति है। वे रिसर्च एंड डेवलपमेंट में निवेश करते हैं। परिचालन का लाभ उठाने में सक्षम हैं और उनके पास कम ऋण के साथ मजबूत खाताबही है।

## दिवालियापन की कगार पर पहुंची बोरोसिल रिन्यूएबल्स

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बोरोसिल रिन्यूएबल्स लिमिटेड के शेयर आज सोमवार, 7 जुलाई को कारोबार के दौरान फोकस में हैं। कंपनी के शेयर में आज 6 प्रतिशत तक की तेजी देखी गई। इसी के साथ यह शेयर 526.50 रुपये के इंट्रा डे हाई पर पहुंच गए। शेयरों में इस तेजी के पीछे एक बड़ी खबर है। दरअसल, बोरोसिल रिन्यूएबल्स की जर्मन सहायक कंपनी जीएमबी (जीएमबी ग्लासमैनुफैक्टुर ब्रांडेनबर्ग जीएमबीएच) ने जर्मन दिवालियापन अदालत में दिवालियापन के लिए आवेदन कर दिया है। यूरोपीय संघ में मांग में कमी और बाजार की खराब स्थिति के कारण इस साल जनवरी में सहायक कंपनी की भट्ठी को ठंडा कर दिया गया था। सहायक कंपनी ने पहले कहा था कि कम कीमतों पर चीनी डंपिंग के कारण जर्मन सोलर पैनलों की मांग में गिरावट आई है। जीएमबी ने यह भी कहा कि उसने कुछ क्विक उपाय करने के लिए संबंधित अधिकारियों से संपर्क किया था।

लेकिन कोई उपाय नहीं किया गया। तो इस कदम का बोरोसिल रिन्यूएबल्स पर क्या प्रभाव पड़ेगा बता दें कि जर्मन यूनिट और इसकी स्टेप-डाउन सहायक कंपनी के लिए कंपनी का जोखिम 350 करोड़ के करीब है और प्रति माह 9 करोड़ के करीब नकद घाटा खत्म हो जाएगा। यही वजह है कि बोरोसिल रिन्यूएबल्स के शेयरों में तेजी दर्ज की गई है।

## एचपी ने नेक्स्ट-जेन एआई क्षमताओं के साथ लॉन्च किए किफायती ओमनीबुक लैपटॉप

**मुंबई, एजेंसी।** एचपी ने आज भारत में नेक्स्ट-जेन एआई पीसी की सबसे किफायती लाइन-अप को लॉन्च किया। नई एचपी ओमनीबुक 5 और 3 सीरीज को किफायती विकल्प तलाश रहे यूजर्स को नेक्स्ट-जेन एआई क्षमताओं से लैस लैपटॉप देने के लिए डिजाइन किया गया है। क्वालकॉम स्नैपड्रैगन एक्स प्लस प्रोसेसर्स से लैस ओमनीबुक 5 और एएमडी राइजन एआई 300 सीरीज वाले ओमनीबुक 3 में डेडिकेटेड न्यूरल प्रोसेसिंग यूनिट (एनपीयू) है, जिसकी क्षमता 45 से 50 ट्रिलियन ऑपरेशंस प्रति सेकेंड (टीओपीएस) तक है। नई एचपी ओमनीबुक सीरीज से छात्रों व वर्किंग प्रोफेशनल्स से लेकर ऐसे सभी वैल्यू-फोकस्ड यूजर्स को एआई की ताकत मिल सकेगी, जो एक जरूरी टूल के रूप में रोजाना पीसी का इस्तेमाल करते हैं।

एचपी इंडिया के सीनियर डायरेक्टर टू पर्सनल सिस्टम्स विनीत गेहानी ने कहा, 'हमारे नए एचपी ओमनीबुक नेक्स्ट-जेन एआई पीसी की लॉन्चिंग के साथ हम एआई टेक्नोलॉजी को ज्यादा से ज्यादा यूजर्स के लिए सुगम बना रहे हैं। इस नई लाइनअप से किफायती दाम में इंटेलीजेंट फीचर्स, स्ट्रॉन्ग परफॉर्मेंस और बेहतरीन डिजाइन का आनंद मिलता है। यह लॉन्चिंग इनोवेशन के क्षेत्र में लगातार



अग्रणी स्थिति बनाए रखते हुए भारत में छात्रों, प्रोफेशनल्स और अन्य यूजर्स की बदलती जरूरतों को पूरा करने की हमारी प्रतिबद्धता को दिखाती है।'

किफायत, सरलता और भरोसे को ध्यान में रखकर डिजाइन किए गए इन डिवाइस से रोजाना की कंप्यूटिंग बेहतर होती है। इसके नेक्स्ट-जेन एआई फीचर्स से वीडियो कॉल बेहतर होती है, कोलैबोरेशन में सुधार होता है और परफॉर्मेंस ऑप्टिमाइज होती है। इन फीचर्स से लैस एचपी ओमनीबुक लाइनअप में 14 इंच एचपी ओमनीबुक 5, 15.6 इंच एचपी ओमनीबुक 3 और 14 इंच एचपी ओमनीबुक 3 शामिल हैं। इनकी मदद से यूजर्स ज्यादा आसानी से ज्यादा काम करने में सक्षम होंगे।

नए एचपी ओमनीबुक लाइनअप की मदद से किफायती पीसी में शक्तिशाली एआई फीचर्स मिलेंगे, जिससे रोजाना की कंप्यूटिंग स्मार्ट और ज्यादा सहज बनेगी। पर्सनलाइज्ड परफॉर्मेंस ट्यूनिंग के लिए एचपी एआई कम्पैनियन, बेहतर वीडियो कॉल (ऑटो फ्रेमिंग एवं नॉइस रिमूवल) के लिए विंडोज स्टूडियो इफेक्ट्स और एक डेडिकेटेड कोपायलट-की की मदद से बिल्ट-इन कोपायलट इंटीग्रेशन से यूजर्स को शुरुआत से ही एआई का इंस्टैन्ट एक्सेस मिलेगा, जिससे प्रोडक्टिविटी एवं कोलैबोरेशन बढ़ाने में मदद मिलेगी।

## ब्लू क्लाउड सॉफ्टेक सॉल्यूशंस ने लॉन्च किया ब्लूहेल्थ प्लेटफॉर्म - एक एआई-संचालित हेल्थकेयर प्लेटफॉर्म, वैश्विक डिजिटल स्वास्थ्य उद्योग में बढ़ाया कदम

**मुंबई, एजेंसी।** ब्लू क्लाउड सॉफ्टेक सॉल्यूशंस लिमिटेड जो साइबर सुरक्षा और तकनीकी समाधानों में वैश्विक अग्रणी है, ने अपने ब्लूहेल्थ प्लेटफॉर्म 12.0 को लॉन्च किया है। यह हेल्थकेयर प्लेटफॉर्म अब एक प्रमाण-आधारित मॉडल से आगे बढ़कर, एआई-एकीकृत, एंटरप्राइज-ग्रेड समाधान बन गया है जो बड़े पैमाने पर स्वास्थ्य सेवाओं को डिजिटल रूप से सक्षम बनाता है। ब्लूहेल्थ प्लेटफॉर्म में शामिल हैं- एआई-संचालित क्लिनिकल निर्णय सहायता, त्वरित मेडिकल व्याख्या (इंटरप्रिटेशन), इंटेलिजेंट केयर रूटिंग, नॉन-इनवेसिव एचबीए1स टेस्टिंग, 60 सेकंड का फेस स्कैन स्क्रीनिंग (ब्लूहेल्थ स्कैनर द्वारा), तथा फील्ड-रेडी हार्डवेयर (ब्लूहेल्थ स्क्रीनर द्वारा)। यह प्लेटफॉर्म पूरी तरह से इंटरऑपरेबल, एचआईपीएए और जीडीपीआर अनुपालनयुक्त है, और यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज पहलों के लिए तैयार है। यह तकनीक विशेष रूप से पिछड़े समुदायों के लिए डिजिटल हेल्थ को फिर से परिभाषित कर रही है। ब्लूहेल्थ प्लेटफॉर्म को पॉपुलेशन हेल्थ मैनेजमेंट के लिए एक गेम-चेंजर के रूप में मान्यता दी गई है। यह लागत प्रभावी और सुलभ डायग्नोस्टिक्स प्रदान करता है, और खासकर मध्य पूर्व और अफ्रीकी बाजारों में व्यापक वैश्विक रुचि प्राप्त कर रहा है। ग्रैंड व्यू रिसर्च के अनुसार, वैश्विक डिजिटल हेल्थ उद्योग का बाज़ार आकार 2024 में 288.55 बिलियन अमरीकी डालर था और यह 2030 तक 946.04 बिलियन अमरीकी डालर तक पहुंचने की संभावना है।

## गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप स्वदेशी प्रिसिजन इंजीनियरिंग समाधानों के माध्यम से भारत की ईवी विकास को दे रहा बढ़ावा

**मुंबई, एजेंसी।** जैसे-जैसे भारत का इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) क्षेत्र तेज़ी से आगे बढ़ रहा है, गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप का टूलिंग व्यवसाय इस उद्योग की सप्लाई चेन को मज़बूत बनाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। देश में ऑटोमोबाइल उद्योग की दिशा इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर तेज़ी से बढ़ने के चलते नए इंजन, बैटरी बॉक्स और उच्च गुणवत्ता वाले शीट मेटल पुर्जों की मांग में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। इसी को ध्यान में रखते हुए गोदरेज ने ईवी निर्माण की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अपनी क्षमताओं को और उन्नत किया है, विशेषकर हाई-प्रिसिजन डाई और टूलिंग समाधानों पर फोकस करते हुए।

ईवी की बढ़ती मांग को भांपते हुए कंपनी ने अपने राजस्व का 2-3त्न अनुसंधान एवं विकास और उन्नत मशीनरी में निवेश किया है, ताकि भविष्य के लिए नवाचार को बढ़ावा दिया जा सके, उद्योग की बदलती जरूरतों को पूरा किया जा सके और उत्पादन क्षमता को बेहतर किया जा सके।

मई 2025 में ईवी की बिक्री में साल-दर-साल 28त्न की वृद्धि दर्ज की गई और स्नद्ब2025 में 19.6 लाख यूनिट्स की रिकॉर्ड बिक्री हुई। ऐसे में स्थानीय रूप से निर्मित, उच्च-गुणवत्ता वाले ईवी पुर्जों की मांग अपने चरम पर है। गोदरेज का टूलिंग व्यवसाय ईवी इकोसिस्टम के लिए उपयुक्त उच्च-सटीकता वाले डाई और टूलिंग सिस्टम पर विशेष ध्यान केंद्रित कर रहा है। यह केंद्रित दृष्टिकोण भारत के टियर 1 और टियर 2 ऑटोमोटिव सप्लायर्स को ईवी की बदलती आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम बना रहा है, साथ ही 'मेक इन इंडिया' और आयात प्रतिस्थापन जैसे सरकारी अभियानों के अनुरूप कार्य कर रहा है।




पिछले तीन वर्षों में कंपनी की कुल आय का 10-15त्न हिस्सा ईवी से जुड़े टूलिंग ऑर्डरों से आ रहा है, जो इस क्षेत्र की बढ़ती निर्भरता को प्रिसिजन इंजीनियरिंग और स्थानीय विनिर्माण पर दर्शाता है।

पंकज अभ्यंकर, बिज़नेस हेड, टूलिंग डिवीजन, गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप ने कहा, जैसे-जैसे ईवी निर्माता उपभोक्ता मांग को पूरा करने के लिए उत्पादन बढ़ा रहे हैं, उन्हें ऐसे टूलिंग पार्टनर की आवश्यकता है जो तकनीकी जटिलताओं और व्यावसायिक प्राथमिकताओं दोनों को समझते हों। भारत में ईवी ट्रांजिशन केवल वाहनों का बदलाव नहीं है, बल्कि यह एक आत्मनिर्भर, लचीला और वैश्विक प्रतिस्पर्धी ईकोसिस्टम के निर्माण की प्रक्रिया है। गोदरेज में हम अपनी प्रिसिजन इंजीनियरिंग समाधानों के ज़रिए इस परिवर्तन को साकार करने में गर्व महसूस कर रहे हैं। हमारे वर्ल्ड-क्लास टूलिंग सिस्टम आयात पर निर्भरता को घटाने, लागत दक्षता बढ़ाने और उत्पाद की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने में मदद कर रहे हैं।

गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप अब कुछ ऐसे टूल्स के स्थानीयकरण की भी संभावनाएं तलाश रहा है, जो फिलहाल विदेशों में बनते हैं। इन टूल्स का घरेलू उत्पादन शुरू कर कंपनी न केवल निर्यात को बढ़ावा देना चाहती है, बल्कि इन लोकलाइज्ड समाधानों के लिए सेकेंडरी मार्केट भी तैयार करना चाहती है। यह ड्यूल रणनीति, वैश्विक सेवा और स्थानीय निर्माण, भारत को वर्ल्ड-क्लास टूलिंग निर्यात का केंद्र बनाने की कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप ने लॉन्च किया एचडीएच वेव 5 - डिज़ाइन-फॉरवर्ड भारतीय घरों के लिए लक्ज़री डोर हैंडल्स का नया युग

**मुंबई, एजेंसी।** गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप के लॉक्स एंड आर्किटेक्चरल सॉल्यूशंस व्यवसाय ने आज एचडीएच वेव 5 के लॉन्च की घोषणा की। यह भारत में तेजी से बढ़ रहे डिज़ाइन-प्रेमी उपभोक्ताओं के लिए 100त्न पीतल से निर्मित डेकोरेटिव हैंडल्स की एक उन्नत श्रृंखला है। डिज़ाइन, प्रेसिजन इंजीनियरिंग और टिकाऊपन के मिशन के साथ, एचडीएच वेव 5 कलेक्शन में चार आधुनिक हैंडल डिज़ाइन शामिल हैं - एचडीएच 20, 21, 22 और 23, जिनमें से प्रत्येक को विभिन्न अंतरराष्ट्रीय डिज़ाइन मूवमेंट्स जैसे नियो लग्ज़री, अर्बन शीक, यूरो और मॉडर्न मिनिमलिज़्म से प्रेरणा मिली है। यह रेंज वैश्विक सौंदर्यबोध और भारतीय संवेदनाओं का संगम है, जिसे घरों, होटलों, कार्यस्थलों और हॉस्पिटैलिटी स्थलों के प्रीमियम इंटीरियर के लिए तैयार किया गया है। ये हैंडल्स पूरी तरह ठोस पीतल से बनाए गए हैं। हैंडल और रोज़ (बेस प्लेट) दोनों, जो असाधारण मजबूती प्रदान करते हैं। इन्हें 1 लाख से अधिक ऑपरेशन्स, जंग प्रतिरोध और सॉल्वेंट ड्यूरेबिलिटी के लिए परीक्षण किया गया है। साथ ही, इन पर 5 साल की वारंटी दी गई है, जिससे यह सुंदरता और प्रदर्शन का एक आदर्श मेल बन जाते हैं। 4,900 से शुरू, एचडीएच वेव 5 रेंज गोदरेज की प्रीमियम उत्पादों की यात्रा का प्रतीक है, जो आर्किटेक्ट्स, डिज़ाइनर्स और डिज़ाइन के प्रति सचेत उपभोक्ताओं के लिए लक्ज़री फिनिशेस पेश करती है। ये हैंडल्स 28द्बद्ब से 60द्बद्ब मोटाई वाले दरवाजों के लिए उपयुक्त हैं, जिससे इंस्टॉलेशन में लचीलापन मिलता है।

# भारत की घर से बाहर सबसे बड़ी जीत

- **शुभमन बर्मिंघम टेस्ट जीतने वाले इकलौते भारतीय कप्तान**
- **आकाशदीप ने 10 विकेट लिए, यह रिकॉर्ड भी बने**





**एजबेस्टन (एजेंसी)।** भारत ने इंग्लैंड को बर्मिंघम टेस्ट में 336 रन के बड़े अंतर से हरा दिया। यह भारत की घरेलू मैदान से बाहर रन के अंतर से सबसे बड़ी जीत रही। टीम ने बर्मिंघम में पहली बार ही कोई टेस्ट जीता। आकाशदीप ने मैच में 187 रन देकर 10 विकेट लिए। यह बर्मिंघम में किसी भारतीय गेंदबाज का बेस्ट बॉलिंग रिकॉर्ड रहा।

## बर्मिंघम टेस्ट के टॉप- रिकॉर्ड्स...

- **बर्मिंघम में पहली बार जीता भारत** - भारत ने बर्मिंघम में पहली बार टेस्ट जीता। टीम यहां 1967 से टेस्ट खेल रही है, लेकिन जीत पहली बार ही मिली। भारत ने इससे पहले बर्मिंघम में 8 टेस्ट खेले थे, 7 गंवाए और एक ड्रॉ कराया। कप्तान शुभमन बर्मिंघम में टेस्ट जीतने वाले भारत के पहले कप्तान बने।

### गिल इंग्लैंड में एक टेस्ट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बैटर

शुभमन गिल ने पहली पारी में 3 और दूसरी पारी में 8 छक्के लगाए। उन्होंने 11 सिक्स लगाकर अपनी बैटिंग खत्म की। इसी के साथ वे इंग्लैंड में एक टेस्ट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले खिलाड़ी बन गए। उन्होंने इंग्लैंड के एंड्रूयू फिलंटॉफ, बेन स्टोक्स और भारत के ऋषभ पंत को पीछे छोड़ा। तीनों के नाम 9-9 छक्के का रिकॉर्ड था।

- **दूसरे टेस्ट में हार के बाद आया कोच मैक्कुलम का बयान, बताया कब हुई बड़ी गलती** - भारत ने एजबेस्टन में इंग्लैंड पर 336 रनों की शानदार जीत हासिल की जिससे 5 मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर हो गई। हार के बाद इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैक्कुलम ने उन्होंने बल्लेबाजी के अनुकूल ट्रैक पर पहले बल्लेबाजी का फैसला न चुनकर बड़ी गलती की। मैक्कुलम ने कहा, मुझे लगता है कि जैसे-जैसे खेल आगे बढ़ा, हमने उस टॉस पर विचार किया और कहा कि क्या हमने वहां कोई अवसर खो दिया और यह उचित भी है। मैकुलम ने कहा, हमें उम्मीद नहीं थी कि विकेट इतना अच्छा खेलेगा और इसलिए हम शायद थोड़ा गलत हो गए। लेकिन हमने उन्हें 200 रन पर 5 विकेट गंवाने दिए और हम उस स्थिति का फायदा नहीं उठा पाए और जब आप टॉस जीतकर गेंदबाजी करते हैं तो आप उम्मीद नहीं करते कि विपक्षी टीम 580 रन बनाएगी और फिर उस स्थिति से हम मैच में पीछे हो जाते हैं।

### आकाशदीप ने बर्मिंघम में बेस्ट बॉलिंग की

आकाशदीप ने बर्मिंघम टेस्ट की पहली पारी में 4 और दूसरी पारी में 6 विकेट लिए। उन्होंने 187 रन पर 10 विकेट के साथ मैच खत्म किया। वे बर्मिंघम में बेस्ट बॉलिंग करने वाले भारतीय बने। उनसे पहले 1986 में चेतन शर्मा ने 188 रन देकर मैच में 10 विकेट लिए थे।

### घर से बाहर भारत की सबसे बड़ी जीत

भारत ने इंग्लैंड को बर्मिंघम में 336 रन के बड़े अंतर से हराया। यह घरेलू मैदान से बाहर रन के अंतर से भारत की सबसे बड़ी जीत है। टीम ने इससे पहले 2016 में एंटीगुआ के मैदान पर वेस्टइंडीज को 318 रन से हराया था। कप्तान शुभमन की कप्तानी में भारत ने रन के अंतर से इंग्लैंड में भी सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड बनाया। इससे पहले टीम ने 1986 में लीड्स के मैदान पर 279 रन से मुकाबला जीता था।

### भारत ने पहली बार हजार रन बनाए

भारत ने पहली पारी में 587 और दूसरी पारी में 427 रन बना दिए। टीम इंडिया ने मुकाबले में 1014 रन बनाए। टेस्ट इतिहास में पहली बार हुआ जब भारत ने हजार रन का आंकड़ा पार किया। इससे पहले 2003 में सिडनी टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत ने 916 रन बनाए थे।

### शुभमन एक टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय

शुभमन गिल ने पहली पारी में 269 रन बनाने के बाद दूसरी पारी में 161 रन बना दिए। उन्होंने एक टेस्ट में 430 रन बनाए। यह किसी भारतीय प्लेयर और कप्तान के लिए एक टेस्ट में सबसे ज्यादा रन का रिकॉर्ड रहा। गिल ने विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने कप्तानी करते हुए 2017 में श्रीलंका के खिलाफ मैच में 293 रन बनाए थे। गिल एक टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय खिलाड़ी भी बने। उन्होंने सुनील गावस्कर का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 1971 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 344 रन बनाए थे। गिल एक टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने के रिकॉर्ड से महज 27 रन दूर रह गए। एक टेस्ट में सबसे ज्यादा रन का रिकॉर्ड इंग्लैंड के ग्राहम गूच के नाम है। जिन्होंने 1990 में भारत के खिलाफ ही 456 रन बनाए थे। शुभमन टेस्ट में 400 प्लस रन बनाने वाले दुनिया के 5वें ही प्लेयर बने।

### गिल को भरोसा था, मेरे पास जीतने वाली टीम है

दूसरे टेस्ट से पहले जब टीम इंडिया के कप्तान शुभमन गिल से एक ब्रिटिश पत्रकार ने पूछा था, कि आपको कोई आइडिया है कि भारत ने यहां पर एक भी मैच क्यों नहीं जीता हैं। गिल ने कहा था कि मेरे पास ऐसी टीम है, जो जीत सकती है। गिल की यह कथन सही साबित हुई। कप्तान शुभमन गिल ने दोनों पारियों को मिलाकर 430 रन बनाए। वहीं, आकाशदीप ने 10 विकेट लिए। भारतीय टीम शुरू से इस मैच में इंग्लैंड से आगे रही। टॉप ऑडर के साथ इस बार मध्यक्रम के बल्लेबाजों ने अच्छी शुरुआत को बड़ा स्कोर बदलने में साथ दिया। भारत ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 587 रन बनाए थे। शुभमन गिल ने 269 रनों की पारी खेली। गिल के अलावा ओपनर यशस्वी जायसवाल 87 रन बनाए तो निचले क्रम में रवींद्र जडेजा ने 89 और वाशिंगटन सुंदर ने 42 रन बनाकर गिल का साथ दिया। जवाब में इंग्लैंड पहली पारी 407 रन पर सिमट गई। मोहम्मद सिराज ने 6 और आकाशदीप ने 4 खिलाड़ियों को आउट किया। भारत ने अपनी दूसरी पारी 6 विकेट पर 427 रन के स्कोर पर घोषित कर दी। गिल फिर टॉप स्कोरर रहे और 161 रन बनाए। केएल राहुल ने 55 और ऋषभ पंत ने 65, रविंद्र जडेजा ने नाबाद 69 रन की पारी खेली। वहीं, 606 रन के टारगेट करने उतरी इंग्लैंड टीम को भारतीय गेंदबाजों ने 271 रन पर रोक दिया। आकाशदीप ने 6 विकेट लिए। वहीं, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, रविंद्र जडेजा, वाशिंगटन सुंदर ने 1-1 विकेट लिए।

## आकाशदीप ने एजबेस्टन में बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया, कमिंस को पछाड़ बने नम्बर 1 गेंदबाज

**बर्मिंघम (एजेंसी)।** भारत ने इंग्लैंड को दूसरे टेस्ट मैच में हरा कर एतिहास रच दिया। भारत की और से बल्लेबाजी में कप्तान शुभमन गिल ने दोनो पारियो में कुल मिलाकर 430 रन बनाए जिसमें पहली पारी में 269 और दूसरी पारी में 161 रन बनाकर अच्छी बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। वही भारत की गेंदबाजी से आकाशदीप ने इस मैच में कुल 10 विकेट अपने नाम किए जिसमें पहली पारी में 4 और दूसरी पारी में 6 विकेट शामिल थे। इसी के साथ ही आकाशदीप बर्मिंघम में चौथी पारी में इंग्लैंड के खिलाफ पारी में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने इस मामले में पैट कमिंस का रिकॉर्ड तोड़ा है।

आकाशदीप ने बर्मिंघम में टेस्ट मैच की चौथी पारी में 5 विकेट लेने वाले पहले मेहमान तेज गेंदबाज बनकर रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज करा लिया। इस प्रभावशाली प्रदर्शन में आकाशदीप ने दूसरी पारी में 6/99 के शानदार स्पेल से केवल इंग्लैंड की बल्लेबाजी को तहस-नहस किया बल्कि टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में एक नया अध्याय भी लिख दिया।



आकाशदीप के प्रभावशाली आंकड़ों ने बर्मिंघम में चौथी पारी में किसी मेहमान तेज गेंदबाज द्वारा किए गए पिछले सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन को पीछे छोड़ दिया जो 2019 के बाद से पैट कमिंस (4/32) के नाम था। कमिंस के अलावा तीसरे नम्बर पर क्लाइव लॉयड, चौथे पर वसीम अकरम और पांचवें पर भारत के वेंकटेश प्रसाद हैं जिन्होंने 2-2 विकेट लिए हैं।

गौर हो एजबेस्टन टेस्ट की तो भारत ने पहली इनिंग में गिल के दोहरे शतक की बदौलत 587 रन बनाए। इसके जवाब में इंग्लैंड 407 रन पर ढेर हो गई और भारत ने 180 रन की बढ़त बनाई। दूसरी इनिंग में भी टीम ने 427/6 का बड़ा स्कोर बनाते हुए इंग्लैंड को 608 रनों का लक्ष्य दिया जिसके जवाब में इंग्लिश टीम अपनी दूसरी इनिंग में सिर्फ 271 रन ही बना पाई और ऐसे टीम इंडिया ने ये मैच 336 रनों से जीता। पांच मैचों की सीरीज 1-1 की बराबरी पर है जिसका तीसरा टेस्ट लॉर्ड्स में खेला जाएगा।

**बर्मिंघम में चौथी पारी में विदेशी तेज गेंदबाज द्वारा सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़े : (सभी इंग्लैंड के खिलाफ)**

| |
|---|
| 6/99 - आकाशदीप (2025)* |
| 4/32 - पैट कमिंस (2019) |
| 2/26 - क्लाइव लॉयड (1973) |
| 2/41 - वसीम अकरम (1987) |
| 2/50 - वेंकटेश प्रसाद (1996) |
| 2/61 - इमरान खान (1987) |
| 2/71 - ज्योफ अलॉट (1999) |
| 2/74 - जसप्रीत बुमराह (2022) |

## डीपीएल नीलामी में दिग्वेश राठी पर लगी भारी भरकम बोली, आईपीएल 2025 से ज्यादा मिलेंगे पैसे

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** मिस्ट्री स्पिनर दिग्वेश राठी को दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) में भारी भरकम कीमत पर खरीदा गया है। हैरानी की बात यह है कि उन्हें डीपीएल में इंडियन प्रीमिर लीग (आईपीएल) 2025 से ज्यादा पैसे मिलेंगे। दिग्वेश को आईपीएल में 30 लाख रुपए में खरीदा गया था जबकि डीपीएल में उन पर 38 लाख रुपए की बोली लगी जिससे जोकि दूसरी सबसे ऊंची बोली थी।

दिग्वेश ने साउथ दिल्ली सुपरस्टार ने 38 लाख रुपए में खरीदा है। उन्हें खरीदने का मुख्य कारण आईपीएल में उनकी सफलता है। आईपीएल 2025 में लखनऊ सुपर



जाइंट्स के लिए खेलते हुए दिग्वेश ने टीम के लिए सबसे ज्यादा 14 विकेट अपने नाम किए और यही नीलामी में उनकी भारी भरकम बोली की एक बड़ी वजह रही। दिग्वेश ने आईपीएल 2025 में 13 मैचों में 52 ओवर डाले। इस दौरान उन्होंने 429 रन लुटाते हुए 30/2 के साथ 8.25 की इकोनॉमी से 14 विकेट चटकाए। राठी डीपीएल 2024 में भी खेल चुके हैं। उन्होंने साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स के लिए खेलते 10 मैचों में 7.82 की इकॉनमी रेट और 21.71 की गेंदबाजी औसत के साथ 14 विकेट लिए जो टूर्नामेंट में पांचवें सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले और स्पिनरों में दूसरे स्थान पर रहे। विशेष रूप से उन्होंने एक उच्च स्कोरिंग मैच के दौरान भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को नियंत्रण में रखा, जिसमें अतिरिक्त उछाल निकालने और रन फ्लो को नियंत्रित करने की उनकी क्षमता का पता चलता है।

इस बीच तेज गेंदबाज सिमरजीत सिंह डीपीएल 2025 की नीलामी में सबसे महंगे खिलाड़ी बने। सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने तेज गेंदबाज को 39 लाख रुपए में साइन किया। ऋषभ पंत को पुरानी दिल्ली 6 ने आधिकारिक तौर पर नीलामी से पहले उन्हें अपने मार्की खिलाड़ी के रूप में बनाए रखा था। इसके अलावा भारत के धमाकेदार ओपनर बल्लेबाज और पूर्व ओपनर वीरेंद्र सहवाग के बेटे आर्यवीर को सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने 8 लाख रुपए की मोटी रकम में खरीदा।

## संजोग गुप्ता आईसीसी के नए सीईओ बने

### 2500 उम्मीदवारों में चुने गए, ओलिंपिक में क्रिकेट को रेगुलर खेल बनाने का लक्ष्य



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने संजोग गुप्ता को नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है। वे सोमवार से ही कार्यभार संभालेंगे। संजोग, आईसीसी के इतिहास में 7वें सीईओ होंगे। यह सिलेक्शन ऐसे समय हुई है जब क्रिकेट ओलिंपिक की ओर आगे बढ़ रहा है। आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने ऐलान करते हुए कहा, संजोग का खेलों की रणनीति और कॉमर्शियलाइजेशन को लेकर अनुभव, क्रिकेट को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में मदद करेगा।

**2,500 उम्मीदवारों में चुने गए** -इस पद के लिए मार्च 2025 से 25 देशों से 2,500 से ज्यादा आवेदन आए। आईसीसी की एचआर और रेम्यूनरेशन कमेटी ने 12 उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट किया। अंतिम चयन नॉमिनेशन कमेटी ने किया, जिसमें, आईसीसी डिप्टी चेयर इमरान ख्वाजा, ईसीबी चेयर रिचर्ड थॉम्पसन, श्रीलंका क्रिकेट प्रेसिडेंट शम्मी सिल्वा, बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया शामिल थे। यहां आईसीसी बोर्ड ने सर्वसम्मति से संजोग गुप्ता को चुना।

संजोग गुप्ता वर्तमान में जियो स्टार में स्पोर्ट्स और लाइव एक्सपीरिएंस के सीईओ हैं। उन्हें इस फील्ड में 20 साल से ज्यादा का अनुभव है। संजोग ने करियर की शुरुआत पत्रकार के रूप में की थी। 2010 में वे स्टार इंडिया से जुड़े। 2020 में डिज्नी स्टार के स्पोर्ट्स हेड बने। 2024 में वाइकाम-18 और डिज्नी स्टार के मर्जर के बाद जियो स्टार स्पोर्ट्स के सीईओ बने।

**आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने क्या कहा** - संजोग की मीडिया-एंटरटेनमेंट समझ बेहतरीन है। उनके पास क्रिकेट फैन की सोच को समझने की गहरी क्षमता है। हमारा लक्ष्य ओलिंपिक में क्रिकेट को रेगुलर खेल बनाना और क्रिकेट को कोर मार्केट से बाहर ले जाना है। संजोग इसमें अहम भूमिका निभाएंगे।

**यह मेरे लिए सम्मान की बात है- संजोग** - संजोग गुप्ता में कहा, यह मेरे लिए सम्मान की बात है कि मैं इस जिम्मेदारी को संभाल रहा हूं, खासकर उस समय जब क्रिकेट विस्तार की ओर है। दुनिया में करीब 2 अरब फैंस इस खेल को प्यार करते हैं। रु 2028 ओलिंपिक में क्रिकेट की एंट्री, महिला क्रिकेट की बढ़ती लोकप्रियता और टेक्नोलॉजी के तेज उपयोग। इन सब में मुझे योगदान देने का मौका मिलेगा। मैं आईसीसी के सभी मेंबर बोर्ड्स के साथ मिलकर क्रिकेट के अगले चरण में योगदान देना चाहता हूं।

आईसीसी के एजेंडे में क्या है आगे?

क्रिकेट को अधिक देशों में पहुंचाना।

महिला क्रिकेट को मेनस्ट्रीम में लाना।

फैन एक्सपीरियंस को बेहतर करना।

ओलिंपिक में स्थायी एंट्री पाना।

डिजिटल और टेक्नोलॉजी के जरिए युवा दर्शकों से जुड़ना।

## विंबलडन क्वार्टरफाइनल में पहुंचीं नंबर-1 एरिना सबालेंका

- **जर्मनी की लौरा सिगमंड भी जीतीं**
- **मेंस डबल्स में वर्ल्ड नंबर-3 जोड़ी उलटफेर का शिकार**



**बेलारूस (एजेंसी)।** विंबलडन के राउंड ऑफ 16 मुकाबलों में रविवार को वर्ल्ड नंबर-1 एरिना सबालेंका ने क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। उन्होंने विमेंस सिंगल्स के मैच में बेल्जियम की एलिस मर्टेंस को सीधे सेट में हरा दिया। मेंस सिंगल्स में वर्ल्ड नंबर-5 टेलर फ्रिट्ज ने भी क्वार्टर फाइनल में जगह बना लिया।

**विमेंस सिंगल्स में 3 प्लेयर्स जीतीं** - वर्ल्ड नंबर-1 बेलारूस की एरिना सबालेंका न मर्टेंस को 6-4, 7-6 (7-4) के अंतर से हरा दिया। विमेंस सिंगल्स में उनके अलावा रूस की एनास्तासिया पाव्ल्यूचेंकोवा ने ब्रिटेन की सोनाय कार्टाल को 7-6 (7-3), 6-4 से हराया। वहीं जर्मनी की लौरा सिगमंड ने अर्जेंटीना की सोलाना सिएरा को 6-3, 6-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली।

**मेंस डबल्स में नंबर-1 जोड़ी जीतीं** -मेंस डबल्स में अर्जेंटीना के मार्सेलो अरेवालो और क्रोएशिया के मैट पाविच ने क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली।

## डब्ल्यूटीसी पॉइंट्स टेबल में तीसरे नंबर पर पहुंचा भारत

- **ऑस्ट्रेलिया वेस्टइंडीज को हराकर नंबर-1**
- **इंग्लैंड 12 पॉइंट्स के साथ चौथे स्थान पर**

**दुबई (एजेंसी)।** टीम इंडिया ने 2025-27 वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) साइकल में पहली जीत दर्ज की है। भारत ने इंग्लैंड को एजबेस्टन टेस्ट में 336 रन से हराया। इस जीत के साथ भारत को 12 डब्ल्यूटीसी अंक मिले और उनका पॉइंट परसेंटेज (पीसीटी) 50.00 हो गया है। भारत अब डब्ल्यूटीसी टेबल में इंग्लैंड के साथ तीसरे स्थान पर है।

डब्ल्यूटीसी पॉइंट्स टेबल में पहले स्थान पर ऑस्ट्रेलिया है। टीम ने वेस्टइंडीज को उन्हीं के घर पर लगातार 2 टेस्ट हराए हैं। ऑस्ट्रेलिया के 24 पॉइंट्स हैं। दूसरे नंबर पर बांग्लादेश को दूसरे टेस्ट में हारने वाली श्रीलंकाई टीम है। श्रीलंका के 2 मैच में एक ड्रॉ और एक जीत के साथ 16 पॉइंट्स हैं।

ऑस्ट्रेलिया ने 3 मैचों की टेस्ट सीरीज में वेस्टइंडीज के खिलाफ 2-0 की बढ़त ले ली है। तीसरा टेस्ट मैच किंग्स्टन में 13 जुलाई से खेला जाएगा।

### डब्ल्यूटीसी टेबल की सिचुएशन

- डब्ल्यूटीसी 2025-27 की शुरुआत श्रीलंका-बांग्लादेश के पहले मैच से हुई। यह मैच ड्रॉ रहा था। भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ 5 टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले मैच हेडिंग्ले से इस सीरीज की शुरुआत की। टीम को में 5 विकेट से हार मिली थी।
- न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और साउथ अफ्रीका ने इस सीजन अभी एक भी टेस्ट नहीं खेला है।
- ऑस्ट्रेलिया पहले स्थान पर- 100 प्रतिशत पॉइंट परसेंटेज, वेस्टइंडीज के खिलाफ 2-0 से सीरीज जीत ली है, एक मैच बाकी है।
- श्रीलंका दूसरे स्थान पर- 66.67प्रतिशत पॉइंट परसेंटेज, बांग्लादेश के खिलाफ 1 जीत और 1 ड्रॉ।
- भारत और इंग्लैंड तीसरे और चौथे- संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं। दोनों के 50.00प्रतिशत पॉइंट परसेंटेज हैं। सीरीज में अभी 3 मैच बाकी है।
- बांग्लादेश पांचवें स्थान पर- श्रीलंका के खिलाफ एक ड्रॉ और एक हार के बाद बांग्लादेश 16.67प्रतिशत पॉइंट परसेंटेज के साथ पांचवें स्थान पर है।
- वेस्टइंडीज छठे स्थान पर- ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2 मैच हारने के बाद वेस्टइंडीज 0 अंक के साथ छठे स्थान पर हैं।
- न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और साउथ अफ्रीका- अभी तक डब्ल्यूटीसी 2025-27 साइकिल की शुरुआत नहीं की है।



## संक्षिप्त समाचार

### सीढ़ियों पर पटका, बाल पकड़कर घसीटा; इंजीनियर बहू ने मां के साथ मिलकर सास को बेरहमी से पीटा



**गाजियाबाद, एजेंसी।** गाजियाबाद के गोविंदपुरम में बहू ने मां के साथ मिलकर बुजुर्ग सास को बेरहमी से पीटा। ससुर ने शिकायत दी, लेकिन कविनगर पुलिस ने छह दिन तक केस दर्ज नहीं किया। रविवार को वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने बहू और उसकी मां के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। गोविंदपुरम में रहने वाले सत्यपाल सिंह केंद्रीय विद्यालय दिल्ली के रिटायर टीचर हैं। परिवार में तीन शादीशुदा बेटियों के अलावा इकलौता बेटा अंतरिक्ष है, जो गुरुग्राम में सॉफ्टवेयर इंजीनियर है। उन्होंने ढ़ाई साल पहले बेटे की शादी स्वर्ण जयंतीपुरम निवासी आकांक्षा के साथ की थी। आकांक्षा भी सॉफ्टवेयर इंजीनियर है, जो एक साल से वर्क फ्रॉम होम कर रही है। सत्यपाल सिंह का कहना है कि बहू आकांक्षा उन्हें लंबे समय से परेशान कर रही है। बहू के पिता दिल्ली पुलिस में दरोगा हैं, वह हमेशा पिता की धमकी देती है। गृह क्लेश से तंग आकर बेटे ने घर आना छोड़ दिया और गुरुग्राम में ही रह रहा है। सत्यपाल सिंह का कहना है कि एक जुलाई को आकांक्षा ने अपनी मां को घर बुलाया और उनकी पत्नी सुदेश को पीटना शुरू कर दिया। उसने उनकी पत्नी को बाल पकड़कर घसीटा। मारपीट में आकांक्षा की मां ने भी साथ दिया। आरोप है कि आकांक्षा ने पहले उनकी पत्नी को पीटा फिर उन्हें मारने के लिए दौड़ी। उसके हाथ में चाकू था, लिहाजा उन्होंने कमरे में घुसकर जान बचाई। घटना के संबंध में उन्होंने कविनगर थाने में शिकायत दी, लेकिन छह दिन बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। वहीं, रविवार को बहू द्वारा मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसके बाद पुलिस हरकत में आई। एसीपी कविनगर भास्कर वर्मा ने बताया कि आरोपी बहू तथा उसकी मां के खिलाफ केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई की जा रही है।

### वनतारा की तर्ज पर गुरुग्राम में भी बनेगी जंगल सफारी, ष्टस्सैनी ने बताई सरकार की योजना



**गुरुग्राम , एजेंसी।** गुजरात के जामनगर स्थित विश्व प्रसिद्ध वनतारा जंगल सफारी और पुनर्वास केंद्र की तर्ज पर गुरुग्राम में प्रस्तावित एशिया की सबसे बड़ी जंगल सफारी बनाने की योजना है। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और प्रदेश के वन मंत्री राव नरबीर सिंह ने दो दिन पहले वनतारा का दौरा किया। वहां की तकनीकों, संसाधनों और प्रबंधन प्रणालियों के बारे में जानकारी हासिल की। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बताया कि गुरुग्राम में प्रस्तावित जंगल सफारी को एशिया की सबसे बड़ी जंगल सफारी बनाने की योजना है। वनतारा जंगल सफारी का दौरा करने के बाद केंद्रीय मंत्री खट्टर ने अंबानी परिवार द्वारा विकसित इस केंद्र को एक मिसाल बताया। उन्होंने कहा कि हम गुरुग्राम में भी ऐसा ही कुछ बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली के निकट होने के कारण गुरुग्राम में इस तरह की सफारी न केवल पर्यटकों को आकर्षित करेगी, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण और वन्यजीवों के प्रति जागरूकता बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि दौरे का मुख्य उद्देश्य यह समझना था कि गुरुग्राम में जंगल सफारी स्थापित करने के लिए किन-किन संसाधनों, तकनीकों और प्रबंधन प्रणालियों की आवश्यकता होगी।

# मानसी और नंदिनी बन करते थे प्यार की बातें, शादी के नाम पर ठगने वाले 2 लोग दबोचे

**ग्रेटर नोएडा , एजेंसी।**
ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर कोतवाली पुलिस ने सोशल मीडिया पर लड़की बनकर दोस्ती और शादी का झांसा देकर ठगी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने एक युवक को अपने प्रेम जाल में फंसाकर उससे साढ़े चार लाख रुपये की ठगी की थी।

डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि सूरजपुर कस्बे में एक मेडिकल स्टोर पर काम करने वाले एक युवक ने पुलिस से शिकायत की थी। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि एक युवक ने लड़की बनकर फेसबुक, इंस्टाग्राम, वॉट्सऐप के माध्यम व भिन्न-भिन्न मोबाइल नंबरों से संपर्क करते हुए खुद को अविवाहित लड़की बताकर विवाह का प्रस्ताव दिया। पीड़ित को विश्वास में लेकर मेडिकल इमरजेंसी, पारिवारिक संकट, शादी की तैयारी आदि बहाने बनाकर करीब 4,50,000 रुपये की ठगी कर ली गई। इसके बाद दो युवक उससे मिलने आए और गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देते करीब बीस हजार रुपये लेकर भाग गए। पीड़ित की शिकायत



पर पुलिस ने तुरंत मुकदमा दर्ज किया और मोबाइल की कॉल डिटेल और सर्विलांस की मदद से आरोपियों की तलाश शुरू की। पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान अमित उर्फ आरव निवासी केशवपुरम, दिल्ली और मोहम्मद रिजवान निवासी पीतमपुरा दिल्ली के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से घटना में प्रयुक्त दो मोबाइल और एक बाइक बरामद की है। पुलिस को पीड़ित ने बताया था कि वह एक मेडिकल स्टोर पर नौकरी करता है। आरोपियों ने उसकी कई साल की कमाई हड़प ली। वह धीरे-धीरे कर अपनी शादी के लिए पैसे जोड़ रहा था। उसने सैलरी के पैसे इकट्ठे किए थे। आरोपियों ने एक झटके में उसका सारा पैसा हड़प कर लिया। घटना के बाद से पीड़ित काफी परेशान हैं।

पकड़े गए आरोपी अमित और रिजवान पीड़ित से मानसी और नंदिनी बनकर बात करते थे। मानसी, संजू व नंदनी के नाम से इंस्टाग्राम पर फर्जी आईडी बना रखी थी। पुलिस के मुताबिक, अमित दिल्ली में फास्ट फूड की स्टाल लगाता है, जबकि रिजवान बीए की पढ़ाई कर रहा है। दोनों ने मिलकर युवक को जाल में फंसा कर ठगी की थी। पुलिस के मुताबिक अमित व रिजवान ने इंस्टाग्राम पर पीड़ित से दोस्ती कर शादी का झांसा दिया था। इसके बाद पीड़ित से ऑनलाइन पैसा मांगना शुरू कर दिया। जब पीड़ित द्वारा शादी करने की जिद की गई तो आरोपियों द्वारा कथित लड़कियों के भाई बनकर गंदी बात करने को लेकर जेल भिजवाने की धमकी दी गई। पीड़ित से मिलकर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देते हुए 20 हजार रुपये लिए गए थे। ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वह सोशल मीडिया पर अजनबी व्यक्तियों से दोस्ती करते समय अत्यधिक सतर्कता बरतें।

# कांग्रेस सांसद शशि थरूर को हिंदू होने पर है गर्व, वीडियो शेयर कर समझाया

**तिररूवंतपुरम एजेंसी।**
कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वे हिंदू धर्म के बारे में बात करते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में उन्होंने कहा कि उन्हें हिंदू होने पर गर्व है। उन्होंने हिंदू धर्म को 33 करोड़ दिव्य रूपों की आस्था और स्वीकृति में निहित धर्म बताया है।

वीडियो में, थरूर ने हिंदू धर्म को एक ऐसी आस्था बताया है जो बेहद व्यक्तिगत है और कठोर संरचनाओं से मुक्त है। शशि थरूर ने वीडियो में कहा, मैं एक हिंदू हूं और यह मूल रूप से मेरे और मेरे निर्माता की मेरी अवधारणा के बीच है। ऐसे 33 करोड़ तरीके हैं जिनसे आप ईश्वर का नाम ले सकते हैं और उनकी कल्पना कर सकते हैं। अपने हिसाब से चुनें, जो आपको पसंद हो, आधा दर्जन या एक दर्जन चुनें...हमारे पास कोई हिंदू पोप नहीं है, कोई रविवार नहीं है, और आप सचमुच सप्ताह के किसी भी दिन अपने देवता उनके लिए उपवास कर सकते हैं या उनके लिए प्रार्थना कर सकते हैं या जो भी आप चाहें कर सकते हैं।

वीडियो को सबसे पहले एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर यूजर सिमरन भाटिया ने पोस्ट किया। वीडियो शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, हिंदू धर्म को पूरी तरह से समझने वाले व्यक्ति शशि थरूर। यह सच है कि हिंदू धर्म कठोर नहीं है, ईश्वर से जुड़ने के अनंत तरीके हैं और यह भी उतना ही सच है कि हिंदू धर्म सभी को आत्मसात करता है और इसमें अतिवाद और कट्टरता के लिए कोई जगह नहीं है, ठीक कहा सर।

वीडियो में, कांग्रेस नेता ने जोर देकर कहा कि उन्हें स्वामी विवेकानंद की तरह हिंदू होने पर गर्व है, उन्होंने कहा कि यह किसी हिंदुत्व कट्टरपंथी का गर्व नहीं है। उन्होंने आगे कहा, आप यह भी तय कर सकते हैं कि आपको निर्गुण ब्रह्म का विचार पसंद है। ईश्वर बिना रूप, बिना गुण, बिना आकार के हैं। इसलिए हिंदू धर्म द्वारा आपको दिए जाने वाले ये सभी विकल्प, मेरे विचार से, बिल्कुल अद्भुत हैं। इस अर्थ में, मुझे हिंदू होने पर बहुत गर्व है, और मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है।

## बादलों की दस्तक से डगमगाया राजस्थान, जयपुर में जलजमाव तो श्रीगंगानगर में हादसा

**जयपुर एजेंसी।** राजस्थान में मानसून ने एक बार फिर रफ्तार पकड़ ली है। सोमवार सुबह से राजधानी जयपुर में रुक-रुक कर बारिश का दौर जारी है। बारिश के चलते शहर की कई सड़कों पर पानी भर गया, जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित हुई। मौसम विभाग ने प्रदेश के 2 जिलों में ऑरेंज और 22 जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है। बारिश का यह सिलसिला आने वाले दिनों में और तेज हो सकता है। रविवार को प्रदेश में बारिश की रफ्तार कुछ धीमी जरूर हुई, लेकिन राहत की उम्मीद कम ही नजर आ रही है। जयपुर, भरतपुर, कोटा, उदयपुर, अजमेर और जोधपुर संभाग में रविवार को हल्की धूप खिली, जिससे तापमान में 2 से 5 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी दर्ज की गई। वहीं, बीकानेर संभाग के कुछ हिस्सों में बूंदाबांदी का दौर जारी रहा। माउंट आबू में रविवार सुबह 5 से 7 बजे के बीच हल्की बारिश हुई, जिससे ठंडक का अहसास हुआ। वहीं, श्रीगंगानगर जिले के श्रीविजयनगर में शनिवार रात बड़ा हादसा हो गया। रात करीब 11:30 बजे तेज बारिश के बीच दो मकानों की छत गिर गई, जिसमें 5 साल के मासूम बच्चे की मौत हो गई और 5 लोग घायल हो गए। बूंदी जिले के नमाना क्षेत्र में भी बारिश ने खतरा बढ़ा दिया। श्यामू पुलिया पर करीब दो फीट तक पानी भर गया, जिससे एक कार उसमें फंस गई और घोड़ा पछाड़ नदी में बह गई। गनीमत रही कि कार में सवार पिता-पुत्र समय रहते बाहर निकल आए। बाद में क्रेन की मदद से कार को बाहर निकाला गया। मौसम विभाग के अनुसार, बारिश का अगला दौर और अधिक असरदार हो सकता है। पश्चिम बंगाल के ऊपर बना एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन अब उत्तर-पश्चिम भारत की ओर बढ़ रहा है। इसके प्रभाव से 8 और 9 जुलाई से जयपुर, भरतपुर और कोटा संभाग में फिर से तेज बारिश शुरू हो सकती है।

# पाकिस्तानी जासूस ज्योति पर बड़ा खुलासा, किसके बुलाने पर गई केरल; उठ रहे सवाल

**चंडीगढ़ एजेंसी।** हरियाणा की ज्योति मल्होत्रा को लेकर नया खुलासा हुआ है। पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में बंद ज्योति केरल सरकार के बुलावे पर वहां गई थी। यह बात सामने आई है एक आरटीआई में। इसके मुताबिक ज्योति मल्होत्रा केरल टूरिज्म डिपार्टमेंट के ऑफिशियल डिजिटल कैंपेन का हिस्सा थी। अपने यूट्यूब चैनल ट्रैवल विद जो के लिए जानी जाने वाली ज्योति को केरल सरकार ने चुना था। केरल सरकार ने सोशल मीडिया इंफ्लुएंशर्स के बीच से उसको चुना था। ज्योति का काम केरल को ग्लोबल ट्रैवल डेस्टिनेशन के रूप में प्रमोट करना था।

ज्योति के साथ केरल सरकार ने कोलैबोरेशन किया था। इस तरह सरकार उसके ट्रैवेल, ठहरने समेत विभिन्न खर्च उठाती थी। साल 2024 से 2025 के बीच ज्योति केरल की विभिन्न जगहों पर गई। इसमें कन्नूर, कोझिकोड, कोच्चि, अलापुझा और मुन्नार शामिल हैं। ज्योति ने जो कंटेंट बनाए, उसे बड़ी संख्या में लोगों ने देखा। लेकिन पाकिस्तान से जासूसी के आरोपों ने ज्योति मल्होत्रा की केरल यात्रा पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

ज्योति के ऊपर आरोप हैं कि उसने



पाकिस्तान की कई बार यात्रा की थी। इसके अलावा पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों से संपर्क रखने के आरोप भी उसके ऊपर हैं।

भारत में पाकिस्तानी उच्चायोग के अधिकारियों से उसके संबंधों पर भी सवाल हैं। बताया जाता है कि ज्योति से जुड़ा यह खुलासा होने के बाद पाकिस्तानी अधिकारी को निकाल दिया गया है। ज्योति मल्होत्रा की गिरफ्तारी के बाद देशभर में छापेमारी हुई है। इसमें कुल 12 संदिग्ध पकड़े गए हैं। यह संदिग्ध पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश से संबंध रखने वाले हैं। बताया जाता है कि यह सभी डिजिटल प्लेटफॉर्म्स और इंफ्लुएंसर नेटवर्क का इस्तेमाल खुफिया सूचना जुटाने में करते थे।

# बिलावल पर भड़का आतंकी हाफिज सईद का बेटा

**इस्लामाबाद, एजेंसी।**
हाफिज सईद के बेटे तलहा सईद ने पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो पर पाकिस्तान को ग्लोबल लेवल पर बेइज्जत करने का आरोप लगाया। दरअसल, बिलावल ने दो दिन पहले कहा था कि पाकिस्तान हाफिज सईद और मसूद अजहर को भारत को सौंपने के लिए तैयार है, बशर्ते भारत इस प्रोसेस में सहयोग करे। तलहा ने कहा कि बिलावल का यह बयान पाकिस्तान की पॉलिसी, राष्ट्रीय हित और संप्रभुता के खिलाफ है। उन्होंने कहा- क्या कोई नेता अपने नागरिकों को दुश्मन देश को सौंपने की बात कर सकता है? तलहा जो खुद एक ग्लोबल आतंकी है उसने अपने पिता का बचाव करते हुए कहा- हाफिज सईद का कोई भी काम पाकिस्तान के खिलाफ नहीं है। बिलावल का बयान पाकिस्तान की इमेज को ग्लोबल लेवल पर बदनाम करने वाला है। पाकिस्तान



की नेशनल काउंटर टेररिज्म अथॉरिटी के मुताबिक, पाकिस्तान ने लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद दोनों को बैन कर रखा है। हाफिज सईद को लश्कर-ए-तैयबा का मुख्य चेहरा माना जाता है। वह 26/11 मुंबई हमले का मास्टरमाइंड है। हाफिज सईद 2019 से लाहौर की कोट लखपत जेल में टेरर फंडिंग के लिए 33 साल की सजा काट रहा है, जबकि ग्लोबल आतंकवादी मसूद अजहर पर भी प्रतिबंधित लगाया गया है।

हाफिज सईद और मसूद अजहर के ठिकाने के बारे में पूछे जाने पर बिलावल ने दावा किया था कि हाफिज सईद जेल में है, जबकि मसूद अजहर के बारे में कोई जानकारी नहीं है शायद वह अफगानिस्तान में है। अल जजीरा को दिए एक इंटरव्यू में बिलावल ने कहा- अगर भारत यह जानकारी दे कि अजहर पाकिस्तान में हैं, तो पाकिस्तान को उसे गिरफ्तार करने में खुशी होगी। मसूद अजहर भारत में 2001 के संसद हमले, 26/11 मुंबई हमले, 2016 के पठानकोट हमले और 2019 के पुलवामा हमले जैसे आतंकी हमलों में शामिल रहा है। संयुक्त राष्ट्र ने उसे 2019 में ग्लोबल टेररिस्ट घोषित किया था। बिलावल का यह बयान ऐसे समय पर आया है जब दो महीने पहले भारत ने ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के कई आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया था। इस हमले में मसूद अजहर के परिवार के 10 सदस्य और 4 सहयोगी मारे गए थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मसूद अजहर ने इसके बाद बयान जारी कर कहा था कि मैं भी मर जाता तो खुशनसीब होता।

## नाइजीरिया के बोर्नो राज्य के एक गांव में इस्लामी चरमपंथी बोको हरम का हमला, नौ लोगों की मौत



**अबुजा, एजेंसी।**
नाइजीरिया में इस्लामी चरमपंथी संगठन बोको हरम का आतंक बढ़ता ही जा रहा है। इसी क्रम में एक बार फिर उत्तर-पूर्वी बोर्नो राज्य में बोको हरम ने एक गांव पर जोरदार हमला किया। हमला इतना खतरनाक था कि इसमें नौ लोगों की मौत हो गई और चार से ज्यादा लोग घायल हो गए। यह जानकारी राज्य के गवर्नर बाबगाना जुलुम ने रविवार को दी। यह हमला मलम फातोरी नामक गांव में हुआ, जो चाड की सीमा के पास स्थित है और बोर्नो की राजधानी मैदुगुरी से करीब 270 किलोमीटर दूर है।

बता दें कि इस हमले के बाद गवर्नर की ओर से उनके प्रतिनिधि और स्थानीय निकाय मंत्री सुगुन माई मेले ने गांव का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने गांव वालों को चेतावनी दी कि अगर कोई भी व्यक्ति बोको हरम आतंकियों से मिलकर समुदाय के खिलाफ साजिश करता पाया गया, तो उन्हें उनका बुरा परिणाम भुगतना पड़ेगा। उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में ऐसे हमलों को रोकने के लिए सुरक्षा के उपाय किए जा रहे हैं। बीते कुछ महीनों में बोको हरम के हमले फिर से बढ़ गए हैं। आतंकियों ने कई बार सेना की चौकियों पर हमला किया है, सड़कों पर बम लगाए हैं और आम लोगों के गांवों को निशाना बनाया है। इससे 2009 के चरम बोको हरम आतंक के दौर की वापसी का डर फिर से बढ़ने लगा है, जबकि सेना लगातार अपनी कामयाबी के दावे कर रही है। पिछले महीने भी बोर्नो के कोंडुगा इलाके में एक महिला आत्मघाती हमलावर ने एक रेस्टोरेंट में विस्फोट कर कम से कम दस लोगों की जान ले ली थी और कई घायल हुए थे। गौरतलब है कि बोको हरम ने 2009 में हथियार उठाकर पश्चिमी शिक्षा का विरोध करना और कट्टर इस्लामी कानून लागू करना शुरू किया था। इस हिंसा में अब तक करीब 35,000 लोग मारे जा चुके हैं और 20 लाख से ज्यादा लोग बेघर हो चुके हैं। इस समय नाइजीरिया न सिर्फ उत्तर-पूर्व में आतंकवाद से जूझ रहा है, बल्कि उत्तर-मध्य और उत्तर-पश्चिम इलाकों में भी हिंसा और हमलों से देश में सुरक्षा संकट गहराता जा रहा है।

# पश्चिम एशिया में तनाव के बीच यमन में इस्राइल का हवाई हमला, हूती विद्रोहियों का पलटवार

**दुबई, एजेंसी।**
इस्राइल ने अब ईरान का साथ देने वाले हूती विद्रोहियों को निशाना बनाना शुरू कर दिया है। इस्राइली सेना ने सोमवार सुबह यमन में हवाई हमला किया। इस्राइली सेना ने यमन में हूती विद्रोहियों के ठिकानों, बंदरगाह और अन्य स्थानों पर मिसाइल दागी। जवाब में हूती विद्रोहियों ने भी इस्राइल पर मिसाइल हमला किया।

इस्राइल ने हमला हूतियों के लाल सागर में एक जहाज पर किए गए संदिग्ध हमले के बाद किया। हूतियों के हमले के बाद जहाज में आग लग गई और वह पानी में डूब गया। इस्राइली सेना ने कहा कि उसने हूतियों के कब्जे वाले होदेदा, रास ईसा और सालिफ बंदरगाहों पर हमला किया। सेना ने कहा कि इन बंदरगाहों का उपयोग हूती आतंकवादी ईरानी शासन से हथियारों को स्थानांतरित करने के लिए करते हैं। इन हथियारों का उपयोग बाद में इस्राइल और उसके सहयोगियों के खिलाफ आतंकी अभियान चलाने के लिए किया जाता है।

इस्राइली सेना ने कहा कि उसने गैलेक्सी लीडर नामक वाहन पर हमला किया, जिसे हूतियों ने नवंबर 2023 में जब्त कर लिया था। जब उन्होंने इस्राइल-हमास युद्ध को लेकर लाल सागर गलियारे में अपने हमले शुरू किए थे। हूतियों ने जहाज पर एक रडार प्रणाली स्थापित की है और इसका उपयोग वे अंतरराष्ट्रीय समुद्री क्षेत्र में जहाजों पर नजर रखने के लिए कर रहे हैं, ताकि आगे की आतंकवादी गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा सके। इस्राइल के रक्षा मंत्री इस्राइल काट्ज़ ने आगे भी हमले की धमकी दी। काट्ज ने कहा कि जो ईरान के लिए सच है, वही यमन के लिए भी सच है। जो कोई भी इस्राइल के खिलाफ हाथ उठाएगा, उसका हाथ काट दिया जाएगा। हूतियों को अपने कामों की भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। इसके बाद हूतियों ने इस्राइल पर मिसाइल हमला किया। इस्राइली सेना ने कहा कि उसने मिसाइल को रोकने की कोशिश की, लेकिन कोशिश सफल न हुई। हमले में किसी के घायल होने की खबर नहीं है। वहीं हूतियों ने इस्राइली हमलों की बात स्वीकार की, लेकिन नुकसान की जानकारी नहीं दी। हूतियों के सैन्य प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल याह्या सारी



ने दावा किया कि उनके वायु रक्षा बलों ने इस्राइलियों का बेहतर तरीके से सामना किया। यमन के हूती विद्रोही पिछले कई महीनों से इस क्षेत्र में वाणिज्यिक और सैन्य जहाजों को निशाना बना रहे हैं। उनका दावा है कि वे गाजा में इस्राइल के हमले के विरोध में ऐसा कर रहे हैं। एक जानकारी के मुताबिक, नवंबर 2023 से जनवरी 2025 तक हूतियों ने 100 से ज्यादा जहाजों पर मिसाइल और ड्रोन से हमले किए। इनमें से दो जहाज डूब गए और चार नाविकों की मौत हुई। इस कारण लाल सागर के व्यापार मार्ग पर असर पड़ा, जहां हर साल लगभग 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर का व्यापार होता है। बता दें कि, मार्च 2025 में अमेरिका ने हूती ठिकानों पर बड़ा हवाई हमला किया था, जिसके बाद हूतियों ने अपनी खुद के घोषित संघर्ष विराम को तोड़ दिया। हालांकि इसके बाद से उन्होंने सीधे किसी जहाज को नहीं निशाना बनाया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129